वर्ष 72 अंक 326 पृष्ठ 12
रीवा, रविवार 24 अगस्त, 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण Sunday

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

www.dainikjagranmpcg.com

## कर्नाटक में कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

# ईडी की रेड में 12 करोड़ कैश, 6 करोड़ रु. की ज्वैलरी बरामद

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक से कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को सिक्किम से गिरफ्तार किया। वीरेंद्र की गिरफ्तारी प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत हुई है। उन पर अवैध ऑनलाइन और ऑफलाइन सट्टेबाजी का आरोप है। ईडी ने शुक्रवार को वीरेंद्र के ठिकानों पर छापा मारा था।

इस दौरान एजेंसी को 12 करोड़ रुपए कैश और 6 करोड़ की गोल्ड ज्वैलरी मिली। एक करोड़ की फॉरेन करेंसी भी बरामद की है। चार गाड़ियां भी जब्त की गई हैं। वीरेंद्र कर्नाटक की चित्रदुर्ग सीट से विधायक हैं। विधायक की गोवा में कसीनो कारोबार में हिस्सेदारी है। वे करीब पांच कैसिनो के मालिक हैं, जिसमें फेमस पप्पीज कसीनो भी शामिल है।



ईडी की छापामार कार्रवाई के बाद जब्त नकदी गिनने के लिए मशीन बुलानी पड़ी। (इनसेट) कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र।

### आठ दिन पहले दूसरे विधायक के घर मिले थे 1.41 करोड़

कर्नाटक में पिछले 8 दिनों में अब तक दो कांग्रेस विधायक शिंकजे में आ चुके हैं। इससे पहले 14 अगस्त को ईडी ने कर्नाटक कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सैल के घर से 1.41 करोड़ रुपए जब्त किए थे। ईडी ने उनके और परिवार के बैंक लॉकरों से 6.75 किलो गोल्ड की ज्वेलरी और बिस्किट बरामद किए थे। ईडी ने बताया कि तलाशी में मिले कैश और सोने के अलावा 14.13 करोड़ जमा वाले बैंक अकाउंट भी फ्रीज किए गए हैं और कई अहम दस्तावेज, ई-मेल व रिकॉर्ड भी जब्त हुए हैं। सैल उत्तर कन्नड़ जिले की कारवार सीट से विधायक हैं। मामला साल 2010 में हुए अवैध लौह अयस्क के निर्यात से जुड़ा है। सैल पर आरोप है कि उन्होंने अन्य कंपनियों और बेलकेरी पोर्ट के अधिकारियों के साथ करीब 1.25 लाख मीट्रिक टन आयरन गैरकानूनी तरीके से बाहर भेजा था, जिसकी कुल कीमत 86.78 करोड़ बताई गई है।

### बैंक लोन फ्रॉड मामले में सीबीआई की कार्रवाई

# अनिल अंबानी के घर समेत अन्य ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। ईडी के बाद सीबीआई ने करोड़ों के बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी से जुड़े ठिकानों की तलाशी ली है। सीबीआई सुबह 7 बजे से घर पर छापेमारी कर रही थी। 7 से 8 अधिकारी सर्च ऑपरेशन में शामिल थे। अधिकारी कफ परेड सीविंड स्थित उनके आवास पर पहुंचे, वहां अंबानी और परिवार मौजूद रहा। इससे पहले अनिल से ईडी ने पूछताछ की थी। सीबीआई, यस बैंक और अनिल अंबानी की कंपनियों के बीच पैसों के आदान-प्रदान संबंधी दस्तावेज ढूंढ रही थी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने रिलायंस कम्युनिकेशंस के प्रमोटर्स के खिलाफ केस दर्ज किया है और बैंक धोखाधड़ी के संबंध में उसके कार्यालयों में तलाशी ली है। यह तलाशी एसबीआई के 3073 करोड़ रुपए के नुकसान से भी जुड़ा हुआ है।



### कटनी में मुख्यमंत्री बोले-तकनीकी कौशल के लिए नए इंस्टीट्यूट खोलेंगे

# माइनिंग कॉन्क्लेव में हुए 3 एमओयू 56,414 करोड़ रु. के निवेश प्रस्ताव

**कटनी, जेएनएन।** कटनी के अरिंदम होटल में शनिवार को मप्र माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 का शुभारंभ हुआ। इसमें इसमें देशभर के करीब 1500 निवेशकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, हमारा देश व्यापार के चक्कर में ही गुलाम हुआ था। राजनीति में भी व्यापार ही तो हो रहा है। प्रदेश में कुछ समय बाद एयर कार्गो भी बनने वाला है। कटनी से जबलपुर, सिंगरौली तक सोने की संभावनाएं देखी जा रही हैं। अभी इसके लिए दक्षिण अफ्रीका की तरफ देखते हैं। तिरुपति और शिरडी सांईबाबा के जैसे बड़े ट्रस्ट को बुलाकर धार्मिक मेलों का प्रबंधन सीखेंगे। मप्र के साथ जुड़कर आप बड़ा सपना देखिए, हम साथ देंगे। पिछले एक साल में 10 मेडिकल कॉलेज खोले हैं। पहले, 29 प्रकार की परमिशन लगती थीं। अब सिर्फ 10 प्रकार की परमिशन लीजिए और इंडस्ट्री खड़ी कीजिए। डॉ. यादव ने कहा, माइनिंग कॉन्क्लेव में 56 हजार 414 करोड़ के निवेश के लिए उद्योगपतियों की ओर से निवेश प्रस्ताव मिले हैं। सीएम ने कहा, सीमेंट, कोयला, आयरन में बहुत संभावनाएं हैं। तकनीकी कौशल के लिए नए इंस्टीट्यूट खोलने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा, पीपीपी मोड के तहत मेडिकल कॉलेज चलाने के इच्छुक और सक्षम लोग हैं। उन्हें हम अस्पताल मुहैया करा सकते हैं। सीएम ने निवेशकों से वन टू वन चर्चा की। कॉन्क्लेव में कोल इंडिया लि., अडाणी ग्रुप, एचसीएल समेत माइनिंग क्षेत्र के निवेशक शामिल हुए।




### ये प्रस्ताव मिले निवेश प्रस्ताव

| कंपनी | निवेश प्रस्ताव | राशि |
|---|---|---|
| सिंघल बिजनेस प्रालि | कोल गैसीफिकेशन, नवीकरणीय ऊर्जा | 15,000 |
| विनमिर रिसोर्सेस प्रालि | ग्रेफाइट बेनिफिसिएशन उद्योग | 850 |
| रामनिक पावर एंड अलॉयज | स्पांज आयरन प्लांट एवं फेरो-अलॉय | 1,850 |
| माइनवेयर एडवाइजर्स प्रालि | कोल ब्लॉक में खनन एवं उत्पादन | 450 |
| महाकौशल रिफ्रैक्ट्रीज | रिफ्रैक्ट्री उद्योग में 5 वर्ष में निवेश | 90 |
| सायना ग्रुप | लौह अयस्क, पैलेट प्लांट | 3,000 |
| | बॉक्साइट कैल्सिनेशन प्लांट | 950 |
| नीलाम (09 ब्लॉक) | मुख्य खनिज उत्पादन | 32,774 |
| नीलाम (02 ब्लॉक) | कोयला उत्पादन | 1,450 |
| | कुल प्रस्तावित निवेश ( करोड़ में) | 56,414 |

### इनके साथ हुए एमओयू

डॉ. यादव ने बताया कि राज्य शासन ने क्रिटिकल मिनरल की खोज, प्रसंस्करण और संवर्धन के लिए कोल इंडिया लि. के साथ एमओयू किया। खनन क्षेत्र में एआई, आईओटी, ब्लॉक चेन, रिमोट सेंसिंग के उपयोग के मद्देनजर धनबाद की टेक्समिन आईएसएम के साथ भी एमओयू किया है। खनिज अन्वेषण अनुसंधान के लिए राज्य शासन ने भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भोपाल के साथ भी एमओयू साइन किए गए हैं। कॉन्क्लेव में डॉ. यादव ने उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन मीटिंग भी की। डॉ. यादव ने कहा, 27 अगस्त को उज्जैन में स्प्रिरीचुअल कॉन्क्लेव होगी।

## भोपाल-जबलपुर ग्रीन फील्ड हाईवे बनेगा: गडकरी



**जबलपुर, जेएनएन।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को जबलपुर में मप्र के सबसे लंबे फ्लाईओवर ब्रिज का लोकार्पण किया। 7 किमी लंबे इस फ्लाईओवर का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखा गया है। गडकरी ने 15,000 करोड़ की लागत वाले 255 किमी लंबे भोपाल-जबलपुर नए ग्रीनफील्ड हाईवे की घोषणा भी की। उन्होंने 5500 करोड़ के टाइगर कॉरिडोर परियोजना का भी ऐलान किया। इसमें कान्हा, बांधवगढ़, पन्ना और पेंच को जोड़ा जाएगा। इससे जबलपुर से टाइगर रिजर्व तक 4-लेन की कनेक्टिविटी होगी।

### ट्रंप टैरिफ के खिलाफ भारत का बड़ा एक्शन

# कल से अमेरिका के लिए पोस्टल सर्विस अस्थाई रूप से निलंबित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के बाद भारत के डाक विभाग ने शनिवार को अमेरिका के लिए आने वाली सभी प्रकार की डाक वस्तुओं को अस्थायी रूप से निलंबित करने का फैसला किया। यह आदेश 25 अगस्त, 2025 से प्रभावी होगा। डाक विभाग नए सीमा शुल्क नियमों के कारण अमेरिका में अधिकांश अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाओं को अस्थायी रूप से अमेरिका में बंद कर दिया जाएगा। ऐसा अमेरिकी सीमा शुल्क नियमों में बदलावों का हवाला देते हुए किया गया है, जो इस महीने के अंत में लागू होंगे।




अमेरिकी प्रशासन द्वारा 30 जुलाई, 2025 को जारी कार्यकारी आदेश के तहत 100 डॉलर से अधिक मूल्य के सामान 29 अगस्त से अमेरिका में सीमा शुल्क के अधीन होंगे। इससे इंडियन पोस्ट ने अमेरिका के लिए सभी डाक सेवाओं पर अस्थाई रूप से रोक लगा दी है।

### इतने डॉलर तक के पोस्टल रहेंगे टैक्स फ्री

अमेरिका के लिए नियत सभी अंतर्राष्ट्रीय डाक मदें, चाहे उनका मूल्य कुछ भी हो, देश-आईईईपीए टैरिफ ढांचे के अनुसार सीमा शुल्क के अध्यधीन होंगी। हालांकि, 100 अमेरिकी डॉलर तक के डाक पोस्टल आइटम शुल्क से मुक्त रहेंगे। संचार मंत्रालय ने बयान में कहा है कि 25 अगस्त से सिर्फ पत्र, दस्तावेज और 100 डॉलर तक के उपहार पार्सल को अगली सूचना तक अमेरिका में डिलीवरी के लिए स्वीकार किया जाएगा।

# मंदिर में नाबालिग से गैंगरेप, वीडियो बनाया

### स्कूल ड्रेस खरीदने दतिया आई थी छात्रा

**जागरण, दतिया।** स्कूल यूनिफार्म खरीदने आयी ११वीं में पढ़ने वाली नाबालिग से रिश्तेदार दोस्त के साथ ५ युवकों ने जंगल में बने मंदिर में गैंगरेप किया। साथ ही दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते युवक भाग गए। इस दौरान ग्रामीणों ने एक आरोपी को पकड़ लिया। विरोध में थाने का घेराव किया। पुलिस के मुताबिक, गुलमऊ गांव निवासी 16 साल की नाबालिग ड्रेस खरीदने दतिया आई थी। नाबालिग को मौसी की ननद के बेटे ने फोन कर मिलने बुलाया था। रिश्तेदार युवक अन्य दोस्त के साथ आया और तीनों स्कूटी से जंगल में बने उडनू टोरिया मंदिर में पहुंचे। वहां तीन युवक पहले से मौजूद थे। ये तीनों भी नाबालिग के रिश्तेदार दोस्त थे। जंगल में पांचों ने बारी-बारी से रेप किया। आरोपियों ने धमकाते हुए वीडियो भी बना लिया। घटना के बाद पीड़ित छात्रा पिता, मां और मौसी के साथ सिविल लाइन थाना पहुंची। पुलिस ने गंभीर धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट में केस दर्ज किया है।




# बिजनेस पार्टनर की हत्या

### इंदौर के कनाड़िया क्षेत्र में वारदात, आरोपी फरार

**जागरण, इंदौर।** कनाड़िया क्षेत्र में शनिवार को एक उद्योगपति की हत्या का मामला सामने आया है। कनाड़िया क्षेत्र की मिलन हाइड्स के फ्लैट नंबर 806 में उद्योगपति चिराग जैन बेटे और पत्नी के साथ रहते थे। उनकी सांवेर रोड क्षेत्र में पाइप फैक्ट्री है, जिसमें विवेक जैन साझेदार है। बिजनेस को लेकर दोनों में विवाद चल रहा था। शनिवार को चिराग ने विवेक को बातचीत के लिए घर बुलाया, लेकिन दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। इसके बाद विवेक ने चिराग को चाकू मार दिया। हत्या के बाद विवेक फरार हो गया। पत्नी जिम से घर पहुंची तो चिराग की खून से सनी लाश कमरे में पड़ी थी। सूचना पर पुलिस ने शव को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस विवेक की तलाश में जुटी है। सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले हैं। चिराग नहीं चाहते थे कि विवेक उससे फैक्ट्री में साझेदारी करे।

# कर्नाटक धर्मस्थल केस शिकायतकर्ता गिरफ्तार

**मंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक के धर्मस्थल में कई शवों को दफनाने के केस में नया मोड़ आया है। राज्य सरकार की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने मामले के शिकायतकर्ता को ही गिरफ्तार किया है। उस पर झूठा बयान देने और गलत सबूत पेश करने का आरोप है। एसआईटी ने गिरफ्तार किए शिकायतकर्ता चिन्नैया को मेडिकल के बाद बेल्थांगडी कोर्ट में पेश किया था। गिरफ्तार शिकायतकर्ता मंदिर का पूर्व सफाई कर्मचारी था। इसी ने दो दशकों तक धर्मस्थल में कई हत्याओं, बलात्कार और शव दफनाने का आरोप लगाया था। उसकी पहचान सी एन चिन्नैया के रूप में हुई है। एसटीएफ चीफ प्रणब मोहंती ने बताया कि उसके बयान और दस्तावेज में फर्क निकला।

# चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू भारत के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है। देश के मौजूदा 30 मुख्यमंत्रियों के पास कुल 1632 करोड़ रुपए की संपत्ति है। इसका करीब 57 फीसदी हिस्सा अकेले चंद्रबाबू के पास है। उनके पास 810 करोड़ चल संपत्ति (कैश डिपॉजिट, जेवर आदि), 121 करोड़ की अचल संपत्ति (मकान, जमीन आदि) है। चंद्रबाबू पर 10 करोड़ कर्ज भी है। वहीं, प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास सबसे कम संपत्ति है। उनके पास सिर्फ 15.38 लाख रुपए की चल संपत्ति है। एडीआर की रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है।

**टॉप-5: अमीर सीएम**

**931.8 करोड़**
चंद्रबाबू नायडू, आंध्रप्रदेश
**332.5 करोड़**
पेमा खांडू, अरुणाचल
**51.93 करोड़**
सिद्धारमैया, कर्नाटक
**46.95 करोड़**
नेफ्यू रियो, नागालैंड
**42.04 करोड़**
डॉ. मोहन यादव, मप्र



**40 फीसदी मुख्यमंत्रियों पर क्रिमिनल केस:** देश के 30 मुख्यमंत्रियों में से 12 यानी 40 फीसदी मुख्यमंत्रियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से 10 यानी 33 फीसदी पर हत्या की कोशिश, किडनैपिंग और रिश्वतखोरी जैसे गंभीर केस हैं।



# आउटसोर्स कर्मियों सहित विशिष्ट कार्य निष्पादन के लिए 28 कार्मिक पुरस्कृत



**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी में विशिष्ट कार्य निष्पादन करने वाले चार आउटसोर्स कर्मी सहित 28 कार्मिकों को जबलपुर मुख्यालय स्थित कल्याण भवन में आयोजित समारोह में प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने सम्मानित कर उन्हें पुरस्कृत किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर घोषित इन पुरस्कारों का वितरण आज किया गया। पुरस्कृत कार्मिकों को सिल्वर मेडल प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि प्रदान की गई।

**ये हुये पुरस्कृत :** नवाचार श्रेणी में विकास कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य श्रेणी में एम वाय मंसूरी कुशमिला मासोदकर अदिती धुर्वे नीलेश बास्त्री प्रदीप कुमार गणेशे अजीत कुमार नापित थानेश्वर विश्वकर्मा अनिल अग्रवाल मुकेश जैन शशि शेखर अनिल कुमार द्विवेदी अंजू नीखरे चन्द्रिका प्रसाद चौधरी गप्पू सिंह प्रफुल्ल घाटोड सब्बू पारगी राहुल कुमार पटले और आनंद शुक्ला को पुरस्कृत किया गया। खेल श्रेणी में श्रीमती सुरभि अग्निहोत्री को उनकी कार्यालयीन कार्यों के साथ अन्य खेल उपलब्धियों पर सम्मानित किया गया। पारिवारिक सदस्य श्रेणी में कार्यपालन अभियंता नितिन सोनी की पुत्री नैश्रृति सोनी कार्यपालन अभियंता श्रीमती अर्चना तिवारी एवं हितेश तिवारी के पुत्र मास्टर अध्रित कुमार तिवारी को कम उम्र में प्रतिभा दिखाने तथा सहायक अभियंता राजेन्द्र सिंह की पत्नी श्रीमती हेमावती सिंह को राष्ट्रीय स्तर की खेल उपलब्धियों पर सम्मानित किया गया। बाह्य एजेंसी श्रेणी में सचिन डावर को स्मार्ट कर्मी के रूप में जबकि आउटसोर्स कर्मियों में अनिल बड़ोले पाथो चक्रवर्ती विशाल कुमार करण और सुनील चौधरी को विशिष्ट कार्य निष्पादन के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने सभी पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें सम्मानित कर एमपी ट्रांसको गौरवान्वित है।

# ग्रैंड पेरेंट्स डे का हुआ आयोजन



**जागरण, सतना।** भारत इंटरनेशनल स्कूल रामपुर बघेलान में अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर बड़े हर्ष और उत्साह के साथ ष्ग्रैंड पेरेंट्स डेष् का आयोजन किया गया।जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रविनन्दन सोनी हर्नन्दन सोनी श्रीमती मीना सोनी एवं श्रीमती नीता सोनी उपस्थित रहे।जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत नन्हें.मुन्ने बच्चों द्वारा अपने दादा.दादी और नाना.नानी के सम्मान में प्रस्तुत किए गए मधुर गीतों से हुई। बच्चों को इस प्रस्तुति के लिए संगीत शिक्षक ज्यान्द्र शुक्ल ने तैयार किया था।वहीं बच्चों और उनके दादा.दादी. नाना.नानी ने मिलकर कई मनोरंजक खेलों में हिस्सा लियाए जिनमें म्यूजिकल चेयर हुला हूप असेंबलिंग आदि प्रमुख रहे। इन खेलों में विजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन सुश्री स्नेहिल सिंह बघेल एवं शिवानंद शुक्ल ने प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर प्री.प्राइमरी एवं नर्सरी वर्ग की शिक्षिकाओं में सुश्री जागृति विश्वकर्मा सुश्री शिखा सिंह नर्सरी सुश्री स्वाति गुरुदेव एवं सुश्री स्नेहिल सिंह बघेल एलकेजी सुश्री प्रकृति मिश्रा एवं सुश्री कंचन सिंह यूकेजी ने अपने योगदान से कार्यक्रम को सफल बनाया। विद्यालय प्रबंधन चेयरमैन सुनील सोनी डायरेक्टर श्रीमती पद्मा सोनी एवं अभिषेक सोनी तथा प्राचार्या श्रीमती अंकुर कुलकर्णी ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और बच्चों व अभिभावकों का उत्साहवर्धन किया।

# 2 प्रकरणों में 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जागरण, सतना।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत 2 व्यक्तियों की मृत्यु प्राकृतिक आपदा में होने से उनके परिजनों को 4-4 लाख प्रत्येक के मान से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मझगवां महिपाल सिंह गुर्जर द्वारा 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। उपखण्ड मजिस्ट्रेट मझगवां से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील मझगवां अंतर्गत बलिराम सिंह के परिजन की मृत्यु सर्पदंश तथा राजेन्द्र सिंह के परिजन की मृत्यु पानी में डूबने से होने पर 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# पश्चिम की प्रतिस्पर्धा से बौद्धिक संपदा की रक्षा करना लक्ष्य होना चाहिए : प्रो अग्रवाल



**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के ऊर्जा और पर्यावरण विभाग तथा मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बौद्धिक संपदा अधिकार कार्यशाला के दूसरे दिन आर के डी एफ यूनिवर्सिटी भोपाल के कुलगुरु प्रो विजय अग्रवाल ने कहा कि भारतीय वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपनी बौद्धिक संपत्ति के प्रति उदासीन रहे हैं। इस कारण पश्चिमी देशों ने हमारी प्राचीन संपदा को पेटेंट कराने की दिशा में छल पूर्वक प्रयास किया। हमे इस दिशा में जागरूक रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा के पेटेंट के मामले में हम दुनिया में 7 वें पायदान पर हैं। भौतिकीय विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डा वन्दना पाठक ने बौद्धिक संपदा अधिकार एवं आधुनिक समाज में में उसकी प्रासंगिकता पर बोलते हुए कहा कि आजकल सभी लोग एआई पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। एआई का सीमित उपयोग बौद्धिक क्षमता के विकास में सहायक होगा। हम सभी कार्य एआई के माध्यम से करना चाहते हैं जबकि बौद्धिक क्षमता के विकास के लिए अपने मन मस्तिष्क का प्रयोग अधिकाधिक करना होगा। जंतु विज्ञान विभाग के प्राध्यापक प्रो रमेश चंद्र त्रिपाठी ने जीआई टैगिंग एवं भारतीय उत्पादों के बारे में वार्ता प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि चित्रकूट के उत्तर प्रदेश वाले हिस्से में जी आई टैग से संबंधित कई पेटेंट है जबकि मध्यप्रदेश क्षेत्र में एक भी नहीं। इस दिशा में हमें प्रयास करके आगे आना होगा। इतिहास विषय के शोध छात्रइस मौके पर शोधकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत दीपक राव ने बौद्धिक अधिकार संपदा एक ऐतिहासिक दृष्टिकोण पर अपना लेख प्रस्तुत किया । वनस्पति विज्ञान की शोध छात्रा प्रियदर्शिका रानी ने आईपीआर एवं वनस्पति विज्ञान पर विस्तृत लेख प्रस्तुत किया।

# स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत नगर निगम सतना की पहल

## इको फेंडली गणेश कार्यशालाओं से लेकर प्लास्टिक बैन अभियान तक आयोजित हुए कार्यक्रम



**जागरण, सतना।** स्वच्छता सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर पालिक निगम सतना की आईईसी टीम द्वारा 22 अगस्त को वार्ड क्रमांक 4, 5, 6, 9, 10 एवं 25 में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों की शुरुआत इको-फ्रेंडली गणेश कार्यशालाओं से हुईए जिनमें द लवडेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेंटर पॉइंट स्कूल और प्रियदर्शिनी स्कूल के विद्यार्थियों ने मिट्टी से गणेश की सुंदर मूर्तियाँ बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वार्ड 9 सिद्धार्थ नगर में नागरिकों ने प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान, स्वच्छता शपथ और होम कम्पोस्टिंग डेमो में भाग लेकर घरेलू कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन के तरीके सीखे। वार्ड 10 बर्दाडीह में इको.फ्रेंडली गणेश उत्सव पर जागरूकता कार्यक्रम, नाली सफाई अभियान और चार.बिन प्रणाली की जानकारी दी गई। वहीं वार्ड 25 स्टेशन रोड पर जीवीपी स्पॉट पर विशेष अभियान चलाकर नागरिकों को गंदगी के हॉटस्पॉट्स को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। पूरे दिन चले इन आयोजनों में बच्चों से लेकर नागरिकों तक ने बढ़.चढ़कर भाग लिया और स्वच्छ सतना लक्ष्य अपना के संकल्प को मजबूत किया।

# आईसीएआई द्वारा सरस्वती विद्यालय में किया गया करियर गाइडेंस



**जागरण, सतना।** सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया के द्वारा करियर गाइडेंस कार्यशाला आयोजित की गई । यह कार्यशाला मुख्य रूप से सीए ऋतु नायक एवं उनके सहयोगी सीए प्रशांत नायक व रमेश गुप्ता के सहयोग से संपन्न हुई । सरस्वती शिशु मंदिर की पूर्व छात्रा सीए ऋत द्वारा उच्चतर कक्षाओं के भैया बहनों को चार्टर्ड एकाउंटेंट बनने की प्रक्रिया क्रमशः सीए फाउंडेशन में रजिस्ट्रेशन व उत्तीर्ण करने के बाद इंटरमीडिएट कोर्स में एनरोलमेंट करने आर्टिकलशिप समाप्त करने के बाद फाइनल सीए परीक्षा में एनरोलमेंट व परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात आइसीएआई से सीए की डिग्री के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई । इस अवसर पर नागौद विद्यालय के पूर्व छात्र एवं समिति अध्यक्ष चंदन अग्रवाल रामपुर विद्यालय व्यवस्थापक पंकज सोनी प्राचार्य आचार्य परिवार और भैया बहन उपस्थित रहे ।

# पंचायत उन्नति सूचकांक पर हुई कार्यशाला

## अमरपाटन जनपद में हुआ आयोजन



**जागरण, सतना।** शनिवार को जनपद पंचायत अमरपाटन में पंचायत उन्नति सूचकांक 2.0 का प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन जनपद सीईओ वेदमणि मिश्रा के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान जनपद पंचायत अमरपाटन के सभी ग्राम पंचायतों के सचिव जी आर एस और लाइन डिपार्टमेंट के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों के सतत विकास लक्ष्यों का स्थानीयकरण के 9 थीम आधारित दृष्टिकोण पर विस्तृत चर्चा किया गया। एवं डेटा कलेक्शन फॉर्मेट क्या हैं कहां से प्राप्त होगा और उपयोग क्या है के बारे में विस्तृत समझाया गया। जय प्रकाश सूर्यवंशी राज्य सलाहकार राष्ट्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान अभिषेक नागवंशी संकाय सदस्य महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान जबलपुर में डेटा एंट्री के लिए आवश्यक 151 प्रश्नोत्तरी का प्रोजेक्टर पर प्रदर्शन एवं उसके उपयोग पर विस्तृत चर्चा कर पोर्टल में शीघ्र अति शीघ्र डेटा एंट्री करने के लिए बताया गया। ब्लाक समन्वयक आर जी एस ए निधि साकेत द्वारा सभी प्रतिभागियों के टीएमपी पोर्टल में पंजीयन कराकर प्रमाण पत्र डाउनलोड करवाने का कार्य किया गया। समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी लाइन डिपार्टमेंट के कर्मचारी एवं राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान विभाग के समस्त पीसीओ एडीओ कंप्यूटर ऑपरेटर एवं सभी ग्राम पंचायतों के सचिव जीआरएस उपस्थित रहे। बीपीओ उमेश गौतम द्वारा कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया एवं आगे अच्छा कार्य करने हेतु पंचायत उन्नत सूचकांक 2 में आवश्यक डेटा एंट्री करने और पंचायतों को ए एवं ए प्लस कैटिगरी में लाने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला एवं टीएमपी पोर्टल में समस्त प्रतिभागियों की एंट्री के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

# नवागत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अधिवक्ता संघ ने किया स्वागत



**जागरण, सतना।** जिला अधिवक्ता संघ सतना के सचिव शैलेश पाण्डेय ने बताया कि दोपहर सवा 2 बजे जिला अधिवक्ता संघ सतना के अध्यक्ष बद्री विशाल पाठकए उपाध्यक्ष शरद मिश्रा सचिव शैलेश पाण्डेय सह सचिव आदित्य मिश्रा कोषाध्यक्ष प्रकाश नारायण मिश्रा ग्रंथपाल यशवर्धन द्विवेदी कार्यकारिणी सदस्य केपी त्रिपाठी आशीष शर्मा अनिल शुक्ला विनय गर्ग आशुतोष निरंजन पाण्डेय कार्यालय सचिव श्रवण पाठक ने नए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती गीता सोलंकी मैडम को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गयाए इस अवसर पर अध्यक्ष बद्री विशाल पाठक ने सतना जिले की भौगोलिक स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मैहर में जगत जननी मां शारदा देवी का मंदिर चित्रकूट में भगवान् कामता नाथ स्वामी और रामबन में हनुमान जी का मंदिर दर्शनीय स्थल हैं। अध्यक्ष श्री पाठक ने नवागत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से नवीन न्यायालय भवन के संबंध में भी चर्चा की। स्वागत करते समय संघ की कार्यकारणी के साथ अधिवक्ता रामलखन शुक्ला करुणेश अरोड़ा अखिलेश पाठक कामता शुक्ला विपिन वर्मा आलोक अग्निहोत्री राकेश पाठक, फिरोज अहमद मनीष पाठक, रजनीश सिंह सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेता कर रहे बहनों का अपमान : श्याम लाल



**जागरण, सतना।** भारतीय जनता पार्टी जिला मीडिया प्रभारी श्यामलाल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित लाड़ली बहना योजना ने प्रदेश की बहनों को आर्थिक मजबूती और सामाजिक सम्मान प्रदान किया है। इस योजना से महिलाएं आत्मनिर्भर और सशक्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा सरकार बहनों के हित में ऐतिहासिक कदम उठा रही है वहीं कांग्रेस नेता लगातार बहनों का अपमान कर रहे हैं। यह कांग्रेस की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

# छात्र-छात्राओं, माता पिता व गुरुजनों का सम्मान आज



**जागरण, सतना।** गोरेलाल प्रजापति संघ जिला अध्यक्ष पूर्व जनपद पंचायत सदस्य रामपुर बघेलान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रजापति कुम्हार संघ सतना ब्लाक रामपुर बघेलान के नेतृत्व में छात्र.छात्राओं सहित उनके माता.पिता गुरुजन वरिष्ठ गणमान्यजनों का सम्मान वर्ष का तीसरा सम्मान समारोह कार्यक्रम रामपुर बघेलान रघुकुल गार्डन हनुमान गंज से अहिर गांव रोड़ में 24 अगस्त समय सुबह 11 बजे से होगा इसके बाद उचेहरा नागौद मैहर रामनगर अमरपाटन की तैयारियां होगी नागरिकों से अपील है कि छात्र.छात्राओं को हर ऊंचाइयों तक पहुंचाने तथा उनके हौसले जज्बे बुलंद करने समय लगाकर कार्यक्रम में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं ।

# राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें



**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

# शहर में बनेगी एलिवेटड रोड, डीपीआर बनाने गड़करी ने दिए एनएच के अधिकारियों को निर्देश

## सतना सांसद की मांग पर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री की मंजूरी



**जागण, सतना।** सतना शहर में यातायात सुगमता और शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए 12 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को इस परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यह कदम सतना के सांसद गणेश सिंह की लंबे समय से चली आ रही मांग के बाद उठाया गया है जिन्होंने इस महत्वाकांक्षी परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए लगातार प्रयास किए हैं।

**सांसद गणेश सिंह की मांग पर हुई घोषणा :** सतना सांसद गणेश सिंह ने शुक्रवार सुबह नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और 12 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए शीघ्र मंजूरी देने और निर्माण के लिए टेंडर जारी करने का आग्रह किया। इस मुलाकात के दौरान सांसद ने सतना शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव और सड़क जाम की समस्या को रेखांकित करते हुए इस परियोजना की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। गडकरी ने सांसद की मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने और प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए।

# हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**सतना।** अंकुरण तरु पर्यावरण संरक्षण संस्था ने अंकुरण सौरभ त्रिपाठी के नेतृत्व में दयानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया संस्था का उद्देश्य मातृ भाषा हिंदी के लिए हमारी भावी पीढ़ी जागरूक हो और मातृ भाषा की संस्कृति,अदब,और उसकी मिठास के बारे में जानें क्योंकि आज के समय में इंग्लिश के प्रति झुकाव होने से कहीं ना कहीं हमारी भाषा पिछे होती जा रही है। प्रतियोगिता में विद्यालय के 50 बच्चों ने भाग लिया जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए संजना अदक को प्रथम दीपा रावत को द्वितीय एवं देव विश्वकर्मा को तृतीय घोषित किया गया । प्रतियोगिता में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंट किए गए । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतना शहर के वार्ड क्र 3 के युवा पार्षद अभिषेक तिवारी अंशु संस्था के संरक्षक हरिओम गुप्ता एवं रामौतार त्रिपाठी विद्यालय के प्राचार्य अरविंद सेन पुनीत शुक्ल सौरभ त्रिपाठी, शिवम तिवारी, श्रीमती रेणु सोनी, मीरा पांडेए विनीता लेखवानी, स्मृति शुक्ला, सुमित चौरसिया, विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं एवं स्टाफउपस्थित रहे ।

# एकेएस के कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ विष्णु ओमर ने दिया व्याख्यान



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय सतना के कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ विष्णु ओमर ने आईआईएमटी विश्वविद्यालयए मेरठ में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में कीट पालन कृषि में एक नया स्टार्टअप ट्रेंड विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया।यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल एमएसएमई तथा यूपी स्टार्टअप विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नवीन और सतत कृषि व्यवसायों की ओर प्रेरित करना तथा स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देना था।अपने व्याख्यान में डॉ ओमर ने कीट पालन को भविष्य की एक संभावनाशील तकनीक बताते हुए कहा कि कीट पालन न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से अनुकूल हैए बल्कि यह किसानों और युवा उद्यमियों के लिए एक सशक्त आय का साधन भी बन सकता है। इससे वैकल्पिक आय सृजन अपशिष्ट प्रबंधन तथा उद्यमिता विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा सकता है। डॉ ओमर ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि यूरोपीय और एशियाई देशों में कीट पालन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है और भारत में भी यह क्षेत्र स्टार्टअप के लिए बड़े अवसर प्रदान कर सकता है। उन्होंने बताया कि कीट पालन से न केवल वैकल्पिक आय सृजनए अपशिष्ट प्रबंधन तथा उद्यमिता विकास होगा परंतु पशु आहार के लिए प्रोटीन का सस्ता विकल्प मिल सकता है बल्कि जैविक खाद निर्माण और अपशिष्ट निस्तारण में भी इसका उपयोग किया जा सकता है।सत्र के दौरान विद्यार्थियों उद्यमियों और कृषि विशेषज्ञों ने विषय में गहरी रुचि दिखाई तथा भविष्य में इस क्षेत्र में कार्य करने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने डॉ ओमर का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि ऐसे नवाचारपूर्ण विचार भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा देंगे।

# भारत इंटरनेशनल में हुआ हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



**जागरण, सतना ।** भारत इंटरनेशनल स्कूल रामपुर बघेलान में हिन्दी वाद.विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 4 से 11 तक के तीन समूहों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने तर्कोंए विचारों तथा वक्तृत्व कला से सभी को प्रभावित किया।प्रतियोगिता का संचालन शिवानंद शुक्ल एवं सुश्री निकिता पाठक के मार्गदर्शन में किया गया। निर्णायक मंडल में रामपुर बघेलान के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉण् केशव त्रिपाठी तथा रीवा के सुप्रसिद्ध गीता प्रचारक जेण्एलण् त्रिपाठी सम्मिलित रहे।विद्यालय प्रबंधन की ओर से अध्यक्ष सुनील सोनी निदेशिका श्रीमती पदमा सोनी एवं अभिषेक सोनी तथा प्रधानाचार्या श्रीमती अंकुर कुलकर्णी की उपस्थिति ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता तीन समूहों में सम्पन्न हुई।आयोजित प्रतियोगिता में निर्णायकों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में तर्कशक्ति अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास विकसित करती हैं। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मनित किया गया।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी
रघुराजनगर (ग्रामीण) जिला सतना (म.प्र.)
क्र /1413/ अनु0अधि/ 2025 सतना दिनांक 13.08.25

दिलीप त्रिपाठी पिता श्री कुंजबिहारी त्रिपाठी उम्र 47 वर्ष पेशा कृषि निवासी पौराणिक टोला सतना तहसील रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. अभ्यावेदनकर्ता /आवेदक

बनाम

1. अनीश सिंह तनय स्वा श्री दिलीप सिंह निवासी बरदाडीह शुक्ला वार्ड न.10 तह.रघुराजनगर सतना
2.रामकृष्ण चौधरी पिता श्री जग्गू चौधरी उम्र 60 वर्ष निवासी रामपुर चौरासी गांधी ग्राम तह. रघुराजनगर सतना.. गैरअभ्यावेदनकर्ता/अनावेदक

प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसंबंधित जन को सूचित किया जाता है कि अभ्यावेदनकर्ता/आवेदक द्वारा अधीनस्थ न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त हाटी तहसील रघुराजनगर के रा.प्र.क्र. 0279/12/2024.25 आदेश दिनांक 06/12/2024 के विरुद्ध अभ्यावेदन प्रस्तुत किया गया है। अभ्यावेदन प्रकरण में अनावेदक/प्रत्यार्थीगण का 02 को उपस्थिति हुई है व अनावेदक/ प्रत्यार्थीगण क्र. 01 को विधिवत सूचना तामील नहीं है।

इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 16/09/2025 समय 12:00 बजे दोपहर स्वतः अथवा अभिभाशक के माध्यम से उपस्थित होकर पक्ष समर्थन करें। उपस्थित न होने व पक्ष समर्थन के अभाव में आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। बाद म्याद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 13/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर /पद मुद्रा से जारी गया।

अनुविभागीय अधिकारी
रघुराजनगर (ग्रामीण) जिला सतना म.प्र.

# जिले में हजारों खंडित मूर्तियों के मौजूद हैं अवशेष



जागरण जिले का इतिहास

## सिद्धभूमि अनेक धार्मिक मान्यताओं का रहा केन्द्र

### प्राचीनतम सभ्यता में छिपी हैं पुरानी संस्कृति

जागरण, सीधी



भारतीय विंध्य बसुंधरा की इस रम्य एवं सिद्धभूमि सिद्धि (सीधी) का इतिहास सदा से महान परम्पराओं के लिए रहा है। आदिकाल से लेकर आज तक सभ्यता की लड़ी यहां कभी खंडित नहीं होने पाई। यहां की पावन भूमि हमारी अनेक धार्मिक मान्यताओं तथा सांस्कृतिक उत्थानों को अपने में संनिहित किये हुए हैं। बौद्धाडांड, सेमरा, तुर्रा और चन्द्रेह के शिवमंदिर व उनकी भित्ति प्रतिमाएं तथा माड़ा की गुफाओं व मड़फेडांड मंदिर के प्राणवान शिल्प हमारी प्राचीनतम सभ्यता के प्रकाश स्तंभ हैं। सिद्धभूमि सीधी का अतीत हमारे देश का सांस्कृतिक वैभव है। अतः इस पर हमे गर्व होना चाहिए।

सभ्यता के विकास के क्षेत्र में विंध्यावटी के इस भू-भाग की देन गौरवपूर्ण रही है। यहां के विभिन्न अंचलों में सती पट्टी प्रतिमाओं का प्राप्त होना यह प्रमाणित करते हैं कि यहां के कण-कण अपने में त्याग और बलिदान का इतिहास छिपाए हुए हैं। यहां के पहाड़, खाइंया व विषम भूमि में सीधी जनपद को जो राजनीतिक सुरक्षा के अवसर दिये उसमें प्राचीनकाल से यहां पर सभ्यता की श्रृंखला बराबर चलती रही है। सीधी जनपद का प्राचीन इतिहास पूरा पाषाणकाल के मानवों से प्राप्त होता है। उनकी बस्तियों के निशान सीधी जनपद में सोन व उसकी सहायक बनास एवं महान नदियों के घाटी क्षेत्रों में विशेषकर हिनौती, बीछी, बघोर, भंवरसेन, सिहावल, नकझर, सिंगरौली, बर्दी, चंदरेह, खैरा, नुलहास तथा पटपरा आदि में मिलते हैं। इन स्थलों के लघु पाषाणिक उद्योग के चिन्ह भी इतिहासकारों को खोज के दौरान मिले हैं जो इस बात के स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत करते हैं कि यहां पर पाषाणकाल में भी अर्थात ई.सा पूर्व द्वितीय सहास्त्रावदी के लगभग मानव आवाद थे। नव पाषाण युगीन अवशेष झुनझुन तथा लहानिहा में देखने को मिलते हैं। ऐतिहासिक काल में इसका उल्लेख रामायण तथा महाभारत की कथाओं में मिलता है कि इसकी स्थापना कैसी हुई तथा इसका नाम कारूष कैसे पड़ा। इसका आधुनिक नाम सीधी संभवतः सिध्धी शब्द का विकृत रूप है। ऐसा अनुमान किया जाता है कि धीरे-धीरे नाम बदला। रामायण तथा महाभारत काल के पश्चात सीधी जनपद के भाग्य पर अंधकार घिर आया और जब तक हम मौर्य काल के प्रकाश में नहीं आ जाते तब तक यह जनपद विस्मृत के गर्त में ही डूबा रहा। मौर्य काल में मध्यप्रदेश का यह भू-भाग भी उसके साम्राज्य के अंतर्गत आता था। मौर्य काल में चन्द्रास पर्वत, बौद्धडांड, नगवाढ़, कठौली तथा मड़वास धार्मिक महत्व का स्थान होने के कारण यहां देश के विभिन्न भागों में हिन्दू तथा बौद्धतीर्थ यात्री आया करते थे क्योंकि ये सभी महत्वपूर्ण स्थल व्यापारिक मार्ग पर स्थित थे।

### कैमूर का महत्व

मौर्य काल में कैमूर पहाड़ियों की ओर से भी एक व्यापारिक मार्ग रूपनाथ होता हुआ इलाहाबाद को भडौंच से जोड़ने वाला अवश्य ही रहा होगा। इस क्षेत्र में बौद्ध मत का प्रचार भी अशोक के राज्यकाल से प्रारंभ होता है। मौर्यों के बाद शुंगों के समय में उनका साम्राज्य विस्तार दक्षिण में नर्मदा नदी के क्षेत्रों तक पश्चिम में विदिशा तक और उत्तर-पश्चिम में उनका विस्तार सिंधु नदी तक था। यदि यह तथ्य सही है तो तर्क के आधार पर हम कह सकते हैं कि सीधी जिला उनके साम्राज्य का एक अभिन्न अंग रहा होगा। दूसरी सदी ई. के मध्य से लेकर चौथी सदी ई. के प्रारंभ तक सीधी जिले का कुछ हिस्सा संभवतः मघवंश के अधिपत्य में रहा है। लेखों, मुद्राओं और सिक्कों से स्पष्ट होता है कि इस घराने के लोग बांधवगढ़ जिला शहडोल से संबंधित थे।

### बघेलों का रहा अधिकार

सीधी जिला बघेलों के अधिकार में कुछ हद तक 16वीं एवं कुछ हद तक 18वीं शताब्दी में आया। बघेल अपने आपको गुजरात के चालुक्य अथवा सोलंकियों की संतान मानते हैं। ऐसा कहा जाता है कि कर्णदेव बघेला ने अपना गुजरात का राज्य अलाउद्दीन खिलजी के भीषण आक्रमण से 1290 ई. अथवा उसके दूसरे आक्रमण 1304 ई. में खोया। कर्णदेव के उत्तराधिकारी कालिंजर आए और भर प्रमुख के अधीन सेवा स्वीकार की। बाद में बघेलों ने बांदा के गहोरा को अपने अधिकार में लिया और तब से 14वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में अपनी शक्ति का विस्तार करते हुए एक विशाल क्षेत्र पर फैल गये जो मिर्जापुर जिले के कालिंजर और प्रभार तक विस्तृत था। तब बघेलों ने 14वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में बघेलखंड की संप्रभुता प्राप्त की।

# उर्वरक की कालाबाजारी करने पर होगी कठोर कार्यवाही



## जिले में उर्वरक वितरण केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

जागरण, सीधी

जिले में यूरिया खाद की कमी को देखते हुये कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार दिनांक 23 अगस्त 2025 को अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय के नेतृत्व में राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ मर्या. डबल लॉक केन्द्र सीधी, डबल लॉक केन्द्र हड़बड़ो एवं निजी थोक उर्वरक विक्रेता भैयालाल बिहारीलाल, पुराना बस स्टैण्ड के सामने सीधी के विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रतिष्ठानों द्वारा यूरिया खाद के भण्डारण एवं वितरण संबंधी दस्तावेजों की सघन जांच की गई एवं सभी विक्रेताओं को खाद की कालाबाजारी, मूल्य से अधिक दर पर विक्रय करने पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान टीम में अपर कलेक्टर सहित राजस्व विभाग से एसडीएम गोपदबनास राकेश शुक्ला, तहसीलदार गोपदबनास राकेश शुक्ला एवं कृषि विभाग से उप संचालक कृषि डॉ. राजेश सिंह चौहान, अनुविभागीय कृषि अधिकारी सीधी पीएल कुशवाहा एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकास खण्ड सीधी विवेक कुमार दुबे उपस्थित रहे। इसी प्रकार जिले के अन्य विकासखंडों में उपखण्ड अधिकारियों के नेतृत्व में खाद दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## प्रीती पाण्डेय को गणित विषय में मिली पीएचडी की उपाधि



**जागरण, सीधी।** जिले के नगर पालिका अन्तर्गत सीधी खुर्द वार्ड 24 की निवासी प्रीती पाण्डेय को अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा द्वारा गणित विषय में शोध शीर्षक आई फंक्शन और इनके अनुप्रयोगों का अध्ययन पर किये गये उल्लेखनीय शोध कार्यों के उपलक्ष्य में पीएचडी डाक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रीती पाण्डेय ने अपना शोधकार्य शोध निर्देशक डॉ. नीलम पाण्डेय, प्राध्यापक, गणित, शास. आदर्श स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय रीवा एवं शोध केन्द्र गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. डीपी शुक्ला, शास. आदर्श स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय रीवा के निर्देशन में पूरा किया है। इस शोधकार्य से इस क्षेत्र में कार्य करने वाले शोधार्थियों को इनपुट और आऊटपुट का संबंध जानने में चर सूचकांक निकालने में सरलता होगी। प्रीती पाण्डेय, देवेन्द्र कुमार पाण्डेय की पुत्री और डॉ. एपी मिश्रा अम्बे की पुत्रवधु है। साथ ही पति डॉ. संदीप मिश्रा, संचालक, चित्रकूट नेत्र जांच केन्द्र एलआईसी के बगल में सीधी में अपनी सेवायें दे रहे है। प्रीती पाण्डेय ने कहा कि मेरा यह शोधकार्य डॉ. नीलम पाण्डेय प्राध्यापक मैम के अतुल्यनीय योगदान से पूर्ण हुआ, जिसके लिये मैं सहृदय आजीवन आभारी रहूँगी। साथ ही बाह्य परीक्षक डॉ. पीके शुक्ला, प्राध्यापक, पीकेजीपीजी कालेज मुरादाबाद उप्र का मैं तहेदिल से धन्यवाद देती हूं जो मेरी मौखिकी परीक्षा सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**जागरण, सीधी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्टेडियम के पास स्थित स्थानीय मुख्य सेवाकेंद्र, भारत विकास परिषद, रोली मेमोरियल ट्रस्ट, विधिक सेवा प्राधिकरण, अपर कलेक्टर कार्यालय एवं रक्तवीर सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय जिला चिकित्सालय परिसर में स्थित ब्लड बैंक में सिविल सर्जन एसबी खरे और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन द्वारा किया गया। रक्तदाताओं ने रक्तदान कर समाज सेवा के उत्तरदायित्व की मिसाल पेश की। ब्रह्माकुमारीज के सीधी जिले स्थित सेवा केंद्रों की मुख्य संचलिका रेखा दीदी ने सभी समाजसेवियों एवं रक्तदाताओं के इस योगदान के लिए धन्यवाद किया। रक्तदाताओं में ब्रह्माकुमारी अर्चना, मुकेश शिवहरे मजिस्ट्रेट, मनीष कौशिक विधिक सेवा अधिकारी, विकास शर्मा, डॉ. ऋचा तिवारी, अरुण कुमार सिंह, सीनू द्विवेदी, डॉ. रचना मिश्रा, मंजू शुक्ला, संतोष कुमार, भास्कर साहू रहे।

## भदौरा से शंकरपुर पहुंच मार्ग में कीचड़ से परेशान ग्रामीण



**जागरण, सीधी।** जिले के कुसमी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत शंकरपुर तक पहुंच मार्ग नहीं होने से छात्रों एवं ग्रामीणों को कई वर्षों से दिक्कतो सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों हालात ऐसे हैं कि एम्बुलेंस तक गांव नहीं जा पा रही है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों के द्वारा विधानसभा चुनाव का बहिष्कार भी किया जा चुका है तब जाके किसी तरह से एक वैकल्पिक मार्ग जो भदौरा से शंकरपुर के लिए रेलवे ट्रैक के किनारे से बनाई गई थी लेकिन अब वह बरसात के समय पर उसे रास्ते पर कीचड़ ही कीचड़ हो गया है। वहीं ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि रेलवे विभाग के द्वारा वहां पर नाली का निर्माण किया जा रहा है, जिससे सड़क की दुर्दशा और खराब हो गई है। इन दिनों तो ऐसी समस्या है कि बच्चो को स्कूल आने जाने में दिक्कत हो रही है और ग्रामीणों का मुख्य मार्ग तक पहुंचने में भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की बाजार से निस्तार होने वाली वस्तुएं भी खरीदने में लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। मामले पर कई बार ग्रामीणों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया है लेकिन सही मार्ग एवं सुधार नहीं हो पाया है। मामले पर एक बार जिला कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करते हुए ग्रामीणों ने एक उम्मीद लगाई हुई है।

## सड़क में दुर्घटना गौ वंश के रखरखाव की मांग



**जागरण, सीधी।** श्रीराम गौसेवा संकल्प रामपुर द्वारा गौ वंश के गले में रेडियम पट्टी लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। आम जन के सहयोग और निजी व्यय से ये कार्य कर रहे हैं। गौसेवकों द्वारा बताया गया कि अभियान 15 दिनों का चलाया जा रहा है। अभियान के 12 दिन पूर्ण हो चुके हैं। गौ सेवकों द्वारा 12 दिनों में 450 गौ वंश के गले में रेडियम पट्टी बांधी गई है। गौ सेवकों द्वारा बताया गया कि चोटिल गौ वंश का इलाज और रख रखाव गौ सेवक अपने निजी व्यय से कर रहे हैं। गौ सेवकों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन दिया गया की इस कार्य हेतु नगर परिषद रामपुर नैकिन में वार्ड नंबर 15 में निर्मित कांजी हाउस को संचालित कराए श्रीराम गौसेवा संकल्प समिति रामपुर नैकिन के गौ सेवकों द्वारा 4 मागों को लिया आवेदन दिया गया है।

## शरिफान निशा के इंतकाल पर शोक



**जागरण, मझौली।** मझौली उपखंड के मड़वास तहशील क्षेत्र के मड़वास ग्राम पंचायत निवासी संवाददाता मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई मझौली के सचिव यूवा पत्रकार साथी मोहम्मद तौफीक लकी की दादी शरीफन निशा का बीते दिन गुरुवार रात 3 बजे 90 वर्ष की आयु में इंतकाल हो गया। शरिफन निशा का स्वास्थ्य तकरीबन एक हफ्तों से ठीक नहीं था जिनका प्राथमिक उपचार चल रहा था। शरिफान निशा की नौ संतान चार पुत्र व पांच पुत्रियां थी शरीफ निशा के इंतकाल होने पर मड़वास क्षेत्र में शोक की लहर है। शारिफन निशा का जनाजा गुरुवार 9 बजे रात ईशा नवाज के बाद मड़वास कब्रिस्तान में मिट्टी दी गई। शुक्रवार के दिन फजर नवाज के बाद कुरान खानी फतिया पढ़ी गई जोहर नवाज के बाद फतिया पढ़ने के बाद सैंनी बांटा गया। उनकी मृत्यु पर क्षेत्र के लोगों के साथ मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकारो व क्षेत्र के अन्य पत्रकार साथियों द्वारा गहरा अशोक व्यक्त किया गया है।

# खाता चेक करवाने गए उपभोक्ता से कियोस्क संचालक ने की ठगी

## मामला कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत जूरी के सेंटर का

### थाना प्रभारी ने शिकायत पर दर्ज किया मामला

जागरण, सीधी



जिले की भोली भाली जनता के साथ ठगी करने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, आए दिन ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कियोस्क सेंटरों की कारस्तानी उजागर हो रही है। बावजूद इसके इसे रोकने ठोस कार्यवाही नहीं हो पा रही है। कुछ इसी तरह का मामला कुसमी थाना क्षेत्र अंतर्गत गाजर नौढीया निवासी का सामने आया है। जहां लालमन बैगा पिता महाबोध बैगा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आने वाली राशि की जानकारी लेने 14 जुलाई 2025 को जूरी में संचालित यूनियन बैंक के कियोस्क सेंटर संचालक दयाराम कुशवाहा के पास पहुंचा था। कियोस्क संचालक ने उसकी अज्ञानता का लाभ उठाते हुए खाता चेक करने के नाम पर आधार कार्ड मांग कर फिंगर मशीन में तीन बार अंगूठा लगवाया और बाद में यह कह दिया कि अभी तुम्हारे खाते में पैसा नहीं आया है और उधर लालमन बैगा के खाते से 25-25 हजार करके तीन बार में 75 हजार रुपए पार कर दिया। यही नहीं जब कुछ दिन बीत गए तो लालमन बैगा फिर अपने खाते को चेक करवाने 5 अगस्त को कियोस्क संचालक दयाराम कुशवाहा के पास पहुंच गया, दयाराम कुशवाहा ने इस बार फिर लालमन को धोखा देते हुए उसका दो बार अंगूठा फिंगर मशीन में लगवाया और कह दिया अभी भी पैसा तुम्हारे खाते में नहीं है और उधर लालमन के खाते से दो बार अंगूठा लगवा कर 50000 हजार रुपए पार कर दिया।

### कियोस्क संचालक हुआ गिरफ्तार

मामले को गंभीरता से लेते हुए कुसमी थाना प्रभारी कप्तान सिंह ने पीड़ित लालमन बैगा के द्वारा दिए गए आवेदन अनुसार जांच कराई गई और जब जांच में तथ्य सामने आया तो कियोस्क संचालक जूरी दयाराम कुशवाहा के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 316(5) के तहत मामला दर्ज कर आरोपी कियोस्क संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### सचिव ने खोली पोल

कुसमी थाना प्रभारी को दिए गए शिकायती आवेदन के अनुसार लालमन बैगा द्वारा दो बार अपने खाते में पैसा आने की जानकारी लेने के बाद जब उसे कियोस्क संचालक द्वारा यह कहा गया कि अभी पैसा नहीं आया है तो वह अपने ग्राम पंचायत के सचिव बंशगोपाल सिंह के पास गया, सचिव ने लालमन बैगा की आवास आईडी से चेक किया तो बताया कि 7 जुलाई को 75000 हजार रूपए एवं 4 अगस्त को 25000 हजार रूपए तुम्हारे खाते में चला गया है। जिसकी जानकारी मिलने पर लालमन रौहाल के कियोस्क सेंटर पर जाकर खाता चेक करवाया तो पता चला कि उसके साथ खेला हो गया है।

## जिला क्रिकेट संघ में खिलाड़ियों के पंजीयन शुरू

**जागरण, सीधी।** जिला क्रिकेट संघ डीसीए सीधी में खिलाड़ियों के पंजीयन 25 अगस्त से प्रारंभ होंगे जो आगामी 15 सितंबर तक जारी रहेंगे। जिला क्रिकेट संघ के सचिव उपेंद्र सिंह ने बताया कि मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन एमपीसीए के निर्देशानुसार जिला क्रिकेट संघ डीसीए एवं संभागीय क्रिकेट संघ आरडीसीए द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पंजीयन अनिवार्य है, जिसमें 15 सितंबर तक सत्र 2025-26 के लिए क्रिकेट खिलाड़ियों के पंजीयन की प्रक्रिया की जायेगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ी पंजीयन हेतु शाम 4 से 6:30 तक छत्रसाल स्टेडियम सीधी एवं पानी टंकी दक्षिण करौंदिया नया बस स्टैंड के बगल में जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय से पंजीयन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। क्रिकेट संघ की वार्षिक गतिविधियों में केवल पंजीकृत खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों को पंजीयन हेतु आधार कार्ड, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, पिछले तीन शिक्षा सत्र की अंकसूची संलग्न करना आवश्यक होगा।

# लूट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर लूट की गंभीर वारदात का सफल खुलासा करते हुए तीन आरोपियों एवं एक विधि के प्रतिकूल बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से लूटी गई मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, नगदी एवं मारपीट में प्रयुक्त पाइप भी बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार 22 अगस्त को फरियादी मुनेश राव, निवासी बैरिहा पूर्व थाना जमोड़ी सीधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 21 अगस्त की रात लगभग 11:30 बजे हाथीखाड़ शिव मंदिर पुल के पास चार अज्ञात व्यक्तियों ने फरियादी एवं उसके साथी अजय रावत को रोककर गाली-गलौज, मारपीट कर उनके मोबाइल फोन, नगद 500 एवं मोटरसाइकिल लूट ली। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना कोतवाली सीधी में अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्र के माध्यम से पुलिस ने मुख्य आरोपी ज्ञानेन्द्र सिंह उर्फ भोला को हिरासत में लिया। पूंछताछ में आरोपी ने अपने साथियों राहुल यादव, रोहित उर्फ विकास सिंह कोलाड़ी एवं एक विधि के प्रतिकूल बालक के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक कन्हैया सिंह बघेल, सहायक उप निरीक्षक राजमणि अहिरवार, प्रधान आरक्षक तिलकराज सिंह, रणबहादुर सिंह, आरक्षक बालेन्द्र सिंह एवं सायबर सेल सीधी से प्रदीप मिश्रा का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण आयोजित



**जागरण, सीधी।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पीएम उषा कार्यक्रम अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में छात्र- छात्राओं एवं शैक्षणिक स्टॉफ के लिए विभिन्न कौशल संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम सेडमैप भोपाल के सहयोग से प्रारंभ किया गया। जिसमे कंप्यूटर अवेयरनेस फॉर स्टूडेंट्स, गुड्स एंड सर्विस टैक्स जीएसटी, कंप्यूटर अवेयरनेस फॉर फैकल्टी/टीचर्स एवं स्पोकन इंग्लिश के बैच प्रारंभ किए गए। कौशल संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विशेष रुचि प्रदर्शित करते हुए बढ़-चढ़कर सहभागिता दर्ज की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट अंतर्गत रोजगारोन्मुखी है, जिससे प्रशिक्षण उपरांत छात्र छात्राओं को स्वरोजगार हेतु सहायक होगा। महाविद्यालय द्वारा सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु नोडल प्राध्यापक नियुक्त किए गए हैं, जिनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित है। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, पीएम उषा अंतर्गत निर्धारित सॉफ्टस्कील प्रोग्राम प्राचार्य डॉ. पीके सिंह के निर्देशन एवं डॉ. केबी सिंह प्राध्यापक एवं नोडल अधिकारी पीएम उषा, पुष्पेंद्र कुमार शाह सहायक नोडल अधिकारी पीएम उषा तथा हरिओम शरण सोनी जिला समन्वयक सेडमैप के समन्वय से महाविद्यालय में संचालित है।

# नपा उपाध्यक्ष कक्ष को लेकर फिर सुर्खियों में आया मामला




## असमंजस में जिम्मेदार, 8 सितम्बर को आर या पार

### उच्च न्यायालय की दलील का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल

जागरण, सीधी

| 78 | भैया लाल यादव | साधुराम यादव | 9 | दो लाख |
| 79 | बुद्धसेन कोल | छोटेलाल | 9 | दो लाख |
| 80 | दादूलाल यादव | साधू लाल यादव | 9 | दो लाख |
| 81 | दुअसिया देवी | शारदा प्रसाद | 9 | एक लाख |
| 82 | इन्द्रकली कोल | मिठाई लाल कोल | 9 | दो लाख |
| 83 | (मृतक) जयराजू देवी | आगम सिंह | 9 | दो लाख |
| 84 | लालबहादुर कोल | मुन्ना लाल कोल | 9 | एक लाख |
| 85 | लालजी कोल | मुन्ना लाल कोल | 9 | एक लाख |
| 86 | रधिया कोल | सुदर्शन कोल | 9 | एक लाख |
| 87 | राजकुमार आदिवासी | हीरालाल आदिवासी | 9 | दो लाख |
| 88 | राजप्रताप कोल | मदन मोहन | 9 | एक लाख |
| 89 | राजकुमार कोल | हरिश्चंद्र कोल | 9 | एक लाख |
| 90 | राजकुमारी कोल | श्याममोहन कोल | 9 | एक लाख |
| 91 | रामबदन आदिवासी | रामलाल | 9 | एक लाख |
| 92 | रामलाल कोल | लूशे | 9 | एक लाख |
| 93 | रमेश प्रशाद कोल | रामनिहोर कोल | 9 | दो लाख |
| 94 | शैलेन्द्र सिंह | मनिराज सिंह | 9 | दो लाख |
| 95 | सुभरजिया | रामखेलावन पाल | 9 | दो लाख |
| 96 | श्यामकली कोल | गोविन्द प्रसाद कोल | 9 | दो लाख |
| 97 | उमा देवी | समय लाल रावत | 9 | एक लाख |
| 98 | यशवंत सिंह | सर्वजीत सिंह | 9 | एक लाख |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद त्योंथर,
जिला रीवा (म.प्र.)

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## राजनीति के शुद्धिकरण में निष्पक्षता अपरिहार्य

**सर्वोच्च अदालत के 'न्यायालय मित्र' ने बताया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ करीब 5000 आपराधिक मामले अब भी लंबित हैं। इस डाटा के मद्देनजर संविधान संशोधन बिल संसद में पेश करना अपेक्षित और स्वीकार्य नहीं है।**

*केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संविधान के 130वें संशोधन वाले विधेयक लोकसभा में पेश किए। उनमें किए गए गंभीर प्रावधानों पर विवाद खड़े हो गए हैं। दरअसल संविधान का बुनियादी सिद्धांत है कि जब तक किसी आरोपित को अदालत अपराधी या दोषी करार न दे, तब तक आरोपित व्यक्ति 'मासूम' और 'निर्दोष' है, लेकिन प्रस्तावित बिल का विषय है कि कोई प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, राज्य सरकार का मंत्री अगर 30 दिन हिरासत में रहता है, तो 31वें दिन वह संवैधानिक पद के 'अयोग्य' हो जाएगा। उसे इस्तीफा देना पड़ेगा अथवा बर्खास्त कर दिया जाएगा। इन प्रावधानों को विपक्ष ने संविधान-विरोधी, न्याय-विरोधी और मौलिक अधिकार-विरोधी करार दिया है, लिहाजा कुछ विपक्षी सांसदों ने बिल की प्रतियां फाड़ी हैं। गृहमंत्री की दलील है कि यह बिल सरकार और राजनीति में नैतिकता और शुद्धिकरण के मद्देनजर लाया गया है। यह अर्द्धसत्य है, क्योंकि भाजपा में ऐसे कई नेता शामिल किए गए, जिन पर गंभीर आपराधिक मामले चल रहे थे, ऐसे नेता मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक हैं।*

*बहरहाल संसद में हंगामे और विरोध को देखते हुए संविधान संशोधन बिल संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजने की घोषणा की गई। विषय का विश्लेषण करने से पूर्व एडीआर की रपट गौरतलब है कि 2024 के संसदीय चुनाव में जो सांसद लोकसभा के लिए चुने गए थे, उनमें से करीब 46 फीसदी पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। सर्वोच्च अदालत के 'न्यायालय मित्र' ने उसे बताया है कि सांसदों और विधायकों के खिलाफ करीब 5000 आपराधिक मामले अब भी लंबित हैं। इस डाटा के मद्देनजर भी ऐसा संविधान संशोधन बिल संसद में पेश करना अपेक्षित और स्वीकार्य नहीं है। दरअसल केंद्र और राज्य सरकारों की अलग-अलग भूमिकाएं संविधान में तय की गई हैं। उनके अधिकार भी तय किए गए हैं। ऐसे में संघीय ढांचे पर आघात नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार 'पुलिस स्टेशन' की भूमिका में नहीं आ सकती। संभव है कि बिल बनाते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल का उदाहरण केंद्र सरकार और अधिकारियों के मानस में रहा होगा! केजरीवाल को 177 दिन तक जेल में रखा गया। उनके खिलाफ कोई आरोप अदालत में तय नहीं हुए। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 5 माह तक जेल में बंद रखा गया। आज तक उनके खिलाफ कोई भी आरोप साबित नहीं किया जा सका है। दिल्ली सरकार के मंत्री रहे सत्येन्द्र जैन को 2 साल से अधिक समय तक जेल में रखा गया। अंततः सीबीआई ने जैन को बिल्कुल बरी कर दिया गया। केजरीवाल जेल से ही सरकार चलाते रहे। संविधान में ऐसी व्याख्या ही नहीं है कि जेल में रहने वाले मुख्यमंत्री और मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। सवाल है कि कितने प्रधानमंत्री 30 दिन तक हिरासत में रखे गए हैं? प्रधानमंत्री रहते हुए पीवी नरसिम्हा राव को अदालत ने 'अभियुक्त' करार दिया था। उन्हें जेल क्यों नहीं भेजा गया? इंदिरा को जेल जाना पड़ा। जाहिर है कि अगर यह कानून लागू हो जाता है, तो किसी भी विपक्षी दल की सरकार ढहाई जा सकती है।*

# सामरिक स्वायत्तता को सुरक्षित रखना भारत के लिए बड़ी चुनौती

विदेश नीति

डॉ. पवन चौरसिया

राजनीतिक समीकरणों में बीते कुछ महीनों में व्यापक परिवर्तन देखा गया है। इससे भारत में चर्चाओं और आत्ममंथन का दौर शुरू हो गया है। एक ओर ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की पाकिस्तान के साथ बढ़ी हुई अदावत का एक नया अध्याय शुरू हुआ है। वहीं दूसरी ओर भारत की सामरिक स्वायत्तता और बहु-संरेखण की नीति को भी भारी दबाव का सामना करना पड़ा है। इन सबके केंद्र में कहीं न कहीं अमरीका द्वारा भारत पर मनमाने तरीके से लगाए गए टैरिफ के कारण संबंधों में आई कड़वाहट और अमरीका और पाकिस्तान के बीच बढ़ती नजदीकी सबसे महत्वपूर्ण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भारती के विदेश नीतिकारों के लिए यह समय अप्रत्याशित रूप से चुनौती भरा है। इसमें परंपरागत धारणाओं से नीति निर्माण और नीति क्रियान्वयन, दोनों ही लाभकारी नहीं होने वाला है। यह विदेश नीति के आत्म-विश्लेषण, उसमें नई संभावनाएं तलाशने और नवाचार लाने का भी उपर्युक्त समय है।

**अमेरिका-पाकिस्तान की निकटता :** कुछ दिन पहले पाकिस्तान के फील्ड मार्शल असिम मुनीर ऑपरेशन सिन्दूर में भारत से मुंह की खाने के बाद दूसरी बार अमरीका गए थे। वहां उन्होंने अप्रवासी पाकिस्तानियों के सामने जिस तरह भारत पर परमाणु हमले की धमकी दी, उसने भारत में पाकिस्तान के साथ-साथ अमरीका के प्रति भी एक प्रकार की नकारात्मकता के भाव को जन्म दिया। राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी टीम ने टैरिफ और पाकिस्तान से नजदीकी पर जैसा रुख अपनाया है, उससे भारत-अमरीका के रिश्तों में परस्पर अविश्वास और असंतोष की भावना में अप्रत्याशित रूप से बढ़ी है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण इसलिए भी है क्योंकि शीत युद्ध के बाद जिस तरह से विश्व के सबसे पुराने और सबसे विशाल लोकतांत्रिक देश साझा मूल्यों और साझा समझ के कारण एक-दूसरे के निकट आए थे, आज वो मूल्य और समझ कमजोर होते नजर आ रहे हैं।

सनद रहे की 1998 में भारत द्वारा परमाणु परिक्षण किए जाने के बाद अमरीका के तत्कालीन बिल क्लिंटन शासन ने भारत पर कई तरह की पाबंदियां लगा दी थीं। लेकिन उसी क्लिंटन शासन में भारत के साथ



**भारती के विदेश नीतिकारों के लिए यह समय अप्रत्याशित रूप से चुनौती भरा है। इसमें परंपरागत धारणाओं से नीति निर्माण और नीति क्रियान्वयन, दोनों ही लाभकारी नहीं होने वाला है। भारत गुटनिरपेक्ष के बजाए सामरिक स्वायत्ता (स्ट्रेटेजिक ऑटोनोमी), बहु-संरेखण (मल्टी एलाइनमेंट) और डी-हाइफनेशन की नीति के सहारे आगे बढ़ रहा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि एक देश के साथ रिश्ते में मजबूती दूसरे देश से संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव नहीं डालती है।**

रणनीतिक साझेदारी बनाने को लेकर सहमति भी बनी। राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने मार्च 2000 में भारत का दौरा किया। यह उस समय 22 सालों में किसी अमेरिकी राष्ट्रपति की पहली भारत यात्रा थी (उनसे पहले जनवरी 1978 में जिमी कार्टर भारत आए थे)। इस यात्रा का उद्देश्य संबंधों को पुनः स्थापित करना, भारत के बढ़ते आर्थिक और सामरिक महत्व को मान्यता देना और परमाणु अप्रसार, आतंकवाद और व्यापार जैसे मुद्दों पर बातचीत को बढ़ावा देना था।

**कैसे आगे बढ़े भारत-अमेरिका संबंध :** उसके बाद के सभी अमरीकी सरकारों चाहें वो रिपब्लिकन पार्टी की हों या डेमोक्रेटिक पार्टी की, सबने भारत के साथ संबंधों को मजबूत बनाने को न केवल प्राथमिकता दी, बल्कि उसके लिए व्यापक कदम भी उठाए। वहीं भारत में भी आम जनता के साथ-साथ दोनों प्रमुख गठबन्धनों एनडीए और यूपीए ने अमरीका के साथ अच्छे रिश्ते बनाने को भारतीय हितों के अनुकूल माना। इस वजह से दोनों देश आर्थिक, सामरिक, प्रोद्यौगिक मोर्चों पर एक-दूसरे का साथ देते नजर आए। एक ओर जहां अमरीका चीन को घेरने और अपनी इंडो-पैसिफिक नीति की सफलता के लिए भारत जैसी एक क्षेत्रीय महाशक्ति का साथ जरूरी था। वहीं भारत के लिए भी अमरीका के करीब जाने से आर्थिक, सामरिक और सैन्य मोर्चों पर लाभ मिलना निश्चित था। छोटे-मोटे उतार च?ाव के बावजूद 2000 से एक बार फिर शुरू हुई यह साझेदारी करीब ढाई दशक तक काफी अच्छे से चली। अब डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरे कार्यकाल में अपना अंदाज काफी बदल लिया है। पहले कार्यकाल में पाकिस्तान के प्रति उनके विचार अत्यधिक आलोचनात्मक थे। उन्होंने पाकिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाते हुए पाकिस्तान को अमरीका से मिलने वाली डॉलर की सैन्य सहायता को निलंबित कर दिया था। इससे दोनों देशों के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। इसके विपरीत अपने दूसरे कार्यकाल में ट्रंप का रुख अधिक सकारात्मक और मैत्रीपूर्ण हो गया है।उन्होंने पाकिस्तान के सेना प्रमुख असिम मुनीर की लंच के लिए मेजबानी की। जानकारों का मानना है कि ट्रंप का पाकिस्तान के प्रति सकारात्मक रुख क्षेत्रीय स्थिरता या चीन के खिलाफ रणनीति से ज्यादा उनके व्यापारिक हितों से प्रेरित हो सकता है। ऐसे में भारत के प्रति उनकी आक्रामकता और उनके भारत विरोधी बयान जैसे भारत को रूस से तेल खरीदने के कारण यूक्रेन युद्ध के लिए अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार ठहराना, ब्रिक्स को खत्म करने की धमकी देना, भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत घोषित करना आदि भारत के लिए कई समस्याओं को खड़ा करता है।

**सामरिक स्वायत्तता की सुरक्षा करता भारत :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अमेरिका फर्स्ट नीति पर केंद्रित आर्थिक राष्ट्रवाद के तहत अमेरिका की बढ़ती अनिश्चितता के साथ, इस कदम ने एक स्पष्ट संदेश दिया है कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों के विस्तार के लिए अमरीका पर निर्भर नहीं हो सकता। मौजूदा हालात ने यह साबित कर दिया है कि आत्मनिर्भर बनने की आकांक्षा रखने वाले देश के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में विविधता लाना अब एक विकल्प नहीं, बल्कि जरूरत बन गया है। इसके लिए भारत व्यापक कदम उठा रहा है। अमरीका के बदले हुए रुख से भारत को कुछ समस्याएं अवश्य आ रही हैं, लेकिन भारत के लिए अपनी विदेश नीति के सिद्धांतों को फिर से परिभाषित करना कोई नई बात नहीं है। 1947 में ब्रिटिश उपनिवेशवाद से मिली स्वतंत्रता के बाद से ही पंडित नेहरू के नेतृत्व में भारत ने दो ध्रुवों में बंटी दुनिया में विकासशील देशों को साथ लेकर गुट-निरपेक्ष आंदोलन खड़ा किया। इससे भारत की संप्रभुता और स्वायत्ता अनवरत जारी रही। उसके बाद की सरकारों ने भी इस नीति को अपने-अपने हिसाब से जारी रखा। इससे न केवल भारत रूस के करीब जा कर उससे अपने राष्ट्रीय हित सुरक्षित कर पाया, बल्कि उसे विकासशील देशों, जिन्हें ग्लोबल साउथ की संज्ञा दी जाती है, का नेतृत्व करने का अवसर भी मिला। मौजूदा दौर में भारत गुटनिरपेक्ष के बजाए सामरिक स्वायत्ता (स्ट्रेटेजिक ऑटोनोमी), बहु-संरेखण (मल्टी एलाइनमेंट) और डी-हाइफनेशन की नीति के सहारे आगे बढ़ रहा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि एक देश के साथ रिश्ते में मजबूती दूसरे देश से संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव नहीं डालती है। भारत 2023 में अफ्रीकन यूनियन को जी20 की सदस्यता दिलाने में कामयाब रहा था। ऐसे में भारत को बिना किसी दखलंदाजी या दबाव के अपनी इन नीतियों के साथ ही आगे बढ़ना चाहिए। सामरिक उथल-पुथल के युग में भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को और मजबूत करना होगा। भारत को एआई, ड्रोन, बायोइंजीनियरिंग जैसी अग्रिम तकनीकों में अधिक निवेश करके इनमें महारत हासिल करनी होगी ताकि अन्य देश खुद ही भारत के साथ मजबूती से जुड़ना चाहें। भारत के लिए संभावनाओं और चुनौतियों दोनों के रास्ते खुले हैं। उसको यह निर्णय लेना होगा कि वह कौन सी राह चुनता है।

# भुगतान में पंद्रह दिन की देरी से गिरने लगता है क्रेडिट स्कोर

मेरा पैसा

प्रिया शांडिल्य

जब आप लोन लेते हैं या क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करते हैं, तो आपका एक क्रेडिट स्कोर बनता है। ये स्कोर इस बात का संकेत होता है कि आप अपने कर्ज को कितनी ईमानदारी और समय पर चुकाते हैं। बैंक और लोन देने वाली कंपनियां सबसे पहले आपका यही स्कोर चेक करती हैं ताकि पता चल सके कि आप उन्हें पैसा सही वक्त पर लौटा पाएंगे या नहीं। लेकिन, अगर आप समय पर क्रेडिट कार्ड का बिल नहीं भरते हैं, तो इसका सीधा असर आपके क्रेडिट स्कोर पर पड़ता है। खासकर तब, जब देरी 30 दिन से ज्यादा हो जाए। चलिए इसका हिसाब समझते हैं। भारत की एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी श्रीराम फाइनेंस की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर आप 1 या 2 दिन लेट पेमेंट करते हैं, तो घबराने की जरूरत नहीं है। आमतौर पर ये क्रेडिट ब्यूरो को रिपोर्ट नहीं किया जाता और आपका स्कोर भी नहीं गिरता। लेकिन बार-बार ऐसा करने से बैंक को आपकी आदत पर शक हो सकता है।

**कितने दिन लेट होने पर कितना गिरता है स्कोर? :** 7 दिन की देरी- अगर आप 7 दिन तक बिल भरना भूल जाते हैं, तो आमतौर पर यह भी रिपोर्ट नहीं होता, लेकिन ये आपके रिकॉर्ड में जरूर दर्ज हो सकता है। खासतौर पर अगर आप बार-बार ऐसा करते हैं, तो बैंक इस पर ध्यान देने लगते हैं।

**15 से 30 दिन की देरी- स्कोर गिरने की शुरुआत :** अब मामला थोड़ा गंभीर होने लगता है। एक ही बार 15-30 दिन की देरी भी 50 से 100 पॉइंट तक क्रेडिट स्कोर गिरा सकती है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आपकी पुरानी क्रेडिट हिस्ट्री कैसी रही है।

30 दिन से ज्यादा देरी- अब खतरे की घंटी अगर आपने 30 दिन तक पेमेंट नहीं किया, तो यह लेट पेमेंट रिपोर्ट किया जाता है। इससे आपका स्कोर 90 से 110 पॉइंट तक गिर सकता है और ये आपकी रिपोर्ट में 6 साल तक दर्ज रहता है।

**60 दिन की देरी- डिफॉल्ट की ओर बढ़ते कदम :** 60 दिन तक बिल न भरना डिफॉल्ट का पहला कदम है। स्कोर लगभग 130 से 150 पॉइंट गिर सकता है। बैंक भरोसा करने से भी कतराने लगते हैं।

**90 दिन की देरी- गंभीर स्थिति :** अब मामला बहुत गंभीर हो जाता है। इसे सिवियर डिफॉल्ट माना जाता है। रिकवरी एजेंसी या लीगल नोटिस आ सकते हैं। क्रेडिट हिस्ट्री पर इसका बहुत भारी असर पड़ता है।

**120 दिन से ज्यादा की देरी :** अगर 120 दिन से ज्यादा हो जाए, तो क्रेडिट प्रोफाइल एकदम बिगड़ जाती है। भविष्य में लोन मिलना मुश्किल हो सकता है, अगर मिला तो ब्याज की दरें बहुत ज्यादा होंगी। कुछ बैंक तो आपको ब्लैकलिस्ट तक कर सकते हैं।




**क्रेडिट कार्ड या लोन का बिल समय पर न भरना आपकी क्रेडिट प्रोफाइल को बड़ा झटका दे सकता है। अगर 30 दिन से ज्यादा की देरी हो गई, तो स्कोर 100 से ज्यादा अंक तक गिर सकता है। जानिए कितने दिन की देरी पर कितना असर पड़ता है।**

### क्रेडिट स्कोर के लिए रखें ध्यान

- हमेशा बिल की ड्यू डेट याद रखें।
- ऑटो डेबिट सेट कर लें, जिससे समय पर पेमेंट हो जाए।
- अगर पैसे की दिक्कत है तो बैंक से बात करें, वे अन्य ऑप्शन दे सकते हैं।
- देर से सही, लेकिन पेमेंट जरूर करें, क्योंकि पूरी तरह से न भरना ज्यादा नुकसानदायक होता है। क्रेडिट लिमिट का सही इस्तेमाल करें, जरूरत से ज्यादा खर्च ना करें।

**की टेकअवेज**

- 15-30 दिन की देरी से क्रेडिट स्कोर में 50-100 पॉइंट की गिरावट हो सकती है।
- 30 दिन से ज्यादा देरी से स्कोर 90-110 पॉइंट तक गिरेगा और 6 साल तक रिपोर्ट में दर्ज रहता है।
- 120 दिन से ज्यादा देरी से क्रेडिट प्रोफाइल भविष्य में लोन लेना मुश्किल हो जाता है।

**भारत का सबसे क्रेडिट-हेल्दी शहर दिल्लीः** क्रेडिट हेल्थ को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। दिल्ली से लेकर पुणे और केरल तक, लोग अब सिर्फ लोन लेने के लिए नहीं बल्कि अपनी आर्थिक सेहत के लिए भी स्कोर पर ध्यान दे रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली सबसे क्रे डिट-हेल्दी शहर बनकर उभरा है। हाल ही में आई क्रेडिट स्कोर रिपोर्ट में देश के क्रेडिट हेल्थ पर कई अहम बातें सामने आई हैं। इस रिपोर्ट ने दिखाया कि देशभर के लोग अब अपनी क्रेडिट हेल्थ को लेकर पहले से कहीं ज्यादा जागरूक हो रहे हैं और बड़े शहरों में यह ट्रेंड और भी तेजी से बढ़ रहा है।

**दिल्ली बना देश का सबसे क्रेडिट -हेल्दी शहर :** पैसाबाजार की इनसाइट्स रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली देश का सबसे क्रेडिट -हेल्दी शहर बनकर उभरा है। यहां प्रतिभागियों में से 46 फीसदी का औसत क्रेडिट स्कोर सबसे ज्यादा यानी 746 रहा। दिल्ली के बाद पुणे दूसरे स्थान पर रहा जहां 44 फीसदी लोगों का औसत स्कोर 744 रहा। केरल और चंडीगढ़ भी 43 फीसदी स्कोर के साथ टॉप लिस्ट में शामिल हुए।

यह स्टडी दरअसल पैसाबाजार की क्रेडिट प्रीमियर लीग नाम की पहल का हिस्सा थी। इस ऑनलाइन पहल का मकसद देशभर में लोगों को क्रेडिट स्कोर के महत्व के बारे में जागरूक करना था। 30 दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में 710 शहरों से करीब 47 लाख लोगों का डेटा जुटाया गया।

**सबसे ज्यादा स्कोर और शहरों की भागीदारी :** इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा स्कोर 900 में से 861 रहा, जो पांच प्रतिभागियों ने हासिल किया। ये प्रतिभागी बेंगलुरु, जयपुर, लखनऊ, केरल और पुणे से थे। वहीं चेन्नई के एक प्रतिभागी ने 859 का स्कोर बनाकर दूसरा स्थान हासिल किया। मुंबई, हैदराबाद और लखनऊ सबसे एक्टिव शहर रहे, जहां से लगभग 15 लाख प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

प्रसंगवश

## हंगामा व शोरगुल के बीच दबे रह गए जरूरी मुद्दे

संसद का मॉनसून सत्र जैसे हंगामे के साथ शुरू हुआ था, वैसे ही शोरगुल के बीच खत्म हुआ। प्रॉडक्टिविटी के लिहाज से यह सेशन बेहद निराशाजनक कहा जाएगा। सरकार और विपक्ष के बीच टकराव के कारण दोनों सदन लगातार बाधित रहे। यहां दोनों पक्षों से ज्यादा समझदारी और संतुलित नजरिये की अपेक्षा थी। आंकड़े ही इस सत्र की पूरी कहानी बता देते हैं। राज्यसभा में केवल 41.15 घंटे काम हो पाया और लोकसभा में 37 घंटे। लोकसभा की कार्यवाही के लिए 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे और इनमें से महज 55 का मौखिक उत्तर मिल सका। सत्र शुरू होने के पहले कार्य मंत्रणा समिति में सरकार और विपक्ष के बीच कुछ मुद्दों पर चर्चा की सहमति बनी थी। लेकिन, सत्र शुरू होने के साथ ही उसे भुला दिया गया। संसदीय परंपरा में विरोध भी अधिकार है, लेकिन इसकी वजह से सदन की गरिमा और उसके कामकाज पर असर नहीं पड़ना चाहिए। दुर्भाग्य से देश ने इस सत्र में यही देखा- वे जरूरी मुद्दे जिनका जवाब देश जानना चाहता था, शोर शराबे की भेंट चढ़ते रहे। यह सेशन ऐसे वक्त हो रहा था, जब भारत नई चुनौतियों से गुजर रहा है। विदेश और आर्थिक, दोनों मोर्चों पर हालात तेजी से करवट ले रहे हैं। ऐसे में और भी अहम हो जाता है कि संसद में इस पर सार्थक चर्चा होती और वाद-विवाद से रास्ता निकाला जाता। बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन और ऑपरेशन सिंदूर पर कई सवाल बचे रह गए। पीएम, सीएम को भी पद से हटाने वाले संविधान संशोधन विधेयक जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर जिस गंभीरता की जरूरत थी, वह नहीं दिखी। चिंताजनक बात यह है कि संसदीय कार्यवाही का ऐसा अंजाम अब आम हो चुका है। पिछले शीत सत्र में ही लोकसभा के 65 से ज्यादा घंटे बर्बाद हुए थे। एक अपवाद बजट सत्र को माना जा सकता है, जब राज्यसभा की प्रॉडक्टविटी 119फीसदी, जबकि लोकसभा की 118 फीसदी रही। संसद सत्र को चलाने में हर मिनट ढाई लाख रुपये से ज्यादा खर्च होते हैं। ऐसे में सदन जब काम नहीं करता, तो जनता की गाढ़ी कमाई के इन रुपयों के साथ देश का बेहद कीमती समय भी जाया हो जाता है। हाल में सरकार और विपक्ष के रिश्तों में जो गिरावट आई है, मानसून सत्र उसका सबसे बड़ा उदाहरण है। लोकतंत्र में संवाद और आपसी सम्मान के बिना काम नहीं चलता। विरोध जरूरी है, पर मुद्दों पर और सकारात्मक उद्देश्य के साथ।

**संसद का मानसून सत्र हंगामे के साथ खत्म हुआ। यह सत्र निराशाजनक रहा, क्योंकि सरकार और विपक्ष में टकराव हुआ। कई सवाल अधूरे रहे, जिनका जवाब देश जानना चाहता था। संवाद की कमी भी दिखी।**



॥गीता॥



**श्लोक**

**पवनः पवतामस्मि**
**रामः शस्त्रभृतामहम्।**
**झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि**
**जाह्नवी॥**

**भावार्थ**

मैं पवित्र करने वालों में वायु और शस्त्रधारियों में श्रीराम हूँ तथा मछलियों में मगर हूँ और नदियों में श्री भागीरथी गंगाजी हूँ।

जीवन दर्शन

## दूसरों की गलती से सीख लेने वाला ही समझदार

वे लोग बहुत खास होते हैं जो गलती को गलती की तरह नहीं देखते। जब आप कोई नई गलती करते हैं, अगर वह आपसे अनजाने में हुई है, तो आपको एक ऐसा सबक मिलता है जिसे आप जीवनभर याद रखते हैं। वहीं दूसरी ओर अगर आप उस गलती को बार-बार दोहराते हैं, तब वह आपके द्वारा किया गया वो कृत्य है जिसकी कोई माफी नहीं है। जब आप गलती करते हैं तो वह भविष्य में कहीं न कहीं आपको दयनीय हालातों तक पहुंचा देती है। इसलिए जानबूखकर कुछ भी गलत करना आपके लिए सही नहीं है। गलती या भूल वो होती है जो यह दर्शाती है कि जो सबक आपको मिल सकता था, आपने उसपर ध्यान नहीं दिया। दोबारा या बार-बार



ऐसा करना एक समझदार व्यक्ति के लिए सही नहीं है। अगर कुछ गलत हुआ तो केवल उस चीज से, उस हालात से सीखिए और आगे बढ़िए। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि अपनी गलती को पहचानना एक मुश्किल काम है, लेकिन अगर आप ऐसा कर लेते हैं तो निश्चित रूप से दूसरों की माफी के हकदार हैं लेकिन अगर आप ऐसा नहीं करते तो आपकी चेतना आपको इसके लिए परेशान कर सकती है। स्वयं को स्पष्ट करने की या अपनी गलती को न्यायसंगत ठहराने की बजाय अगर आप उस गलती पर काम करते हैं तो यह अपने आपको उस भूल से बाहर निकाल सकता है। जब आप किसी अन्य व्यक्ति की गलती निकालते हैं तो क्या आप खुद को उनसे अलग पाते हैं या आप उसे व्यक्ति को अपना ही भाग मानते हैं? क्या आपके शब्द उस व्यक्ति के मानसिक तनाव को और बढ़ा देते हैं या फिर उसकी चेतना को बढ़ाते हैं। कई बार आवश्यक होने के बावजूद जब आपा किसी व्यक्ति की गलती को उजागर करते हैं तो कहीं न कहीं आप भी एक गलती ही कर रहे हैं। एक जागरुक व्यक्ति कभी अपनी एक गलती को बार-बार नहीं दोहराता है, पहली बार में ही उस गलती से सबक लेकरा उसे कभी न दोहराने का प्रण ले लेता है और समझदार व्यक्ति वो है जो दूसरों की गलती से ही सबक लेकर जीवन जीता है।

**श्री श्री रवि शंकर**

## संक्षिप्त खबरें

### आयुक्त का कर्मचारी मंच ने किया अभिनंदन



**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने तकनीकी शिक्षा विभाग के आयुक्त अवधेश शर्मा आईएएस का मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शासकीय सेवा के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किए जाने पर अभिनंदन किया। प्रतिनिधि मंडल में अशोक पांडे, देवराज विश्वकर्मा, बसंत कटारे, अतुल मिश्रा, गेंद लाल लोधी, लालचंद आहूजा, रंजीत सेन, अनीता गुप्ता, पूजा बाथम सहित दर्जनों कर्मचारी शामिल थे। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि कर्मचारी मंच ने तकनीकी शिक्षा विभाग के आयुक्त को पत्र सौंपकर तकनीकी शिक्षा विभाग के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को 5 माह का बकाया अंतर भुगतान करने तथा उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने की मांग की है। आयुक्त ने प्रतिनिधि मंडल का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाएगा।

### कटनी कान्क्लेव में 15 सौ उद्योगपति होंगे शामिल

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में 23 अगस्त को कटनी मे मप्र माइनिंग कॉनक्लेव 2.0 का आयोजन किया जा रहा है। कॉनक्लेव का मुख्य फोकस क्षेत्र कोयला एवं ऊर्जा, ऊर्जा एवं हाइड्रोकार्बन, प्रौद्योगिकीय प्रगति, महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) और चूना पत्थर एवं सीमेंट होंगे। मुख्यमंत्री समिट में शामिल होने वाले विषय-विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ चर्चा करेंगे। कॉन्क्लेव में 2 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं, जिनमें देश के विभिन्न राज्यों के निवेशक और उद्योगपति शामिल हैं। कॉन्क्लेव में देशभर के बड़े औद्योगिक घरानों ने दिलचस्पी दिखाई है। कॉन्क्लेव में डायरेक्टर जनरल जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया राजेश जोशी, चीफ कंट्रोलर ऑफ माइन्स इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स नागपुर पंकज कुलश्रेष्ठ, सीएमडी एचसीएल संजीव कुमार सिंह, डायरेक्टर (फाइनेंस) एमईसीएल सुरेन्द्र सिंह क्षत्रिय, जीएम बिजनेस डेवलपमेंट सीआईएल चंद्र शेखर सिंह, चीफ स्ट्रेटजी एंड बिजनेस डेवलपमेंट अडानी सीमेंट भीमसी कचोट सहित दूसरे उद्योगपति शामिल होंगे।

### वल्नरेबिलिटी मैपिंग पुनर्वास में बनेगी प्रभावी आधार

**विसं भोपाल।** आयुक्त महिला एवं बाल विकास सूफिया फारूकी वली ने कहा कि 'वल्नरेबिलिटी मैपिंग' बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियों का आकलन है, जो बाल संरक्षण योजनाओं को मजबूत बनाता है और विभागीय समन्वय को सुनिश्चित करता है। आयुक्त महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भोपाल में 'वल्नरेबिलिटी मैपिंग' एवं परिवार आधारित वैकल्पिक देख रेख विषयक राज्य स्तरीय बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारियों एवं बाल कल्याण समितियों को निर्देशित किया कि चिन्हित बच्चों को योजनाओं से जोड़कर सुरक्षित पारिवारिक वातावरण प्रदान करें और 'स्ट्रीट चिल्ड्रन पालिसी-2022' के अनुसार सड़क पर रहने वाले बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ें। बैठक में प्रदेश के तीन संभागों भोपाल, इंदौर एवं उज्जैन के 12 जिलों को प्रथम चरण में शामिल कर 'वल्नरेबिलिटी मैपिंग' की कार्यवाही पर चर्चा की गई। बाल श्रम एवं बाल तस्करी से बचाए गए बच्चों को संरक्षण और पुनर्वास के लिए बाल देख रेख संस्थाओं में प्रवेश, परामर्श प्रदान करने तथा बच्चों व उनके परिवार को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिये बैठक में दिशा-निर्देश दिए गए।

# भोपाल की मेफैड्रोन फैक्ट्री में एनआईए की एंट्री, अंडरवर्ल्ड कनेक्शन की होगी जांच

## दो माह पहले रेड कॉर्नर नोटिस, फिर भी सलीम डोला ने भोपाल में लगाया प्लांट

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** डीआरआई के छापे के बाद सुर्खियों में आई भोपाल के जगदीशपुर स्थित मेफेड्रोन फैक्ट्री की जांच अब एनआईए भी करेगी। फैक्ट्री का अंडरवर्ल्ड से कनेक्शन मिलने के बाद एनआईए ने भी इस मामले की जांच की तैयारी कर ली है। इस फैक्ट्री को लगाने में अंडरवर्ल्ड ड्रग तस्कर सलीम डोला का नाम उजागर होने के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि वही तुर्किए से बैठकर इसका संचालन कर रहा था। डोला को मुंबई के भगोड़े डॉन दाउद इब्राहिम का करीबी माना जाता है और उसके अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स स्मगलिंग गिरोह से भी संबंध होने की बात कही जा रही है। इस मामले के अंडरवर्ल्ड और विदेश से जुड़ा होने के कारण एनआईए भी इस केस की जांच करेगी।

### 1800 करोड़ के एमडी ड्रग्स में भी सलीम ही था मुख्य आरोपी

भोपाल के बगरौदा इंडस्ट्रियल एरिया से दस माह पहले पकड़ी गई फैक्ट्री का भी कनेक्शन सलीम डोला से ही था। इस मामले में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने छानबीन के बाद जो आरोप पत्र भोपाल स्पेशल कोर्ट में पेश किया था, उसके अनुसार इस फैक्ट्री का भी कर्ताधर्ता सलीम डोला ही था। डोला के खिलाफ एनसीबी ने दो माह पहले ही रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था और इंटरपोल उसकी तलाश में जुटी है। एनसीबी ने भी उस पर एक लाख का इनाम घोषित कर रखा है। बगरौदा स्थित फैक्ट्री से जो केमिकल जब्त हुए हैं, ठीक वैसे ही केमिकल जगदीशपुर में भी मिले हैं। इंटेलिजेंस इनपुट के अनुसार फिलहाल सलीम डोला ने तुर्किए के इस्तांबुल में ठिकाना बना रखा है। भोपाल के जगदीशपुरा में मेफेड्रोन ड्रग्स फैक्ट्री का काम उसका भतीजा मुस्तफा कुब्बावाला देख रहा था। सलीम पहले दाउद के खास इकबाल मिर्ची का सहयोगी रह चुका है।



### गुजरात में बनी थी भोपाल में प्लांट लगाने की योजना

सलीम उर्फ डोला ने गुजरात के अंकलेश्वर की फार्मा कंपनी में काम कर रहे अशोकनगर निवासी फैसल कुरैशी को काम के लिए चुना। फैसल के पास फार्मेसी डिप्लोमा होने से केमिकल की जानकारी भी थी। सलीम के गुर्गों ने गुजरात में कुछ दिन मेफेड्रोन बनाने की ट्रेनिंग दी। फैसल एमपी आया और गंजबासौदा निवासी रज्जाक खान से मिला। रज्जाक डिप्लोमा होल्डर है और एक निजी कंपनी में नौकरी करता था। दोनों ने इसके लिए भोपाल के आसपास ही जगह तलाशी ताकि कच्चा माल आसानी से लाया जा सके। इन्हें जगदीशपुर में मौके की जगह मिली तो पांच लाख अधिक देकर मकान का सौदा कर लिया और एक लाख रिश्वत देकर बिजली कनेक्शन लगवाकर मेफेड्रोन बनाना शुरू कर दिया। फैसल ने ही मेफेड्रोन बनाने की तकनीक रज्जाक को भी सिखाई। बाद में डीआरआई ने 16 अगस्त को मकान नंबर-11 पर रेड मारकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया और मौके से 61.20 किलो मेफेड्रोन जब्त किया गया, जिसका बाजार भाव 92 करोड़ रुपए था। 541.53 किलो कच्चा माल भी मिला जिससे मेफेड्रोन बनाया जाना था।

### गिरफ्तार महिला तस्कर रह चुकी है नेशनल कुश्ती प्लेयर

डीआरआई द्वारा गिरफ्तार एक महिला समेत सातों आरोपियों को पिछले दिनों भोपाल कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है। गिरफ्तार किए गए सातों आरोपियों में गुजरात की महिला तस्कर के बारे में डीआरआई को नई जानकारी पता चली है। वह गुजरात की राच्य स्तर की पहलवान है और राष्ट्रीय खेलों में भी भाग ले चुकी है। सूत्रों के अनुसार महिला ने बताया कि गैंग के सरगना इस महिला और अन्य गरीब आरोपियों का इस्तेमाल कर रहे थे। ये लोग केवल मामूली रकम के लिए काम करते थे, जबकि रैकेट के बड़े बॉस करोड़ों का मुनाफा कमा रहे थे। इस मामले में सातों गिरफ्तार आरोपियों को भोपाल के सेंट्रल जेल में विशेष निगरानी में रखा गया है। इनमें से छह पुरूष आरोपियो को फिलहाल जेल के भीतर एक दूसरे से मिलने नहीं दिया जा रहा है। इसके अलावा महिला तसेक्र को महिला जेल भेजा गया है।

# पमरे ने निकाली अप्रेंटिसशिप के लिए 2865 पदों पर वेकेंसी

## ऑनलाइन भरे जाएंगे फार्म, मैरिट पर चयन

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे ने वर्ष 2025-26 के लिए अप्रेंटिस की भर्ती की सूचना जारी की है। इस सूचना के अनुसार रेलवे के मुख्यालय, विभिन्न मंडलों एवं कार्यशालाओं में कुल 2865 पदों पर अप्रेंटिस लिए जाएंगे। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रहेगी। इस भर्ती में भोपाल मंडल के लिए 558 पद, जबलपुर मंडल के लिए 1136 पद, कोटा मंडल के लिए 865 पद, कोच फैक्ट्री (भोपाल) के लिए 136 पद, कोटा वर्कशॉप के लिए 151 पद तथा मुख्यालय जबलपुर के लिए 19 पद निर्धारित किए गए हैं। इन पदों पर प्रशिक्षु के रूप में चयनित युवाओं को निर्धारित अवधि तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। आवेदन प्रक्रिया 30 अगस्त से शुरू होकर 29 सितम्बर तक चलेगी।

### 10वीं और आईटीआई डिप्लोमा अनिवार्य

इन पदों पर आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी की आयु 15 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट मिलेगी। शैक्षणिक योग्यता के अंतर्गत अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है, जिसमें न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक हों। साथ ही संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र भी अनिवार्य है। चयन प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट आधारित होगी। अभ्यर्थियों के दसवीं कक्षा तथा आईटीआई में प्राप्त अंकों के औसत को ध्यान में रखते हुए मेरिट सूची तैयार की जाएगी। इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की लिखित परीक्षा या साक्षात्कार का प्रावधान नहीं है। ऑनलाइन आवेदन के दौरान अभ्यर्थियों को पासपोर्ट आकार का फोटो, हस्ताक्षर, जन्म प्रमाण पत्र, दसवीं और आईटीआई की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) तथा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। आवेदन शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को शुल्क से छूट दी गई है।

# मेट्रो को इंदौर से उज्जैन पहुंचने चाहिए 10 हजार करोड़ रुपए

**जागरण, इंदौर।** सिंहस्थ से पहले इंदौर से उज्जैन तक मेट्रो की दिशा में चल रही तैयारी एक कदम बढ़ती दिख रही है। 45 किलोमीटर के इस ट्रैक पर मेट्रो दौड़ाने की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इसमें होने वाले खर्च और जरूरी जमीन व संसाधन का आकलन भी डीपीआर भी कर लिया गया है। इंदौर के लवकुश नगर से शुरू होकर उज्जैन रेलवे स्टेशन तक मेट्रो चलाने में करीब 10 हजार करोड़ रुपए का वित्तीय खर्च आएगा। लोगों को सुविधा देने के लिए दोनों शहरों के बीच कुल 11 स्टेशन बनाए जाएंगे। इस परियोजना में आ रही अड़चनों को भी रिपोर्ट में विस्तार से बताया गया है। सूत्रों के मुताबिक इस डीपीआर को कैबिनेट में भेजने के पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सामने रखा जाएगा। मुख्यमंत्री द्वारा रिव्यू करने के बाद ही यह डीपीआर कैबिनेट में रखी जा सकती है। ताकि वित्तीय और जमीन से जुड़ी जरूरतों का प्रबंधन किया जा सके। सर्वे व निरीक्षण के बाद डीपीआर का ड्राफ्ट फाइनल किया गया है।



### ऐसे पूरा होगा प्रोजेक्ट

राज्य सरकार के इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में लगभग 10 हजार करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान रखा गया है। दोनों शहरों के बीच 11 स्टेशन बनेंगे। इनमें भौंरासला, बारोली, धरमपुरी, तराना, सांवेर, पंथ पिपलई, निनोरा, त्रिवेणी घाट, नानाखेड़ा, उज्जैन आईएसबीटी, उज्जैन रेलवे स्टेशन पर मेट्रो स्टेशन प्रस्तावित किए गए हैं। डीपीआर में उज्जैन शहर में 4.5 किमी का ट्रैक अंडर ग्राउंड रखने का प्रस्ताव है। मेट्रो 45 से 50 मिनट में लवकुश चौराहा से उज्जैन पहुंचेगी। अभी बस और दो व चार पहिया वाहनों से डेढ़ से दो घंटे का समय लगता है। अच्छी बात यह है कि इंदौर-उज्जैन सड़क मार्ग पहले से ही सिक्स लेन किया जा रहा है।

### उज्जैन में जमीन मुख्य अड़चन

दिल्ली मेट्रो की टीम द्वारा तैयार की गई डीपीआर में पूरे प्रोजेक्ट की मुख्य अड़चनों को भी प्रमुखता से बताया गया है। इसमें 10 हजार करोड़ के भारी भरकम फंड के अलावा उज्जैन शहर में जमीन की तंगी को मुख्य अड़चन माना गया है। उज्जैन में डिपो बनाने के लिए 49.7 एकड़ सरकारी जमीन जरूरी है। मगर उज्जैन शहर तो दूर यहां आसपास नहीं मिल सकी है। एकमुश्त इतना बड़ा रकबा सरकार के पास कहीं नहीं है। इसी के चलते सांवेर के पास रेवती में जमीन मांगी गई। फंड और जमीन की अड़चन से इंदौर-उज्जैन मेट्रो प्रोजेक्ट को अभी तक गति नहीं मिल सकी है।

### प्रोजेक्ट की खास बातें

- इंदौर-उज्जैन रूट पर मेट्रो को एलिवेटेड रखा जाएगा। एलिवेटेड मेट्रो के लिए सड़क के बीचोंबीच डिवाइडर पर पिलर खड़े किए जाएंगे। शहर के अंदर नानाखेड़ा से उज्जैन रेलवे स्टेशन तक अंडर ग्राउंड ट्रैक बिछाए जा सकेंगे।

# आपदा में साहस दिखाने वाले के लिए ट्रैक्टर लेकर पहुंचे सिंधिया

## प्रभावित परिवारों से मिलकर राहत-पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की



**जागरण, शिवपुरी।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने संसदीय क्षेत्र के चार दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन शुक्रवार को कोलारस के विभिन्न बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में पहुंचे। सिंधिया ने बाढ़ प्रभावित लिलवारा गांव के साहसी और निस्वार्थ युवक गिरिराज को नया ट्रैक्टर भेंट कर अपना वचन निभाया। गिरिराज ने बाढ़ में अपनी ट्रैक्टर की मदद से कई ग्रामीणों की जान बचाई थी और लगातार सेवा करते हुए उसका ट्रैक्टर गहराई में फंसकर बंद हो गया एवं इंजन भी नष्ट हो गया। इस साहसिक कार्य से प्रभावित होकर सिंधिया ने गिरिराज को नया ट्रैक्टर देने का आश्वासन दिया और महज 12 घंटे के भीतर गिरिराज को ट्रैक्टर-ट्रॉली प्रदान उन्होंने अपना वादा पूरा किया। गिरिराज ने अपनी जान और साधन की चिंता न करते हुए ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया। इस बहादुरी और त्याग ने पूरे क्षेत्र के लिए उसे प्रेरणा का स्रोत बना दिया।

# सिंघार के कलेक्टर को आरएसएस की चड्डी पहनने बाले बयान पर सियासत

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के एक बयान पर सियासत शुरू हो गई है। सिंघार ने छिंदवाड़ा कलेक्टर को आरएसएस की चड्डी पहनने की सलाह दी, तो भाजपा नेता रामेश्वर शर्मा ने कहा कि यदि उन्हें संघ की ताकत जाननी है, तो जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के समय का अध्ययन कर लें। शुक्रवार को उमंग सिंघार धार के कांग्रेस जिला अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए थे, जिसका उन्होंने सोशल मीडिया पर वीडियो साझा किया, जिसमें सिंघार ने कहा कि छिंदवाड़ा कलेक्टर इतना डरपोक है कि भाजपा का गुलाम बन गया है। मैंने तो यहां तक कह दिया कि अगर गुलाम हैं तो भाजपा, आरएसएस की चड्डी पहन लें' उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारी जनता के नौकरशाह होते हैं, लेकिन छिंदवाड़ा का कलेक्टर भाजपा का नौकर बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई अधिकारी पार्टीबाजी करेगा तो कांग्रेस आने वाले समय में जवाब देना जानती है। आप क्यों डरते हैं? क्या हमारी सरकार नहीं आएगी? जरूर आएगी और जो दादागिरी करेगा, उसके साथ कांग्रेस पार्टी राम नाम सत्य करवाना जानती है।



### मर्यादा भूले नेता प्रतिपक्ष : शर्मा



विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि सिंघार ने नेता प्रतिपक्ष जैसे गरिमामय संवैधानिक पद की मर्यादा को भूलते हुए, जिस प्रकार की भाषा और सोच का परिचय दिया है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।नेता प्रतिपक्ष का पद जनता द्वारा सौंपा गया एक गंभीर और जिम्मेदार दायित्व होता है, लेकिन उमंग सिंगार ने इसे मजाक बनाकर रख दिया है। उनका बयान दर्शाता है कि वे न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना कर रहे हैं, बल्कि भाषा की गरिमा भी भूल चुके हैं। शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संविधान को सर्वोपरि मानते हुए राष्ट्रसेवा के कार्य में निरंतर संलग्न है। डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान ही संघ की प्रेरणा है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि पंडित जवाहरलाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री जैसे पूर्व प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के देशभक्ति और अनुशासन से प्रभावित होकर गणतंत्र दिवस परेड में आमंत्रित कर चुके हैं।

### कांग्रेस नेता असली चेहरा ला रहे सामने: अग्रवाल

**विसं भोपाल।** भाजपा प्रदेश प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस नेता अपने बयानों से पार्टी का असली चेहरा सामने ला रहे हैं। राजगढ़ में नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खिंची के कार्यक्रम में कांग्रेस नेता यशवंत गुर्जर द्वारा दिए गए बयान को आपत्तिजनक बताते हुए अग्रवाल ने एक्स पर पोस्ट किया। जिसमें उन्होंने लिखा कि गुर्जर ने हमारी लाड़ली बहनों का घोर अपमान किया। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहनों को बोरियों में भर देंगे। जो लाड़ली बहनों को बोरियों में भरने की बात कर रहे हैं, उनकी खुद की धर्मपत्नी आज भाजपा सरकार की लाड़ली बहना योजना का लाभ ले रही हैं। यह कांग्रेस की दोहरी मानसिकता है। अग्रवाल ने लिखा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने लाड़ली बहना योजना के माध्यम से बहनों की आर्थिक मजबूती और सामाजिक सम्मान को सुनिश्चित किया है।

# नए वन बल प्रमुख ने बाघों की मौतों पर जताई नाराजगी

## अधिकारियों को पत्र लिखकर जताई आपत्ति, दी चेतावनी

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश के नए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वीएन अम्बाडे ने राज्यों में पिछले कुछ दिनों में बाघों और तेंदुओं की मौत पर नाराजगी जताई है। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से साफ तौर पर कहा है कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जानकारी के अनुसार प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने पिछले 20 से 25 दिनों के अंदर टाईगर रिजर्व एवं क्षेत्रीय वनों में 5 से 6 बाघों एवं तेंदुओं की मौत को लेकर हैरानी जताई है। उन्होंने इस पर वन एवं वन्य जीव संरक्षण व्यवस्था पर सवाल खड़े होने की बात कही है। उन्होंने बाघ की मौत के मामलों में उच्च अधिकारियों की संभावित लापरवाही और वन कर्मियों पर मृत बाघ के शव को नष्ट करने में शामिल होने के आरोपों पर संज्ञान लिया है। अम्बाहे ने इस संबंध में समस्त क्षेत्र संचालक, टाईगर रिजर्व,सभी मुख्य वन संरक्ष, वन संरक्षक को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने इस तरह की घटनाओं पर आपत्ति जताई है। उन्होंने बालाघाट में जिस तरह से बाघ की मृत्यु के पश्चात वन अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा गंभीर लापरवाही बरती गई है,वह अत्यंत अशोभनीय है। जानकारी के अनुसार 2 अगस्त को पोटूटोला के पास एक मृत बाघ का शव मिला था, और यह घटना जांच के दायरे में आई जब शव को जलाकर नष्ट करने की कोशिश के बारे में तस्वीरें सामने आईं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने उच्च अधिकारियों को लिखे एक पत्र में संकेत दिया कि मृत बाघ के शव को नष्ट करने की घटना में वन कर्मी शामिल हो सकते हैं, जिससे कवर-अप का प्रयास लगा। जानकारों की माने तो इस मामले पर राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) भी मामले में मध्य प्रदेश सरकार से रिपोर्ट मांग रहा है।

**अनदेखी** थानों और अहम दफ्तरों से हटाकर पुलिस लाइन भेजे जाने हैं दागी

# पीएचक्यू को नहीं पता दागी पुलिसकर्मियों की संख्या, एसपी ने नहीं भेजी जानकारी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश पुलिस के मुख्यालय पीएचक्यू को यह जानकारी ही नहीं है कि प्रदेश के किस जिले में कितने दागी पुलिसकर्मी काम कर रहे हैं। पीएचक्यू ने पिछले महीने सभी जिलों के एसपी को यह निर्देश जारी किए थे कि वे थानों और अधिकारियों के दफ्तरों में तैनात ऐसे पुलिस स्टाफ की जानकारी जुटाएं और उन्हें थानों, क्राइम ब्रांच और अहम दफ्तरों से हटाकर पुलिस लाइन भेजें। इसकी जानकारी जिलों के एसपी को जल्द से जल्द पीएचक्यू भेजनी थी। इसके बाद भी अधिकांश जिलों ने कोई जानकारी पीएचक्यू की प्रशासन शाखा को नहीं भेजी है। प्रदेश के सभी जिलों के अलावा जीआरपी की ग्वालियर, भोपाल, इंदौर और जबलपुर यूनिट ने भी अब तक यह जानकारी पीएचक्यू को नहीं दी है। डीजीपी कैलाश मकवाणा के निर्देश पर पीएचक्यू की एडमिन शाखा के प्रमुख स्पेशल डीजी आदर्श कटियार ने पिछले महीने एमपी पुलिस की सभी जिला इकाइयों और जीआरपी यूनिट को इस संबंध में आदेश जारी किए थे। इसके अनुसार आरक्षक से लेकर इंस्पेक्टर स्तर के ऐसे पुलिसकर्मियों को थानों से हटाकर सीधे पुलिस लाइन भेजने को कहा गया था, जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले, रिश्वत मांगने




और अन्य गंभीर मामलों की विभागीय जांच लंबित है। इस आदेश के बाद कई जिलों में ऐसे स्टाफ पर कार्रवाई भी की गई थी। भोपाल में बीती 7 जुलाई को इस आदेश के तहत ही 44 पुलिसकर्मियों को एक साथ लाइन अटैच कर दिया गया था। इसके बाद चार थाना प्रभारियों का भी ट्रांसफर थानों से पुलिस लाइन कर दिया गया था। सूत्रों के अनुसार, कई जिलों के एसपी ने इन निर्देशों के अनुसार दागियों पर कार्रवाई करने के बजाय अन्य पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया। इस तरह की कई शिकायतें पीएचक्यू के पास पहुंच रही हैं।

### गलत जानकारी देने पर कई जिलों के एसपी को लगी फटकार

इस आदेश के लिए कोई समय सीमा तय नहीं थी लेकिन पीएचक्यू की एडमिन ब्रांच ने इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई कर सूचना देने को कहा था। दागी पुलिस वालों को लेकर कई जिलों ने आधी-अधूरी जानकारी भेज दी तो कुछ जिलों ने गलत जानकारी भेजी थी। कई जिले ऐसे थे जिन्होंने ये जानकारी पीएचक्यू तक भेजी ही नहीं। इसके बाद समीक्षा के दौरान पिछले माह स्पेशल डीजी एडमिन आदर्श कटियार ने कई जिलों के एसपी को फटकार भी लगाई थी। इसके बाद भी अब तक अधिकांश जिलों ने यह जानकारी नहीं भेजी है। इससे पहले पीएचक्यू ने निर्देश दिए थे कि ऐसे सभी आरक्षक से लेकर इंस्पेक्टर स्तर के पुलिसकर्मियों को उनकी वर्तमान पदस्थापना से हटा दिया जाए जो पिछले पांच साल से एक ही सर्किल में तैनात थे। इसके बाद प्रदेश में लगभग 11 हजार पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर किया गया था। ये पुलिसकर्मी थानों, अफसरों के दफ्तरों और क्राइम ब्रांच में लंबे समय से तैनात थे।

### हमें प्रधानमंत्री को और मजबूत बनाना है: मेयर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** महापौर मालती राय ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को मजबूत कर रहे हैं, हर समाज, हर वर्ग के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हमें उन्हें मजबूत करना है। जनजातीय समाज तरक्की करें इसके लिए हमारी सरकार होना जरूरी है। महापौर शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि मोर्चा कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच की कड़ी बनकर जनहितैषी योजनाओं का लाभ आमजन को दिलाएं। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यती ने भी संबोधित किया। बैठक में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना जाचक, जिला सह मीडिया प्रभारी श्रीमती सुषमा बाबिसा, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष हरिओम ओसारी, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष शक्ति राव सहित तीनों मोर्चों के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिसेन के फर्जी जाति संबंधी शिकायत की जांच क्यों नही?

## हाईकोर्ट ने जांच कमेटी सहित अन्य से मांगा जवाब

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन के खिलाफ फर्जी जाति के संबंध में की गई शिकायत की जांच न होने का आरोप लगाने वाले मामले को गंभीरता से लिया। जस्टिस डीडी बंसल की एकलपीठ ने दायर अवमानना मामले में राच्य शासन, उच्च स्तरीय जाति जांच समिति, आयुक्त पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग व गौरी शंकर बिसेन सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। यह अवमानना का मामला बालाघाट लांजी के पूर्व विधायक किशोर समरीते की ओर दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता शिवेंद्र पांडे व अभिमन्यु चौहान ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने वर्ष 2020 में हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि पूर्व मंत्री गौरी शंकर बिसेन का जाति प्रमाण पत्र फर्जी है, उसकी जांच होनी चाहिए। इस संबंध में हाईकोर्ट ने 20 नवंबर 2023 को याचिकाकर्ता को कहा था कि वह इस संबंध में उच्च स्तरीय जाति जांच समिति भोपाल के समक्ष शिकायत प्रस्तुत करें।

### पंचायत व निकाय चुनाव में राजस्थान में लागू होगा वन स्टेट वन इलेक्शन

**जयपुर, जेएनएन।** पंचायत, शहरी निकाय चुनावों को लेकर राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकार को छह महीने में चुनाव कराने के निर्देश दिए हैं। आदेश के बाद राज्य सरकार ने कार्रवाई शुरू कर दी है। सीएम भजनलाल शर्मा ने शहरों में परिसीमन के लिए शहरी विकास मंत्री की अध्यक्षता में बनी कमेटी और ग्रामीण इलाकों में परिसीमन के लिए पंचायत राज मंत्री की अध्यक्षता में बनी कमेटी की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। इससे पहले राजस्थान निर्वाचन आयोग के आयुक्त मधुकर गुप्ता ने नए मतदाता सूचियों के प्रकाशन के लिए कवायद का आदेश जारी किया।

## संक्षिप्त समाचार

### रनवे पर फ्लाइट को टेक ऑफ के पहले रोका गया




**मुंबई, जेएनएन।** मुंबई एयरपोर्ट पर शुक्रवार शाम एक सनसनीखेज घटना हुई, जब एयर इंडिया की जोधपुर जाने वाली फ्लाइट टेक-ऑफ से ठीक पहले अचानक रनवे पर ही रोक दी गई। फ्लाइट नंबर एआई 645 ने उड़ान भरने की तैयारी पूरी कर ली थी और विमान रनवे पर स्पीड भी पकड़ चुका था तभी पायलट ने तकनीकी गड़बड़ी का अलार्म नोटिस किया और तत्काल उड़ान रोकने का फैसला लिया। इस दौरान यात्रियों की धड़कनें तेज हो गईं और कुछ पल के लिए एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एयर इंडिया ने बाद में बयान जारी कर पुष्टि की कि यह एक ऑपरेशनल इश्यू था। पायलट ने फ्लाइट को सुरक्षित रूप से रनवे से वापस वे पर लाया।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद

### पहले विदेशी दौरे पर जाएंगे आर्मी चीफ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंडियन आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी अगले हफ्ते अल्जीरिया जाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह आर्मी चीफ का पहला विदेशी दौरा होगा।



अल्जीरिया की मगरेब क्षेत्र में अहम सामरिक स्थिति है और अफ्रीकी क्षेत्र में स्ट्रेटजिक मौजूदगी बढ़ाने के लिए यह भारत के लिए अहम है। इस यात्रा का मुख्य मकसद डिफेंस कोऑपरेशन है। वे अल्जीरिया के साथ मिलिट्री टू मिलिट्री संबंध मजबूत करने, ट्रेनिंग कार्यक्रमों का विस्तार करने और कैपेबिलिटी डिवेलपमेंट पर चर्चा करेंगे। भारत और अल्जीरिया के पास ज्यादातर मिलिट्री इक्विपमेंट्स और तकनीक एक जैसी है। भारत उन्हें अपने एक्सपीरियंस से ट्रेनिंग और मेंटेनेंस में मदद कर सकता है।

### मुकेश-अनिल अंबानी की मां अस्पताल में भर्ती

**मुंबई, जेएनएन।** देश प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी और अनिल अंबानी की मां कोकिलाबेन की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। कोकिलाबेन को शुक्रवार को मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह 91 वर्ष की हैं। रिलायंस के संस्थापक दिवंगत धीरूभाई अंबानी की पत्नी कोकिलाबेन को आपातकालीन परिस्थितियों के कारण एयरलिफ्ट करके मुंबई के अस्पताल लाया गया है। डॉक्टरों ने उनके स्वास्थ्य को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है। अंबानी परिवार अस्पताल पहुंच गया है।



### उद्योगपति स्वराज पाल का ब्रिटेन में निधन

**लंदन, जेएनएन।** भारतीय मूल के उद्योगपति लॉर्ड स्वराज पॉल का 94 साल की उम्र में ब्रिटेन में निधन हो गया। उनकी गिनती ब्रिटेन के सबसे अमीर लोगों में होती थी। इसी साल वो संडे टाइम्स रिच लिस्ट मुताबिक ब्रिटेन के 81वें नंबर के अमीर थे। 2015 में उनका रैंक 38 वां था। 2008 में ईस्टर्न आई की सूची में वे ब्रिटेन के सबसे अमीर एशियाई थे। हालांकि, उनकी जड़ें पंजाब और हरियाणा से जुड़ी हैं। लॉर्ड स्वराज पॉल का जन्म आजादी से पहले 1931 में अविभाजित पंजाब के जालंधर में हुआ था। आजादी के बाद परिवार हरियाणा के भिवानी के गांव चांग में बस गया।



# कांग्रेस-राजद घुसपैठियों के लिए कुछ भी करेंगी सतर्क रहें लोग, हम डाका नहीं डालने देंगे: मोदी

**गया/कोलकाता, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट रिवीजन को लेकर चल रहे विवाद के बीच शुक्रवार को गयाजी में कहा है कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) घुसपैठियों के लिए कुछ भी कर सकती है, किसी भी हद तक जा सकती है। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने 15 अगस्त जिस डेमोग्राफी मिशन को शुरू करने की घोषणा की थी, वो जल्द काम शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार घुसपैठियों को देश का भविष्य नहीं तय करने देगी बल्कि उन्हें देश से बाहर करेगी। मोदी ने गयाजी में आयोजित एक सरकारी कार्यक्रम से बिहार में 12000 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में गवर्नर आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी, ललन सिंह चिराग पासवान समेत एनडीए दलों के कई नेता उपस्थित थे।

पीएम मोदी ने कहा- मैंने लालकिले से एक और खतरे की बात की है। और ये खतरा बिहार पर भी है। देश में घुसपैठियों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। बिहार के सीमावर्ती जिलों में तेजी से डेमोग्राफी बदल रही है। एनडीए सरकार ने तय किया है कि देश का भविष्य घुसपैठियों को नहीं तय करने देंगे। घुसपैठियों को बिहार के युवाओं के रोजगार नहीं छीनने देंगे। सुविधाओं पर भारतीय का अधिकार है, उस पर घुसपैठियों को डाका नहीं डालने देंगे। इस खतरे से निपटने के लिए मैंने डेमोग्राफी मिशन शुरू करने की बात कही है। बहुत जल्द ये काम शुरू कर देगा। हम हर घुसपैठिए को देश से बाहर करके ही रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके बाद मसले को राजनीतिक ट्विस्ट देते हुए कहा- बिहार के लोग देश के भीतर बैठे घुसपैठियों के समर्थकों से भी सावधान रहें। जान जाइए, कौन घुसपैठियों के साथ है। कांग्रेस और आरजेडी जैसे दल बिहार के लोगों का हक छीनकर घुसपैठियों को देना चाहते हैं। तुष्टीकरण के लिए, वोट बैंक को बढ़ाने के लिए, कांग्रेस, आरजेडी वाले कुछ भी कर सकते हैं। कितने ही नीचे जा सकते हैं। बिहार के लोगों को बहुत सतर्क रहना है। कांग्रेस और राजद की बुरी नजर से बिहार को बचाकर रखना है।



गया में ब्रिज का लोकार्पण करते पीएम मोदी।

### मोदी ने कोलकाता मेट्रो के 3 नए रूट का किया शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार के बाद पश्चिम बंगाल की यात्रा पर पहुंचकर ने कोलकाता में 13.61 किलोमीटर लंबे नवनिर्मित मेट्रो नेटवर्क और इन मार्गों पर मेट्रो सेवाओं का शुभारंभ किया है। पीएम मोदी ने इस दौरान जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से नोआपारा-जय हिंद विमानबंदर मेट्रो सेवा, सियालदह-एस्प्लेनेड मेट्रो सेवा और बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाई। जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए पहला सीधा संपर्क भी शामिल है। जानकारी के मुताबिक, पीएम जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से जय हिंद बिमानबंदर और वापस मेट्रो की सवारी भी की है।

### कोलकाता जैसे शहर हमारे इतिहास की पहचान

वहीं इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कोलकाता जैसे हमारे शहर भारत के इतिहास और हमारे भविष्य दोनों की समृद्ध पहचान है। आज जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है तब दमदम, कोलकाता इन शहरों की भूमिका बहुत बड़ी है।ये आयोजन इस बात का प्रमाण है कि आज का भारत अपने शहरों का कैसे कायाकल्प कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेट्रो की सवारी की और मेट्रो परियोजनाओं में शामिल स्कूली छात्रों और निर्माण श्रमिकों से बातचीत की।

वोटर अधिकार यात्रा में राहुल गांधी बोले

# वोट चोर आए थे,लाइट बंद कर आवाज नहीं दबा सकते



**भागलपुर, जेएनएन।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा का आज छठा दिन है। राहुल गांधी का काफिला मुंगेर से निकल कर भागलपुर पहुंचा। यहां घंटा घर चौक पर राहुल गांधी ने कहा कि, सरकार ने आम लोगों के लिए सभी रास्ते बंद कर दिए हैं। पहले ओबीसी को दबाया जाता था। आपको मौका नहीं दिया जाता था। राहुल गांधी ने बीच सभा में संविधान की किताब मांगी और फिर कहा कि आजादी के बाद संविधान बनी। इसमें लिखा है कि हिन्दुस्तान के सभी लोग एक जैसे हैं। हर व्यक्ति को संविधान एक वोट देने की आजादी देता है। वन मैन वन वोट, लेकिन पीएम मोदी और चुनाव आयोग मिलकर आपका वोट चोरी कर रहे हैं। उन्होंने पीएम पर तंज किया और कहा कि, वोट चोर महाराज आज बिहार आए थे। सभा के दौरान लाइट नहीं होने पर राहुल गांधी ने कहा कि, देखिए लाइट काट दी गई है, लेकिन लाइट काटने से आवाज नहीं दबा सकते। बिहार में एक भी वोट चोरी नहीं होने देंगे, यहां की जनता ने वोटर अधिकार यात्रा में यह बात साबित कर दिया।

### तेजस्वी बोले- नीतीश अब नहीं बनेंगे सीएम

तेजस्वी यादव ने कहा कि, राहुल गांधी जी जो सवाल पूछते हैं, पीएम मोदी उसका जवाब नहीं देते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि, नीतीश पलटी मारते हैं, ये उनका आखिरी चुनाव है। मैं लिखकर देता हूं वो अब नीतीश कुमार बिहार के सीएम नहीं बनेंगे, बीजेपी उनका हिसाब कर देगी। इससे पहले मुंगेर के घोरघट में स्थानीय लोगों में राहुल-तेजस्वी को लेकर नाराजगी देखी गई। दरअसल, घोरघट में 20 फीट ऊंची भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण होना था। इसकी तैयारी भी की गई। राहुल-तेजस्वी का काफिला उद्घाटन स्थल होते हुए आगे बढ़ गया।

### लालू के पिंडदान वाले पोस्ट पर मांझी-चिराग का जवाब

पीएम मोदी बिहार के गयाजी पहुंचने पर लालू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, पीएम गयाजी आए हैं जदयू की पिंडदान करने। इस पोस्ट पर एनडीए नेताओं ने प्रतिक्रिया दी है। जीतन राम मांझी ने कहा, लालू यादव हमेशा इसी तरह की भाषा के लिए जाने जाते हैं। लेकिन अब लोग शिक्षित हो गए हैं, जागरूक हो गए हैं। अब ऐसे बयानों से कोई भ्रमित नहीं होता। लोक जनशक्ति पार्टी प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भी लालू यादव की टिप्पणी की निंदा की और कहा, यह कैसी भाषा है?

## चंद्रबाबू नायडू ने सरकार से मांगी 5,000 करोड़ की अतिरिक्त मदद

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की और राज्य में जारी कई विकास योजनाओं के लिए केंद्र से वित्तीय मदद की मांग की। उन्होंने एक ज्ञापन सौंपते हुए राज्य के लंबित राजधानी प्रोजेक्ट्स के लिए 5,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि की मांग की है। ज्ञापन में 2024-25 वित्त वर्ष के लिए सिंगल नोडल एजेंसी (एसएनए स्पर्श) प्रोत्साहन योजना के दिशा-निर्देशों के तहत 250 करोड़ रुपये की मंजूरी और जारी करने की भी मांग की गई। नायडू ने बताया कि अब तक राज्य को स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फॉर कैपिटल इन्वेस्टमेंट योजना के तहत 2,010 करोड़ रुपये मिले हैं। केंद्र द्वारा पूर्वी राज्यों के एकीकृत विकास के लिए घोषित 'पूर्वोदय योजना' का स्वागत करते हुए नायडू ने कहा कि इससे आंध्र प्रदेश को बड़ा लाभ होगा। उन्होंने केंद्र से आग्रह किया कि योजना लागू करने की प्रक्रिया जल्द तय की जाए। पत्रकारों से बात करते हुए नायडू ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि एनडीए ने सी.पी. राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुना है।



## ट्रंप की आलोचना करने वाले पूर्व एनएसए बोल्टन के घर पर छापा

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** एफबीआई ने डॉक्युमेंट्स से जुड़ी जांच के तहत शुक्रवार सुबह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जॉन बोल्टन के वॉशिंगटन डीसी स्थित आवास पर छापा मारा। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई सुबह करीब सात बजे मैरीलैंड के बेथेस्डा स्थित बोल्टन के घर पर हुई और एफबीआई निदेशक काश पटेल के आदेश पर की गई। बोल्टन ने ट्रंप द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने के चलते अमेरिकी राष्ट्रपति की आलोचना की थी। छापेमारी शुरू होने के कुछ ही देर बाद, पटेल ने एक्स पर एक रहस्यमयी पोस्ट में लिखा, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। एफबीआई एजेंट मिशन पर हैं। यह घटनाक्रम जॉन बोल्टन द्वारा अमेरिकी टैरिफ नीति पर टिप्पणी करने के कुछ दिनों बाद सामने आया है। उनकी यह टिप्पणी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शुक्रवार को अलास्का के एंकोरेज में होने वाली महत्वपूर्ण शिखर वार्ता से एक दिन पहले आई है। इससे पहले, एक इंटरव्यू में, बोल्टन ने ट्रंप को एक विकृत राष्ट्रपति कहा था और कहा था कि भारत-अमेरिका संबंध बहुत खराब स्थिति में हैं।



# समझौते को तैयार नहीं पुतिन, यूक्रेन से युद्ध विराम के लिए रखीं चार शर्तें

**मास्को, जेएनएन।** यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए हाल ही में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की थी। अब खबर है कि इस मुलाकात के बाद उन्होंने यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए 4 शर्त रखी हैं। इनमें यूक्रेन से पश्चिमी देशों की सेनाओं की पूरी तरह वापसी और पूरे डोनबास इलाके को रूस को सौंपना शामिल हैं। ये मांगें दर्शाती हैं कि पुतिन अभी भी किसी समझौते को तैयार नहीं है। क्रेमलिन के 3 करीबी सूत्रों के हवाले से कहा है कि पुतिन ने यूक्रेन से पूरे डोनबास क्षेत्र को उसे सौंपने की शर्त रखी है। इसमें डोनेट्स्क और लुहांस्क प्रांत भी शामिल हैं। इसके अलावा यूक्रेन को उत्तर अटलांटिक संधि संगठन में शामिल होने का इरादा छोड़ना होगा, तटस्थ रहना होगा और पश्चिमी देशों की सेनाओं को वहां से निकालना होगा। इस प्रस्ताव पर अभी यूक्रेनकी प्रतिक्रिया नहीं आई है।



### रूस को डोनबास सौंपेगा यूक्रेन?

पुतिन ने कहा कि यूक्रेन को डोनेट्स्क और लुहांस्क प्रांतों सहित डोनबास प्रांत को पूरी तरह रूस को सौंप देना चाहिए। पुतिन ने यूक्रेन से वो हिस्से भी मांगें हैं, जहां उसका कब्जा नहीं है। यूक्रेन शुरू से ही इसे नकारता आया है और इसे आत्मसम्मान से जोड़कर देखता है। इस क्षेत्र में यूक्रेनके कई सैन्य, औद्योगिक और रसद केंद्र शामिल हैं। यूक्रेन 2014 से ही इस क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए काम कर रहा है।

### पुतिन ने त्रिपक्षीय समझौते के दिए संकेत

पुतिन ने कहा है कि यूक्रेन, रूस और अमेरिका की भागीदारी वाला एक त्रिपक्षीय समझौता हो सकता है, जिसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद मान्यता देगा। हालांकि, यूएनएससी से जुड़े किसी समझौते को यूक्रेन द्वारा स्वीकार किए जाने की संभावना बेहद कम है, क्योंकि रूस यूएनएससी का स्थायी सदस्य है और उसे वहां वोटी पावर है। यानी वो समझौते से संबंधित किसी भी फैसले पर एकतरफा रोक लगा सकता है।

## बेंगलुरू भगदड़ के लिए सरकार नहीं हालात जिम्मेदार : सिद्धारमैया

**बेंगलुरु, जेएनएन।** कर्नाटक विधानसभा में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को बेंगलुरु भगदड़ पर जवाब देते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं सिर्फ कर्नाटक में नहीं, बल्कि देश और दुनिया में कई बार हुई हैं। पिछले 10 सालों में भाजपा शासित राज्यों में ही 20 भगदड़ हो चुकी है। सिद्धारमैया ने कहा, इसके लिए कांग्रेस सरकार जिम्मेदार नहीं है, भगदड़ हमेशा भीड़ के अचानक बेकाबू होने से होती है। बेंगलुरु के लोगों ने आरसीबी की जीत को अपनी जीत माना। इससे भीड़ का नियंत्रण बिगड़ गया और हादसा हुआ। उन्होंने भाजपा के आरोपों पर कहा, जब कोरोना काल में चामराजनगर में ऑक्सीजन की कमी से 36 लोगों की मौत हुई थी, तब क्या आपने (भाजपा ने) तत्कालीन सीएम बोम्मई को जिम्मेदार और दोषी कहा था?



### भाजपा सरकार वाले राज्यों में भगदड़ की सूची गिनाईं

सिद्धारमैया भाजपा सरकार वाले राज्यों में हुई भगदड़ की घटनाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा, भाजपा की सरकार रहते हुए अगस्त 2008 को हिमाचल के बिलासपुर में नैना देवी मंदिर में भगदड़ हुई थी। भाजपा सरकार रहते हुए 2008 में जोधपुर, 2013 में रतनगढ़, 2021 में हरिद्वार, 2023 में मप्र के सीहोर और 2024 में उप्र के हाथरस में भगदड़ हुई। जनवरी में प्रयागराज कुंभ मेले के दौरान हुई भगदड़ में 39 लोगों की मौत हुई थी।

## पाक अभी भी डंपर है तो ये उनकी नाकामी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के बयान पर चुटकी ली। उन्होंने पाकिस्तानी सेना के चीफ के बयानों पर कहा कि हाल ही में आसिम मुनीर अपने बयान पर पाकिस्तान के अंदर और बाहर पूरी दुनिया में भी खूब ट्रोल हुए। उन्होंने कहा, सबने यही कहा कि अगर दो देश एक साथ आजाद हुए और एक देश ने कड़ी मेहनत, सही नीतियों और दूरदृष्टि से फरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई और दूसरा अभी भी डंपर की स्थिति में है तो यह उनकी अपनी नाकामी है। मैं आसिम मुनीर के इस बयान को उनके एक कंफेशन के रूप में भी देखता हूं।



## भारतीय मूल के व्यवसायी ने प्लेन में किया नाबालिग से रेप

### कोर्ट में बोला-खुद पर काबू नहीं रख पाया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय मूल के व्यवसायी ने मुंबई से स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख जा रही फ्लाइट में 15 साल की एक नाबालिग लड़की से रेप की बात स्वीकार की। कोर्ट में उसने कबूल किया कि वो खुद पर कंट्रोल नहीं रख सका। उड़ान के दौरान वह बच्ची उसके बगल में सो रही थी। भारतीय मूल के आरोपी को डेढ़ साल की निलंबित सजा दी गई, जिससे वो जेल से रिहा हो गया। अब उसे भारत डिपोर्ट किया जाएगा। ज्यूरिख के सरकारी वकील के मुताबिक, प्लेन में लड़की ने आरोपी के साथ थोड़ी देर बातचीत की थी और फिर सो गई। इसके बाद आरोपी ने लड़की के कंधे पर हाथ रखा और उसे गलत तरीके से छूकर यौन शोषण किया। घटना से लड़की सदमे में चली गई और न तो बोल पाई, न ही विरोध कर पाई। बाद में उसने हिम्मत दिखाते हुए फ्लाइट अटेंडेंट से गुहार लगाई। फ्लाइट अटेंडेंट ने तुरंत पुलिस को खबर दी और लड़की को दूसरी सीट पर भेजा। फ्लाइट के ज्यूरिख पहुंचने पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने कोर्ट में स्वीकार किया कि उसे पता था, लड़की नाबालिग है। उसने कबूल किया कि लड़की ने कोई सहमति नहीं दी थी। कोर्ट ने उसे रेप और नाबालिग के यौन शोषण का दोषी पाया। फिर भी उसे डेढ़ साल की सस्पेंडेड सजा दी गई।



### इंदिरा गांधी के कातिल की बेटी लड़ेगी उपचुनाव

**अमृतसर, जेएनएन।** इंदिरा गांधी की हत्या के दोषी बेअंत सिंह की बेटी अमृत कौर ने तरनतारन उपचुनाव लड़ने का फैसला किया है। बेअंत सिंह की ये दूसरी संतान हैं, जो चुनावी मैदान में उतरने वाली हैं। अमृत कौर मलोया ने आजाद उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतरने का फैसला किया है। बेअंत सिंह के परिवार में अकेले सर्बजीत खालसा ही नहीं, उनकी पत्नी बिमल कौर भी चुनाव लड़ चुकी हैं और जीत हासिल कर चुकी हैं। अमृत कौर ने भाई सर्बजीत सिंह खालसा की पार्टी अकाली दल वारिस पंजाब दे एक्टिव मैंबर हैं। फिर भी वे इस पार्टी को छोड़ आजाद मैदान में उतरने की बात कर रही हैं। वहीं, अमृत कौर का कहना है कि उनकी अब कोशिश सभी पार्टियों से समर्थन प्राप्त करने की है। अमृत कौर की मां व बेअंत सिंह की पत्नी बिमल कौर ने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के देहांत के बाद 1989 में लोकसभा चुनाव लड़ा था।

योजना

अभी सिर्फ अमेरिका और चीन के स्पेस स्टेशन

# इसरो ने दिखाया भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का मॉडल, 2028 तक पहले मॉड्यूल की लॉन्चिंग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का मॉडल दिखाया। 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे होता है। इससे पहले शुक्रवार को दिल्ली में भारत मंडपम में स्पेस स्टेशन का मॉडल प्रदर्शित किया। भारत 2028 तक बीएएस का पहला मॉड्यूल लॉन्च करने की प्लानिंग कर रहा है। इसी के साथ भारत उन देशों की लिस्ट में शुमार हो जाएगा, जिनके पास अंतरिक्ष में प्रयोगशाला यानी ऑर्बिटल लेबोरेटरी है। अभी अंतरिक्ष में सिर्फ दो ऑर्बिटल लैब हैं। पहला- इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन आईएसएस (इसे पांच देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां मिलकर चलाती हैं), दूसरा- चीन का तियांगोंग स्पेस स्टेशन। भारत का लक्ष्य 2035 तक स्टेशन के कुल 5 मॉड्यूल (हिस्से) अंतरिक्ष में भेजना है। पहला मॉड्यूल बीएएस-01 करीब 10 टन वजनी होगा। इसे पृथ्वी से 450 किमी ऊंचाई पर लोअर्थ ऑर्बिट (निचली कक्षा) में स्थापित किया जाएगा।




### बीएएस में लाइफ साइंस और ग्रहों पर रिसर्च होगी

बीएएस लाइफ साइंस, मेडिसिन और ग्रहों की खोज के लिए काम करेगा। माइक्रोग्रैविटी में इंसानों की सेहत पर असर की स्टडी की जाएगी और लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने की तकनीकें परखी जाएंगी। यह स्पेस टूरिज्म को भी बढ़ावा देगा। इससे भारत को कॉमर्शियल स्पेस सेक्टर में नई पहचान मिलेगी।

### भारत का स्पेस स्टेशन 2035 तक स्थापित होगा

अंतरिक्ष राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया था कि 2025 के अंत तक या 2026 की शुरुआत में गगनयान मिशन के तहत पहला भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएगा। डॉ. जितेंद्र सिंह ने 11 दिसंबर 2024 को ऐलान किया था कि भारत 2035 तक स्पेस स्टेशन स्थापित करेगा। इसे 'भारत अंतरिक्ष स्टेशन' नाम दिया जाएगा। साथ ही, 2040 तक एक भारतीय को चंद्रमा पर भेजने की योजना है। साथ ही भारत गहरे समुद्र मिशन के तहत 6,000 मीटर की गहराई में मानव को भेजने की योजना बना रहा है।

## बिग बॉस के सेट की पहली तस्वीर सामने आई

**मुंबई, जेएनएन।** बिग बॉस 19 के ऑनएयर होने का फैंस को एक लंबे समय से इंतजार था। शुरुआत में जब ये खबर आई थी कि इसका नया सीजन नहीं आएगा तो शो के दर्शक काफी निराश हो गए थे। हालांकि, बाद में एंडमोल और चैनल के बीच मामला सुलटा और टेलीविजन के सबसे कंट्रोवर्शियल शो पर काम शुरू हो गया। पिछले कुछ दिनों से बिग बॉस 19 के मेकर्स लगातार शो के बज को बनाए रखने के लिए जियो हॉटस्टार पर वीडियोज शेयर कर रहे हैं। जिसमें कंटेस्टेंट के नाम की हिंट दी जा रही हैं। अब इस शो के ऑनएयर होने से दो दिन पहले ही बिग बॉस के सेट की पहली पिक्चर और सलमान खान का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। हर साल बिग बॉस का नया सीजन एक थीम के साथ आता है। मेकर्स उसी के मुताबिक, अपने पूरे सीजन को प्लान करते हैं। इस बार की थीम राजनीति है, जो आप सब पहले ही सलमान खान के प्रोमोज में देख चुके हैं, जिसमें सिकंदर एक्टर राजनेता की तरह कुर्ता और पयजामा पहने दिखाई दे रहे हैं। इसी के साथ उन्होंने उस पर हाफ कोट भी पहना है। अब उन प्रोमो के बाद बिग बॉस 19 के स्टेज से सलमान खान की पहली तस्वीर सामने आई है। इन तस्वीरों में भाईजान जहां ब्लैक रंग के सूट के साथ ब्लू शर्ट में काफी डैशिंग लग रहे हैं। तो वहीं अगर आप उनके पीछे सेट पर एक नजर डाले तो एक शेर रखा हुआ है, जिसने किंग का ताज पहना है। वहीं इस बार कंटेस्टेंट की एंट्री मिड से ही दिखाई जाएगी।



## आरक्षक को नहीं मिला कैशलेस इलाज तो डीजी को किया फोन

**भोपाल।** मप्र पुलिस स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत पुलिस के स्टाफ और परिजनों को कैशलेस इलाज का प्रावधान है। पिछले दिनों एमपी पुलिस की दूसरी बटालियन के भोपाल में मेहमूदा स्थित कैंप के एक आरक्षक ने अस्पताल में कैशलेस इलाज न मिलने पर सीधे स्पेशल डीजी वेलफेयर अनिल कुमार को फोन लगा दिया था। इस पर स्पेशल डीजी ने नाराजगी जताई है। इसके बाद पुलिस की वेलफेयर ब्रांच ने प्रदेश की सभी पुलिस यूनिट को लिखित निर्देश जारी कर दिए हैं। पत्र में कहा गया है कि कैशलेस ट्रीटमेंट में कोई समस्या आने पर संबंधित यूनिट के क्लर्क से ही संपर्क किया जाए। यदि मेडिकल लिपिक समस्या का समाधान न कर सके तो तो इकाई प्रमुख और उसके बाद पीएचक्यू की कल्याण शाखा में पदस्थ डीएसपी के नोबाइल नम्बर 9893011500 एवं 9179425586 पर संपर्क किया जा सकता है। कल्याण शाखा की एआईजी इरमीन शाह ने शुक्रवार को जारी पत्र में सभी यूनिट प्रमुखों को इसकी जानकारी अपने स्टाफ को देते हुए इसका सख्ती से पालन करने को कहा है।

**पुलिस की कैशलेस स्कीम में आ रही समस्या:** एमपी पुलिस की कैशलेस ट्रीटमेंट स्कीम में लगातार शिकायतें आ रही हैं। जिन अस्पतालों से कैशलेस ट्रीटमेंट के लिए पीएचक्यू ने अनुबंध किया है वहां अक्सर पुलिस स्टाफ और उनके परिजनों को इलाज के दौरान परेशानी होती है। कई अस्पताल कैशलेस सुविधा में आनाकानी करते हैं।

# प्रत्येक वंचित हितग्राही को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ : विधायक श्री लोधी

## शासकीय योजनाओं का लाभ एवं हक प्राप्त करना नागरिकों का अधिकार : कलेक्टर

### पवई विकासखंड की ग्राम पंचायत कल्दा में लगाया गया जन समस्या निवारण शिविर

जागरण, पवई

शासन की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्रत्येक वंचित लोगों तक पहुंचाया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्र में वृहद स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन सराहनीय पहल है। इससे बड़ी संख्या में ग्रामवासियों को एक ही स्थान पर आसानी से विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। यह बात पवई विधायक प्रहलाद लोधी ने पवई विकासखंड की आदिवासी बाहुल्य ग्राम पंचायत कल्दा में शनिवार को आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में कही। विधायक श्री लोधी ने भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया। इस दौरान पवई एवं शाहनगर ब्लॉक की लगभग 22 ग्राम पंचायतों के हितग्राही उपस्थित थे।

शिविर स्थल पर आम जनता द्वारा निर्धारित काउंटर पर पंजीयन कराया गया और विभागवार स्टॉल पर आवेदन दिए गए। शिविर में कुल 336 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से अधिकतम प्रकरणों का त्वरित समाधान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों सहित स्वास्थ्य, शिक्षा एवं महिला बाल विकास, कृषि, सहकारिता, ऊर्जा इत्यादि विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणजनों को विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया। इस अवसर पर गत 2 दिवस से संचालित आधार सेंटर में प्रत्येक जरूरतमंद लाभार्थी के नवीन आधार नामांकन और आधार अपडेशन कार्य पूर्ण होने तक निरंतर रूप से आधार केंद्र संचालन के निर्देश भी दिए गए।

जन समस्या निवारण शिविर में विधायक ने आम जनता की समस्याएं सुनी और विधानसभा क्षेत्र में निरंतर रूप से संचालित विकास कार्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि विकास की मुख्य धारा में शामिल होने से वंचित लोगों विशेषकर आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों को लाभांवित करने की मंशा से यह शिविर लगाया गया है। क्षेत्र की जनता की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने से निश्चित ही आमजनों को सहूलियत होगी। त्वरित लाभ मिलने से लोगों को विकासखंड अथवा जिला मुख्यालय तक आवागमन नहीं करना प ?ेगा। इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में हर वंचित परिवार और व्यक्तियों तक सरकारी योजनाओं और सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर विधायक श्री लोधी ने प्रशासनिक अधिकारियों को विभिन्न विकास कार्यों की मांग से अवगत कराया। साथ ही सतत् रूप से विकास के लिए संघर्ष करने की बात भी दोहराई।

पवई विधायक ने कहा कि शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की बदौलत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों में भी खुशहाली आई है। लाडली लक्ष्मी योजना, ला ?ली बहना योजना और आयुष्मान कार्ड जैसी स्कीम से लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव को मुख्य मार्ग से जो ?ा जाएगा। जल जीवन मिशन के जरिए हर ग्रामीण परिवार तक नल के माध्यम से शुद्ध जल पहुंचाने का भी प्रयास है। उन्होंने वन विभाग द्वारा की जाने वालो कार्रवाई में व्यवहारिक पहलुओं का ध्यान रखने तथा कल्दा-मैहर आवागमन की बेहतर व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई के लिए ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक ने कहा कि प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि जनहितैषी विकास कार्यों के लिए हमेशा प्रयासरत हैं।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि स्थानीय विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के प्रयास एवं मांग पर यह शिविर लगाया गया है। विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा इसमें प्राप्त आवेदनों का अभियान के तौर पर तत्परता से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने ग्रामवासियों से शासन की नीति के तहत पात्र हितग्राहियों से महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं का लाभ लेने को अपील की। साथ ही कहा कि जनता को आधार सेवाओं सहित अन्य सुविधा व योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन सदैव तत्पर है। कलेक्टर श्री कुमार ने ग्रामवासियों से कहा कि 5 लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज व उपचार के लिए आयुष्मान योजना का लाभ जरूर लें। इससे चिन्हित एवं बड़े निजी अस्पताल में गरीब व्यक्ति भी अपना इलाज करा सकेंगे। निर्माण श्रमिक और 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक भी इसके लिए आगे आएं। इसी तरह महिलाओं से सिकल सेल एनीमिया के स्क्रीनिंग एवं हेल्थ चेकअप कराकर स्वास्थ्य लाभ लेने की बात कही।

कलेक्टर ने कहा कि परिवार में मुखिया की मृत्यु के उपरांत फौती नामांतरण तुरंत करवाएं, जिससे खसरा व खतौनी में वारिसान का नाम शामिल हो सके और ऋण पुस्तिका सहित पीएम एवं सीएम किसान सम्मान निधि एवं अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। इस दौरान उन्होंने राजस्व अधिकारी-कर्मचारियों को अविलंब फौती नामांतरण की कार्रवाई पूर्ण करने तथा इस आशय का प्रमाण पत्र प्रेषित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा लोगों से जन्म प्रमाण पत्र के लिए ग्राम पंचायतों में अविलंब आवेदन करने, लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से जाति प्रमाण पत्र बनवाने, किसी भी बैंक में जन धन खाता खुलवाकर बीमा योजना का लाभ प्राप्त करने का भी आह्वान किया, जिससे सरकारी योजनाओं में मिलने वाली राशि का आसानी से लाभ मिल सके।

जिला कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ एवं हक प्राप्त करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इसलिए आम जनता योजनाओं का लाभ प्राप्त कर आगे बढ़े। कलेक्टर ने गरीब जनता को बिजली के कम उपयोग के बावजूद अधिक राशि का बिल प्राप्त होने की शिकायत के समाधान सहित जन एवं पशु हानि पर वन विभाग द्वारा राहत राशि इत्यादि का लाभ लेने की बात भी कही। इसके अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती माताओं एवं बच्चों को पोषण आहार वितरण सहित कृषि विभाग के किसान क्रेडिट कार्ड, आजीविका मिशन द्वारा समूह की महिलाओं के लिए संचालित स्कीम और पशुपालन एवं डेयरी विभाग की योजनाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रत्येक मंगलवार को ग्राम पंचायत मुख्यालयों में आयोजित जनसुनवाई के अलावा आगामी दिवसों में आम जनता तक प्रशासन की पहुंच को और बेहतर एवं प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा।



### आमजन अपने अधिकारों के प्रति रहें सजग : जपं अध्यक्ष

जन समस्या निवारण शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहनी मिश्रा ने कहा कि शिविर के जरिए स्थानीय स्तर पर समस्याओं का आसानी से निराकरण होगा। आमजनों से अपने अधिकारों के प्रति सजग और जागरूक रहने की बात भी उन्होंने कही। साथ ही क्षेत्रीयजनों से विकास कार्यों में आवश्यक सहयोग की बात कही। जनपद पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इस शिविर के आयोजन से आपकी सरकार-आपके द्वार की सार्थकता सिद्ध हुई है। उन्होंने विभिन्न ग्राम पंचायतों में तथा विधानसभा क्षेत्र में संचालित महत्वपूर्ण विकास कार्यों की जानकारी दी। इसके साथ ही अनिवार्य रूप से शिविर का भरपूर लाभ प्राप्त करने तथा अपने बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए निरंतर रूप से शाला भेजने की अपील भी उपस्थित जनसमूह से की। कार्यक्रम में अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, एसडीएम समीक्षा जैन, तहसीलदार त्रिलोक सिंह पूसाम, जनपद पंचायत सीईओ अखिलेश उपाध्याय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार ने किया। शिविर में क्षेत्र की बड़ी ग्राम पंचायतों के सहयोग से गर्भवती माताओं को पोषण किट का वितरण भी किया गया। इसके अलावा अनुग्रह सहायता राशि, पेंशन स्वीकृति आदेश, केसीसी, जाति प्रमाण पत्र, लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र तथा स्वसहायता समूह की महिलाओं को चेक का वितरण भी किया गया।

# अस्पताल पार्किंग से मोटर सायकिल चोरी करने वाले 02 शातिर चोर 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार




## आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 01 मोटरसायकिल की गई बरामद

**जागरण, पन्ना।** दिनांक 21.05.2025 को फरियादी द्वारा थाना देवेंद्रनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपनी पत्नी एवं पुत्री के इलाज हेतु देवेंद्रनगर अस्पताल आया था। उसने अपनी मोटरसाइकिल अस्पताल की पार्किंग में खड़ी की थी। इलाज कर बाहर आने पर जब उसने देखा तो उसकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाया गया था। इस पर थाना देवेंद्रनगर में चोरी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

मामले मे पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना व एस.डी.ओ. पी पन्ना के मार्गदर्शन में थाना देवेंद्रनगर मे विशेष पुलिस टीम गठित कर प्रकरण पर तुरंत कार्यवाही प्रारम्भ की गड़ी।

पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल एवं आस-पास के क्षेत्रों में लगे सी.सी.टी.वी. फुटेज का सूक्ष्म विश्लेषण किया गया एवं संभावित हुलिया के हिसाब से आरोपियों की पहचान कर तकनीकी संसाधनों एवं मुखविर तंत्र का उपयोग कर संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी गई। इसी दौरान आरोपियों की तलाश हेतु पुलिस टीम ने लगातार दबिश दी जिसके फलस्वरूप उक्त आरोपियों को योजनाबद्ध रणनीति अपनाते हुए बड़ागांव तिराहा देवेन्द्रनगर से महज 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया गया। मामले मे आरोपियों को कब्जे से चोरी की गई मोटरसायकिल 5042 को बरामद किया गया। इसमे निम्न लोगो का सराहनीय योगदान रहा।

1. संजू चौधरी पिता कल्ला चौधरी निवासी दउवनटोला देवेन्द्रनगर पन्ना

2. रामपाल अहिरवार पिता लक्ष्मण अहिरवार निवासी मुटवा कलां देवेन्द्रनगर पन्ना। थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरी. रामआसरे सोनकर, प्र.आर. लक्ष्मी यादव, आर. राकेश पटेल, बृजेन्द्र रैकवार एवं साइबर सेल टीम का सरायनीय योगदान रहा।

## अब तक अमानगंज में हुई सर्वाधिक वर्षा

**पन्ना।** जिले में वर्तमान मानसून सीजन में 1 जून से 23 अगस्त की अवधि में 962.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। उक्त अवधि में सर्वाधिक वर्षा अमानगंज में 1171.4 मिमी और सिमरिया में सबसे कम 627.4 मिमी दर्ज की गई है, जबकि पन्ना में 979.3 मिमी, देवेन्द्रनगर में 1044 मिमी, गुनौर में 991.6 मिमी, पवई में 942 मिमी, शाहनगर में 886.7 मिमी, रैपुरा में 920.3 मिमी और अजयग ? में 1099.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष समान अवधि में जिले की औसत वर्षा 813.3 मिमी दर्ज की गई थी। जिले की औसत वर्षा 1176.4 मिमी है।

# 24 घण्टे के अन्दर शादी का झाँसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा के निर्देशनुसार देवेन्द्रनगर पुलिस टीम द्वारा शादी का झाँसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को फरियादिया की रिपोर्ट के 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार किया गया है।

दिनांक 21/08/25 को फरियादिया द्वारा थाना देवेन्द्रनगर में आरोपी के विरुद्ध शादी का झाँसा देकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना देवेन्द्रनगर में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 437/25 धारा 69 बीएनएस का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक रामआसरे सोनकर द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्ण एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्परता पूर्वक आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के उचित मार्गदर्शन में थाना देवेन्द्रनगर में गठित पुलिस टीम द्वारा आरोपी की पतारसी हेतु संभावित प्रयास किये गये साथ ही अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया । जिसके फलस्वरूप मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी को 24 घण्टे के अन्दर 21/08/25 को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पन्ना में पेश किया गया, जहां से आरोपी को जिला जेल पन्ना निरुद्ध किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक रामआसरे सोनकर, चौकी प्रभारी ककरहटी उ.नि. आर.आर. प्रजापति, सउनि शिशिर मण्डल, प्र.आर. रामभिखारी बागरी, प्रहरीराम वर्मा, आर. रोहित बागरी, राकेश पटेल, अंकित तिवारी, रोहित सिंह, मृगेन्द्र तिवारी, म.आर. प्रियंका, चा.आर. उदयराज बागरी, चा.आर. पुष्पेन्द्र जाट, सैनिक नरेन्द्र शुक्ला एवं पुलिस सायबर सेल शाखा का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## एक ही रोड से जुड़ेंगे कान्हा, बांधवगड़, पन्ना और पेंच टाइगर रिजर्व

**पन्ना।** केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए और विभिन्न सड़क परियोजनाओं की सौगात के साथ मध्यप्रदेश में टाइगर कॉरिडोर बनाने की घोषणा भी की। इसके अंतर्गत जबलपुर से बांधवगड़तक 4600 करोड़ रुपए की लागत से 4 लेन सड़क बनाई जानी थी, जिसे बड़ाकर अब 5500 करोड़ रुपए किया गया है। यह रोड कान्हा, बांधवगड़, पन्ना और पेंच टाइगर रिजर्व को कनेक्ट करेगी। इससे टूरिज्म, आर्थिक विकास और रोजगार के अवसरों में बड़ोत्तरी होगी।

## भादो अमावस्या पर गूंजे रामनाम, कलेही मंदिर परिसर में हुआ अखंड संकीर्तन और भण्डारा

**पवई।** कलेही रामनाम संकीर्तन समिति द्वारा भादो मास की अमावस्या पर परंपरागत अखंड रामनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। माता कलेही मंदिर परिसर में हुए इस धार्मिक आयोजन में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। भक्तिमय वातावरण में दिनभर संकीर्तन गूंजता रहा। संकीर्तन के उपरांत पूर्णाहुति की गई और प्रसादी वितरण किया गया। समिति द्वारा हर वर्ष भादो अमावस्या पर यह आयोजन किया जाता है, जिसमें दूर-दराज़ से श्रद्धालु शामिल होकर भक्ति रस में डूब जाते हैं।पूरे वर्ष समिति के सदस्य नियमित रूप से सुबह मंदिर परिसर में रामनाम संकीर्तन करते हैं। इसी परंपरा के निर्वहन के अंतर्गत अमावस्या के अवसर पर अखंड संकीर्तन और भण्डारे का आयोजन किया जाता है।आयोजन के दौरान मंदिर प्रांगण में भजन-कीर्तन और रामनाम संकीर्तन से माहौल पावन बना रहा। संकीर्तन की समाप्ति के बाद समिति ने भण्डारे का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कन्या छात्रावास में निवासरत सभी कन्याओं को भी भोजन कराया गया। श्रद्धालुओं ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र की आस्था से जुड़ा हुआ है। अखंड संकीर्तन में सम्मिलित होकर मन को अद्भुत शांति और आनंद की अनुभूति होती है।

# बाबा कैलाशी की प्रतिमा उपेक्षा का शिकार, श्रद्धालुओं ने जताई चिंता

**पवई।** नगर से लगे जंगल की तलहटी में कलेही मंदिर परिसर में विराजमान बाबा कैलाशी की भव्य प्रतिमा इन दिनों उपेक्षा और बदहाली का शिकार हो रही है। श्रद्धालुओं की मानें तो प्रतिमा का स्वरूप लगातार क्षतिग्रस्त होता जा रहा है और यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो यह धार्मिक धरोहर पूरी तरह से नष्ट हो सकती है। बाबा कैलाशी की प्रतिमा का निर्माण वर्ष 2009-10 में शहडोल से आए मूर्तिकार ने किया था। इसके कुछ वर्षों बाद वर्ष 2013 में संत देवप्रभाकर शास्त्री (दद्दाजी) के सानिध्य में बाबा कैलाशी का विशेष अभिषेक हुआ था। उस समय इस स्थल पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए थे और तब से यह स्थान आस्था का प्रमुख केंद्र बना।

माँ कलेही धर्मार्थ समिति ने लंबे समय तक माता कलेही और बाबा कैलाशी स्थल की देखरेख की। समिति समय-समय पर प्रतिमाओं की सफाई, मरम्मत और आसपास की व्यवस्था संभालती रही। इसी कारण स्थल पर धार्मिक गरिमा बनी रही। लेकिन वर्ष 2020 में प्रशासन ने इस स्थल की देखरेख की जिम्मेदारी अपने हाथों में ले ली। तब से अब तक यहां रखरखाव के नाम पर कोई ठोस पहल नहीं की गई। श्रद्धालुओं का कहना है कि बाबा कैलाशी की प्रतिमा में जगह-जगह दरारें पड़ चुकी हैं। नंदी की प्रतिमा तो इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि उसकी पहचान तक धुंधली पड़ने लगी है। श्रद्धालुओं ने दुख जताते हुए कहा कि पहले जब धर्मार्थ समिति देखरेख करती थी, तब नियमित रूप से मरम्मत होती रहती थी। लेकिन अब प्रशासन की अनदेखी के कारण प्रतिमाओं की हालत बिगड़ती चली जा रही है। ग्रामीणों और भक्तों ने यह भी बताया कि इस धार्मिक स्थल से लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। यहां दूर-दराज़ से श्रद्धालु पूजा-अर्चना और दर्शन करने पहुंचते हैं।

कार्यालय
वनमण्डल अधिकारी, वनमण्डल सतना (म.प्र.)
( मुख्तियारगंज रेल्वे फाटक के पास, सिविल लाईन, सतना )
E-Mail-dfotsatna@mp.gov.in Phone- 07672-223355
क्रमांक/व्यय/2025/ 7363 सतना, दिनांक -.14/08/2025

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

वन मण्डल सतना एवं मैहर अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों हेतु Solar System सामग्री क्रय हेतु ई-निविदा के माध्यम से पंजीकृत विनिर्माताओं एवं प्रदायकर्ताओं से निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | सामग्री का नाम | स्पेशिफिकेशन |
|---|---|---|
| 1 | सोलर सिस्टम | Off-Grid Solar with Battery -2kv<br>Off-Grid Solar with Battery -1kv<br>(detail specification in mptender) |

निविदा फार्म एवं शर्ते संबंधित विस्तृत विवरण बेवसाइट https:// www.mptenders.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते है। निविदा में कोई भी संशोधन वेबसाइट में अपलोड की जावेगी, उसका पृथक से समाचार पत्रों मे प्रकाशन नहीं कराया जायेगा।

| विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| Tender Publishing Date & Time | 21-08-2025 & 06:00PM | निविदा आनलाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in प्रदर्शित् है। |
| Tender Sale Start Date & Time | 21-08-2025 & 06:00PM | |
| Pre Bid Meeting Date | - | |
| Bid Submission Start Date & Time | 21-08-2025 & 06:00PM | |
| Bid Submission closing Date & Time | 09-09-2025 & 02:00PM | |
| Bid Opening Date & Time | 10-09-2025 & 02:00PM | |

जी-17653/25
वनमण्डल अधिकारी
वनमण्डल, सतना

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी(म0प्र0)
सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508
निविदा सू0क0 09 /नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/25-26 सीधी दिनांक 20.08.2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलााईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05.09..2025 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 08.09.2025 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- Balance work of Retrofitting Work of Piped Water Supply Scheme to achieve the target of JJM for supplying water at every doorstep through functional household tap connection (i.e. 100% FHTC's) in Villages Tamsar, Block- Kusmi and Noudhiya,Madwas Block Majhouli District - SIDHI.

| S. N. | Tender ID | Name of scheme village | PAC(Rs. in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_445725 _1 | टमसार विकासखण्ड कुसमी एवं नौढ़िया मड़वास विकासखण्ड मझौली | 175.58 | 175580 | 12500 | Ist Call |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी (म.प्र.)
जी-17651/25

कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी एवं पदेन उप सचिव म.प्र. शासन राजस्व विभाग
भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 19 की उपधारा-4
क्रमांक/2130/भू-अर्जन/2025 सीधी, दिनांक 18/08/2025

अधिसूचना

चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गयी अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है। अत: भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा-19 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है।

-: अनुसूची :-

(1) भूमि का वर्णन-
जिला :- सीधी
तहसील :- बहरी
ग्राम :- पड़रिया
निजीभूमि का अर्जित क्षेत्रफल :- रकवा 0.7730 हे.

| क्र. | खसरा नं. | अर्जित रकवा (हे में) | भूमिस्वामी का नाम | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 635/1/15 | 0.0420 | बड़किया, सक्खी, निचकिया पुत्री रजन, चित्रकोटिया बेवा दाबू 1/64, गौरी पति रजन, बिट्टी पुत्री रजन 1/264, रामप्रबोध, रामशरण, राघवेन्द्र पिता इन्द्रभान 1/32, रजन पिता औसेरी | महान (गुलाब सागर) परियोजना के बहरी नहर विस्तार योजना (द्वितीय चरण) के मुख्य नहर निर्माण हेतु |
| 2 | 635/1/14 | 0.0020 | बड़किया, सक्खी, निचकिया पुत्री रजन, चित्रकोटिया बेवा दादू 1/64, गौरी पति रजन, बिट्टी पुत्री रजन 1/264 रानप्रबोध, रामशरण, राघवेन्द्र पिता इन्द्रभान 1/32, रजन पिता औसेरी | |
| 3 | 635/1/27 | 0.090 | भिम्मा पिता बल्देव | |
| 4 | 635/4 | 0.0480 | भिम्मा पिता बल्देव | |
| 5 | 635/1/17 | 0.060 | त्रिवेणी, गोलवा, लुघुड़ी, बिट्टी पिता भानू, संगीता, श्यामबती बेवा सुन्दरलाल दिवाकर, बबलू पिता सुन्दरलाल, कुसुकली बेवा भास्कर, मुन्नी पति त्रिवेणी | |
| 6 | 635/1/19 | 0.0600 | बसंत कुमार पिता मानिकलाल, सुरेन्द्र कुमार पिता मानिकलाल, मनबसुआ बेवा मानिकलाल | |
| 7 | 635/1/21/1 | 0.0360 | पुष्पराज पिता राजबहोरन 2/7, अजय कुमार पिता रमाकान्त 1/7, रमाकान्त पिता रामाधार 1/7, चन्द्रवती पुत्री रामाधार 1/7, बिट्टी पुत्री रामाधार 1/7, | |
| 8 | 635/1/21/2 | 0.0060 | पुष्पराज पिता राजबहोरन 2/7, अजय कुमार पिता रमाकान्त 1/7, रमाकान्त पिता रामाधार 1/7, चन्द्रवती पुत्री रामाधार 1/7, बिट्टी पुत्री रामाधार 1/7 | |
| 9 | 635/2 | 0.0960 | शान्ती पति राजेन्द्र सोनी | |
| 10 | 635/1/11 | 0.0720 | क्षत्रपति पिता कामता, रामकृष्ण पिता कामता, रोहणी पिता कामता, घनश्याम पिता कामता, रनुआ पिता कामता, | |
| 11 | 635/1/13 | 0.0600 | बालकृष्ण पिता सत्यप्रसाद, भूपेन्द्र बहादुर गुप्ता पिता रामनेवाज गुप्ता, बीरेन्द्र बहादुर गुप्ता पिता रामनेवाज गुप्ता, सुभद्रा पुत्री जयप्रकाश, रामनेवाज पिता सत्यप्रसाद, कमलेश्वर पिता सत्यप्रसाद, रामरती पुत्री सत्यप्रसाद, छतुआ पुत्री सत्यप्रसाद, सुनील पुत्री सत्यप्रसाद, बबइया बेवा विजय बहादुर, हेमन्त पिता बिजयबहादुर, राजराखन पिता विजयबहादुर, राकेश पिता विजयबहादुर | |
| 12 | 635/1/3/24/1 | 0.0240 | अर्जुन पिता गैवी | |
| 13 | 635/1/3/24/3 | 0.01500 | सुरेन्द्र पिता सुखलाल गुप्ता | |
| 14 | 635/1/3/24/2 | 0.0100 | कैलसुआ बेवा सुखलाल | |
| 15 | 635/1/5 | 0.0240 | कुसुम पति दीपक गुप्ता | |
| 16 | 635/1/25 | 0.0200 | रामाधार पिता गोपाल | |
| 17 | 635/1/3/1 | 0.0420 | नारायण दास पिता कुन्जबिहारी गुप्ता | |
| 18 | 635/3 | 0.0420 | नारायण दास पिता कुन्जबिहारी गुप्ता | |
| 19 | 635/5 | 0.0240 | नारायण दास पिता कुन्जबिहारी गुप्ता | |
| योग | किता 19 | 0.7730 | | |

1. सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है-महान (गुलाब सागर) परियोजना निर्माण हेतु।
2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन कार्यालय कलेक्ट्रेट सीधी एवं उपखण्ड अधिकारी सिहावल जिला सीधी के कार्यालय में किया जा सकता है।

म.प्र. राज्यपाल के नाम से के तथा आदेशानुसार

( स्वरोचिष सोमवंशी )
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
म.प्र. शासन, राजस्व विभाग

G-17587/25

# इंडो-नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप में सिंगरौली के बेटे-बेटी हुए शामिल

## योगा गेम्स में संतोष शुक्ला के बेटे अमन खुशी शुक्ला ने प्रथम स्थान लाकर जीते 2 गोल्ड मेडल





**जागरण, बैढ़न**

तृतीय एसजीएडीएफ स्कूल गेम्स एंड एक्टिविटी डेवलपमेंट फाउंडेशन इंडो नेपाल इंटरनेशनल चैंपियनशिप 25 रंगशाला स्टेडियम पोरखा नेपाल में आयोजित की गई जिसमें कई राज्यों मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश हरियाणा दिल्ली पंजाब के प्रतिभागी सम्मिलित हुए थे जिसमें गेम्स में चेस शतरंज बैडमिंटन योगा वालीबाल जुडो फुटबॉल फुटसेल एथेलेटिक्स बॉक्सिंग शामिल थे । बता दे कि सबसे हर्ष खुशी की बात यह है कि भारत देश मध्य प्रदेश से नेपाल में प्रतिनिधित्व करने एवं शामिल होकर ऊर्जाधानी सिंगरौली जिले से योगा गेम्स में संतोष शुक्ला के बेटे अमन शुक्ला एवं बेटी खुशी शुक्ला पहुंचकर भारत देश के आन बान और शान तिरंगे को लहरा कर प्रथम स्थान लाकर दो गोल्ड मेडल प्रमाण पत्र प्राप्त कर भारत देश मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले का नाम रौशन किए है। भारत देश गेम्स शतरंज में दो गोल्ड मेडल बैडमिंटन में दो गोल्ड मेडल वालीबाल में द्वितीय स्थान लाकर दो सिल्वर गोल्ड मेडल जुडो में गोल्ड मेडल फुटबॉल में गोल्ड मेडल फुटसेल में गोल्ड मेडल योगा में प्रथम स्थान प्राप्त कर दो गोल्ड मेडल बॉक्सिंग में चार गोल्ड मेडल एथेलेटिक्स में एक गोल्ड एक सिल्वर प्राप्त कर प्रतिभागी भारत देश का नाम रौशन किए है। वही गेम्स दौड़ प्रतियोगिता में दिल्ली रामचंद्र कुमार के बेटे अमित कुमार ने नेपाल को सौ मीटर दौड़ में हराया। एथेलेटिक्स में उत्तर प्रदेश गोविंद माधव के बेटे वंश माधव ने नेपाल को 1500 मीटर से हराकर द्वितीय स्थान किए योगा में मध्य प्रदेश सिंगरौली से संतोष शुक्ला के बेटे अमन शुक्ला एवं बेटी खुशी शुक्ला ने नेपाल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किए बॉक्सिंग में हरियाणा बलराज के बेटे शानिश कुमार ने नेपाल को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किए। वही चतुर्थ एसजीएडीएफ स्कूल गेम्स एंड एक्टिविटी डेवलपमेंट फाउंडेशन इंडो दुबई इंटरनेशनल चैंपियनशिप 25 एमिटी यूनिवर्सिटी दुबई में 24 से 27 सितम्बर को आयोजित होगा जिसमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी सम्मिलित होगे।

### जिले में खुशी की लहर

नेपाल में आयोजित इंटरनेशनल चैंपियनशिप गेम्स में शामिल हुए ऊर्जाधानी सिंगरौली जिले के संतोष शुक्ला के बेटे अमन खुशी शुक्ला ने योगा गेम्स में प्रथम स्थान लाकर दो गोल्ड मेडल प्रमाण पत्र प्राप्त करने की खुशी जिलेवासियों एवं योगाचार्यों ब्राह्मण समाज परिवारजनों को प्राप्त हुई तो खुशी की लहर फैल गई और लोगो ने सोशल मीडिया फोन कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए तथा जल्द ही सिंगरौली आगमन स्वागत करने का इंतजार कर रहे है।

# कागजों में होता है जीर्णोद्धार, स्कूल भवन की छत से गिरा प्लास्टर, कई बच्चे घायल




**डिंडोरी ।** डिंडोरी में अझवार गांव के हायर सेकेंडरी स्कूल में बड़ा हादसा टल गया है बताया जा रहा है कि मंगलवार को दोपहर एक बजे क्लास रूम की छत का प्लास्टर उखड़ पढ़ रहे बच्चों के सिर पर गिर गया इस हादसे में करीब आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए।स्कूल प्रबन्धन ने बच्चों को इलाज के बाद घर भेज दिया है।हैरत की बात यह है कि इस हादसे की खबर के बाद भी प्रशासन और शिक्षा विभाग के अफसरों ने गांव जाकर स्कूल भवन और बच्चों का हाल जानने की कोशिश नही की।आपको बता दें कि यह स्कूल भवन का निर्माण वर्ष 2008 में कराया गया था इस स्कूल में छठवीं से लेकर बारहवीं तक लगभग पांच सौ बच्चे पढ़ते हैं।इस भवन की जर्जर हालत को देखते हुए एक साल पहले अठारह लाख रुपये मरम्मत के लिए स्वीकृत किये गए थे लेकिन भवन की मरम्मत कागजों में हो गई कई बार आरोप भी लगे है कि स्कूल मरम्मत के नाम पर अधिकारियों और ठेकेदारों ने राशि का बंदरबांट कर लिया है। आपको जानकार हैरानी होगी कि इस गांव में सरकार ने करोड़ो रूपये का नया स्कूल भवन भी बनाकर खड़ा कर दिया लेकिन यह भवन महज शो पीस साबित हो रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि अगर नए भबन में स्कूल लगा लिया जाता तो हादसा टल जाता लेकिन प्रशासन राजस्थान के झालबाड़ा जैसी घटना का इंतजार कर रहा है।

# कलेक्टर ने की समाधान बिंदु में चयनित शिकायतों की समीक्षा



**जागरण, बैढ़न।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियो के साथ बैठक आयोजित कर समाधान विंदु में चयनित शिकायतों की समीक्षा की। उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संबंधित शिकायतकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर शिकायतों का शीघ्र निराकरण करें। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समाधान विंदु पर दर्ज शिकायतों का व्यक्तिगत रूप से ध्यान दें और हितधारकों से बातचीत कर उनका तुरंत समाधान करें। उन्होने नागरिको की समस्याओं को प्राथमिकता देने और सभी विभागों में समन्वय स्थापित कर उनके त्वरित समाधान के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि समाधान विंदु अंतर्गत जिले में लंबित शिकायतों का विभागीय अधिकारी वर्गीकरण कर सभी विषयो का ध्यान देते शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण कराये। उन्होने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुये समाधान संबंधी शिकायतों की तहसीलवार जानकारी लेकर उपखण्ड अधिकारियो तथा तहसीलदारो को निर्देश दिये कि सीएम हेल्प लाईन एवं समाधान संबंधित शिकायतों के साथ साथ नामातरण वटनवारा सीमांकन से संबंधी शिकायतों का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण समय.सीमा में करें। अधिकारी सीएम हेल्पलाइन की 50 दिन 100 दिन से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण पर ध्यान केंद्रित करें जो अधिकारी शिकायतों के निराकरण में लापरवाही बरतेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे विभागीय अधिकारी जिनके द्वारा सीएम हेल्प लाईन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में लापरवाही की जा रही है। ऐसे विभागीय अधिकारियो के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा विभागीय अधिकारी स्वंय रूचि लेकर शिकायतों का निराकरण कराये जाने के निर्देश दिए कि ताकि जिले की ग्रेडिंग में कमी न आए। उन्होने जन सुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रो पर गंभीरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपलन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश महिला बाल विकास अधिकारी जीतेन्द्र गुप्ता जिला शिक्षा अधिकारी एस.बी सिंह डीपीसी आर.एल शुक्ला जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी पी.सी चन्द्रवंशी उपायुक्त सहकारिता पी.के मिश्रा सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम कोर्ट नियमित खोले जाने की मांग




**जागरण, सरई।** प्रदेश के विकास के साथ ही सिंगरौली जिला अभी तेजी से विकास कर रही है सिंगरौली जिला में सरई नगर में तहसील कार्यालय तो स्थाई है परंतु एसडीएम कोर्ट अस्थाई है जिले के सरई में अभी तक एसडीएम का कोर्ट लिंक कोर्ट के रूप में चल रही है। एसडीएम कोर्ट नियमित न होने से पक्षकार व वकील दोनों परेशान हो रहे हैं। राजस्व मामले भी काफी लंबित पड़े हुए हैं। मौजूदा वक्त में उपखंड देवसर के उपखंड अधिकारी सरई में सप्ताह में दो दिन बैठ रहे हैं। सरई में प्रति मंगलवार व शुक्रवार को एसडीएम लिंक कोर्ट संचालित होती है। सरई तहसील का क्षेत्र बड़ा होने के कारण सप्ताह के केवल दो दिन में राजस्व प्रकरण समय से निराकृत नहीं हो पा रहे हैं। इसके अलावा देवसर से एसडीएम महोदय को सरई पहुंचने में देर होना आम बात है। जिससे पक्षकारों व वकीलों को अपने फाइल की सुनवाई कराने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। सरई तहसील वासियों ने शासन. प्रशासन से सरई में नियमित एसडीएम कोर्ट खोले जाने की मांग की है।

सरई में एसडीएम कोर्ट के नियमित संचालन के लिए मुख्यमंत्री घोषणा कर चुके हैं परंतु उनके अधिकारी. कर्मचारी लापरवाही बरत रहे हैं। शासन प्रशासन को इसकी प्रक्रिया पूरी करके जल्द से जल्द संचालन कराना चाहिए।

**दल प्रताप सिंह**
**जिलाध्यक्ष**
**गोंगपा सिंगरौली**

एसडीम कोर्ट सरई में प्रतिदिन खुले। जिससे आम जनमानस को परेशानियों का सामना न करना पड़े। सरई क्षेत्र वैसे भी गरीब किसान मजदूर हरिजन आदिवासियों का इलाका है। जिन्हें न्याय के लिए भटकना न पड़े।

**रणबहादुर सिंह**
**अध्यक्ष**
**ब्लाक कांग्रेस कमेटी सरई**

# लायंस क्लब विद्युत विहार की नई कार्यकारिणी की घोषणा

## नौ नए सदस्यों ने ली क्लब की सदस्यता

## लायंस क्लब विद्युत विहार का ग्यारहवां अधिष्ठान समारोह संपन्न



**जागरण, शक्तिनगर।** मंडल 321ई के विशिष्ट क्लबों में से एक लायंस क्लब विद्युत विहार का अधिष्ठापन समारोह जयंत स्थित एनसीएल के कल्याण मंडपम में बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं प्रतिष्ठा ठाकुर के इष्ट वंदना से हुआ। तत्पश्चात लायन अनिल सिंह के द्वारा ध्वज वंदना एवं उसके बाद राष्ट्रगान हुआ स्वागत उद्बोधन रीजन चेयरपर्सन लायन अमित राज एवं कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम चेयरपर्सन लायन डॉ रवि भूषण द्वारा हुआ। कार्यक्रम का संचालन क्लब एडमिनिस्ट्रेटर एवं मंडल जीएसटी कोऑर्डिनेटर लायन एस पी सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मंडलाध्यक्ष एमजेएफ लायन डॉ अर्पण धर दुबे उद्घाटन अधिकारी पूर्व मंडलाध्यक्ष लायन वीरेंद्र गोयल अधिष्ठापन अधिकारी गैट एरिया लीडर पीएमजेफ लायन डॉ क्षितिज शर्मा दीक्षा अधिकारी उपमंडलाध्यक्ष द्वितीय पीएमजेएफलायन उमेश चंद्र कक्कड़ मुख्य वक्ता जीइटी ब्रांड एंबेसडर पीएमजेएफसी लायन सौरभ कांत विशिष्ट अतिथि पीएमजेएफ लायन मकुंद लाल टंडन विशिष्ट अतिथि एमजेएफ लायन जे एन श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि एमजेएफलायन निधि कुमार मंडल कैबिनेट सचिव लायन मनोज खत्री रीजन चेयरपर्सन लायन अमित राज एवं जोन चेयरपर्सन लायन श्याम नारायण सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान क्लब की नई कार्यकारिणी की घोषणा हुई जिसमें लायन सुभाष चंद्र बैस निवर्तमान अध्यक्ष लायन श्याम नारायण सिंह उपाध्यक्ष प्रथम लायन डॉ रवि भूषण उपाध्यक्ष द्वितीय लायन अरविंद जायसवाल सचिव लायन अशोक उपाध्याय कोषाध्यक्ष लायन सतीश चौरसिया क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस पी सिंह सर्विस चेयरपर्सन लायन नटवर दास अग्रवाल मेंबरशिप चेयरपर्सन लायन सत्यनारायण बंसल के अलावा निदेशक मंडल के साथ साथ कई समितियों एवं उनके चेयरपर्सन के साथ सदस्य भी घोषित किए गए। इस दौरान कुल नौ नए सदस्यों ने क्लब की सदस्यता ली जिसमें लायन आशीष जायसवाल लायन आशीष कुमार जैन लायन सुनील चौरसिया लायन प्रमोद अग्रवाल लायन रंजन वर्मा लायन मयंक कुमार अग्रवाल लायन पवन कुमार सिंह लायन मनीष कुमार शाह एवं लायन अमन सिंह बघेल थे। क्लब से श्रीमती दीपा सिंह एवं लायन चंद्रावती बैस ने इस दौरान दो जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीन प्रदान किया।

# जिला जेल में कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप



**जागरण, डिंडोरी।** जिला जेल में बंद एक सजा याफ्ता कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान पवन धुर्वे (उम्र लगभग 40 वर्ष), निवासी बुध गांव, थाना गाड़ासरई के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार पवन धुर्वे को शुक्रवार देर रात अचानक सीने में दर्द की शिकायत हुई। जेल प्रशासन ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल डिंडोरी में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।जेल के प्रधान आरक्षक श्याम लाल बरकड़े के मुताबिक पवन धुर्वे को अपनी पत्नी की मौत के मामले में धारा 306 और 498 के तहत दोषी करार दिया गया था। जिला न्यायालय ने उसे 5 साल की सजा सुनाई थी और वह 15 फरवरी 2024 से जेल में बंद था।इधर, परिजनों ने बताया कि आज अचानक सुबह लगभग 8:30 बजे जेल प्रशासन से पवन धुर्वे की मौत की सूचना मिली। परिवार का आरोप है कि कैदी को समय पर उचित इलाज नहीं दिया गया, जिसके चलते उसकी मौत हुई है।फिलहाल मृतक के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे हैं और उन्होंने जेल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्यायिक जांच की मांग की है। घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी का माहौल है।

# दो वर्षों से अधूरा पड़ा है विद्यालय भवन बरका का निर्माण कार्य

## उपयंत्री खुद बना था सरपंच, मामला सांदीपनि विद्यालय बरका का



**जागरण, सरई।** जिले के सीएम राइज विद्यालय बरका में छात्रों के बैठने के लिए कमरे नहीं हैं। सीएम राइज विद्यालय में कक्षाएं संचालन के लिए जगह न होना शिक्षा विभाग के लिए बड़े शर्म की बात है। जबकि संस्था प्रमुख द्वारा विभागीय वरिष्ठ कार्यालयों को कई मांग पत्र भेजी जा चुकी है। फिर भी शासन. प्रशासन के आंखें नहीं खुल रहे हैं। सीएम राइज विद्यालय खुलने से ग्रामीणों छात्र.छात्राओ अभिभावकों में खुशी का माहौल बना था। जहां अच्छी सुविधा अच्छी पठन. पाठन अच्छी सुरक्षा मिलेगी। लेकिन उनके आशाओं पर पानी फेरा जा रहा है। सीएम राइज बरका में छात्र.छात्राओं के बैठने के लिए पर्याप्त कमरा न होने से उनके अध्ययन अध्यापन कार्य में बाट लग रही है। जिससे उनका भविष्य चौपट हो रहा है। जबकि विगत दिनों सीएम ने अपने कार्यक्रम में बोला है कि सीएम राइज विद्यालयों का नाम सांदीपनि विद्यालय होगा और इन विद्यालयों के व्यवस्था में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा। परंतु सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरका में मुख्यमंत्री का कथन झूठा साबित हो रहा है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बरका के सरपंच ऐतवरिया सिंह की मृत्यु के बाद सन् 2019 से 2022 तक तत्कालीन उपयंत्री रजनीश जायसवाल – जनपद पंचायत देवसर खुद ग्राम पंचायत बरका के प्रभारी सरपंच थे सचिव शकसूदन सिंह रहे वहीं निर्माणाधीन विद्यालय भवन को बनवाने की जिम्मेदारी स्वयं तत्कालीन प्रभारी सरपंच उपयंत्री रजनीश जायसवाल इंजीनियर लिए थे जिनके द्वारा भवन अभी तक अधूरा पड़ा है वह अभी भी कह रहे हैं कि मैं विद्यालय भवन का निर्माण कार्य पूरा कराऊंगा परंतु कब कराएंगे इसका कोई अता.पता नहीं है। सीएम राइज विद्यालय बरका के समस्त विद्यालय परिवार ने इस समस्या की ओर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित कराया है।

# खड़िया हनुमान मंदिर से मां ज्वालामुखी मंदिर तक प्रभात फेरी का कार्यक्रम संपन्न



**जागरण, शक्तिनगर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के स्थापना दिवस के अवसर पर आज खड़िया हनुमान मंदिर से मां ज्वालामुखी मंदिर तक प्रभात फेरी का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें कई कार्यकर्ता जैसे प्रखंड अध्यक्ष राजेश गुप्ता प्रखंड उपाध्यक्ष रंजीत सिंह प्रखंड मंत्री पंकज चौबे साजन दीनबंधु दास शिवम शुभम और जिला सहसंयोजक विश्वजीत पाठक आदि अन्य कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

# अवैध प्रतिबंधित कफ सिरफ के विरुद्ध परिवहन एवं विक्री करने वाले तीन आरोपी 820 शीशी, बोलेरो नियो वाहन के साथ गिरफ्तार




**जागरण, निवास।** पुलिस चौकी निवास द्वारा अवैध प्रतिबंधित कफ सिरफ के विरूद्ध परिवहन एवं विक्री करने वाले तीन आरोपीयो 820 शीशी कफ सिरफ बोलेरो नियो वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री सिंगरौली के कुशल निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभीषेक रंजन एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी के थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह भदौरिया कुशल मार्गदर्शन मे एवम चौकी प्रभारी उपनिरी. प्रियंका सिंह के नेतृत्व टीम अवैध प्रतिबंधित कफ सिरफ बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपीय को अपराध क्र..0117/25 धारा 5/18 औषधि निवारण अधिनियम एवं 8/21,8/22 एनडीपीएस एक्ट जानकारी के मुताबिक मुखबिर सुचना प्राप्त हुई की सफेद कलर की ब्लोरो नियो मे अवैध रूप से नशीली कफसिरफकोरेक्स सीधी सरई मेन रोड से कटरा जंगल के रास्ते से निवास तरफ ले जा रहा है सुचना की तस्दीक हेतु रेड कार्यवाही किये जाने पर एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन आती दिखी जिसे घेराबंदी कर रुकवाया गया तो चालक और आगे वाली सीट पर बैठा आदमी भाग निकला तथा गाड़ी के बीच वाली सीट में तीन व्यक्ति बैठे थे जिनका नाम पता पूछा गया एंव पूछा गया की गाड़ी क्यो भगा रहे थे तो अपना नाम पता राजीव शुक्ला पिता विश्वनाथ प्रसाद शुक्ला उम्र 42 वर्ष निवासी गॉम तिघरा थाना चोरहटा जिला रीवा हाल पता जेपी पॉवर प्लान्ट निगरी कैम्पस चौकी निगरी थाना सरई जिला सिंगरौली राकेश कुमार साहू पिता रामसजीवन साहू उम्र 19 वर्ष निवासी निगरी थाना सरई अंकुश साहू पिता अनिल साहू उम्र 21 वर्ष निवासी निवास थाना सरई का होना बताये इनको मुखबिर की सुचना से अवगत कराते हुये वाहन की तलाशी ली गई जिसके अंदर तीन सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी तथा एक नीले रंग की प्लास्टिक की बोरी में कुछ रखा दिखा सफेद रंग की बोलेरो नियो के पीछे भाग से तीन सफेद रंग की तथा एक नीले रंग की प्लास्टिक की बोरी में सात कार्टून बरामद की गई जिसे खोलकर देखा गया तो बोरी मे कार्टून मे प्रतिबंधित नशीली कफ सिरफ कोरेक्स पाई गई आवश्यक दस्तावेज चाहे गये जो संदेहीयो की किसी भी प्रकार का दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया बोरी खुलवाकर कार्टून मे से कफ सिरफ की गणना कराई गई तो कुल 820 शीशी पाई गई कुल 820 शीशी कीमती 2,46000 रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त सफेद रंग की बोलेरो वाहन कीमती 1,100000 रूपये एवं तीन मोबाईल कीमती करीबन 45000 रूपये जप्त किया गया कुल किमती मशरूका 1391000 रूपये का जप्त किया गया है उपरोकत आरोपीगण का यह कृत्य 5।18 औषधि निवारण अधिनियम एवं 8/21,8/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से गिरफ्तार किया गया उक्त कार्वाई में चौकी प्रभारी निवास उप निरी प्रियंका सिंह सउण्नि मार्तण्ड सिंह आर प्रभात कुमार दुबे आर मंगलेचर प्रताप सिहं आर नीरज सिंह आर अमरदीप सिंह आर मोहित सिंह आर सतेन्द्र पाण्डेय आर प्रवीण पांडेय प्र आर ज्ञानेन्द्र सिंह म.आरकमला द्विवेदी चौकी निवास का सराहनीय योग्यदान रहा।

## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै रितेश कुमार सिंह पिता अशोक सिंह उम्र 21 वर्ष वार्ड नं. 4 अम्बेडकर नगर नियर एनसीएल गैस गोदाम तह. व जिला सिंगरौली म.प्र.का निवासी हूँ। मेरा आधार नं.7195 2757 7609 है। मैं शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मुझ शपथकर्ता का वास्ताविक एवं सही नाम रितेश कुमार सिंह पिता अशोक सिंह है। जो मेरे आधार कार्ड एवं अन्य सभी रिकार्डो में लेख है। लेकिन मुझ शपथकर्ता का नाम मेरे एलआईसी पॉलिसी नं. 378558621 के रिकार्ड में मिथिलेश कुमार पिता अशोक कुमार सिंह लेख है। उक्त नाम रितेश कुमार सिंह पिता अशोक सिंह एवं मिथिलेश कुमार पिता अशोक कुमार सिंह दोनो नाम एक ही व्यक्ति यानी मुझ शपथकर्ता का है। मेरा सही नाम रितेश कुमार सिंह पिता अशोक सिंह लिखा पढा व समझा जावें। नाम भिन्नता के लिए मैंने शपथ पत्र निष्पादित कराया है।



## मैदान से हटकर

# धनश्री को सूर्या की पत्नी का साथ, देविशा ने उनके साहस को सराहा

भारतीय टीम के स्पिनर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा के तलाक के बाद भी इनके रिश्तों को लेकर चर्चाओं का बाजार थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में चहल और धनश्री ने तलाक के बाद इस मामले को लेकर टिप्पणी की थी, लेकिन धनश्री को अब भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव की पत्नी देविशा शेट्टी का साथ मिला है, जिन्होंने सोशल मीडिया पर उनका समर्थन किया है। धनश्री हाल ही में ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे के पॉडकास्ट में पहुंचीं थीं, जहां उन्होंने अपने तलाक के दौरान झेली मुश्किलों के बारे में बात की। उन्होंने बताया था कि शादी टूटने के समय वे काफी परेशान थीं और उस दौर में चहल





की एक टी-शर्ट ने उन्हें और भी आहत किया। दरअसल, चहल तलाक के दिन 'बी योर ऑन शुगर डैडी' लिखी हुई काली टी-शर्ट पहनकर आए थे। इस पर धनश्री ने कहा था कि उस पल उनकी आंखों में आंसू आ गए थे। उन्होंने कहा कि अगर इतना ही कहना था तो वे व्हाट्सएप पर लिख देते। इन सब चीजों के बीच धनश्री को अब देविशा का साथ मिला है। देविशा ने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए धनश्री का समर्थन किया और उनकी सराहना की क्योंकि उन्होंने पॉडकास्ट में अपने तलाक के बारे में खुलकर बात करने का साहस दिखाया। देविशा ने धनश्री की फोटो साझा कर कैप्शन में लिखा, आपके लिए काफी सम्मान और प्यार। चहल और उनकी पूर्व पत्नी धनश्री का रिश्ता लंबे समय तक सुर्खियों में रहा। इस साल मार्च में दोनों का तलाक हो चुका है। (जेएनएन)

# पहले खेलो वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में मध्य प्रदेश बना चैंपियन, 10 स्वर्ण सहित कुल 18 पदक जीते

## श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील पर आयोजित खेलों में अंतिम दिन स्वर्णिम छक्का

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए पहले खेलो वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल-2025 (केआईडब्ल्यूएसएफ) का खिताब अपने नाम किया। श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील में आयोजित इन खेलों में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 10 स्वर्ण सहित कुल 18 पदक जीते। ओडिश दूसरे और केरल तीसरे स्थान पर रहा। प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को प्रदेश के खिलाड़ियों ने कयाकिंग और कैनोइंग में छह स्वर्ण पदक जीत कर अपना दबदबा कायम रखा। मप्र की शिखा चौहान, रीना सेन और पल्लवी जगताप की तिकड़ी ने दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीते। शिखा ने कयाकिंग एकल स्लालम में स्वर्ण पदक जीता, जबकि पल्लवी ने सी-1 स्लालम स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल किया। पहले खेलो इंडिया वॉटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल में पांच खेल रोइंग, क्याकिंग केनोइंग (पदकीय स्पर्धा) और वॉटर स्कींग, ड्रेगन बोट, शिकारा स्प्रिंट (डेमो खेल) में शामिल किए गए। इसमें कुल 24 पदक दांव पर लगे थे।






**पदक तालिका (शीर्ष पांच)**

| राज्य | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| मध्यप्रदेश | 10 | 03 | 05 | 18 |
| ओडिशा | 04 | 05 | 01 | 10 |
| केरल | 03 | 01 | 03 | 07 |
| उत्तर प्रदेश | 02 | 00 | 01 | 03 |
| दिल्ली | 01 | 02 | 00 | 03 |

### मध्यप्रदेश के पदक विजेता खिलाड़ी

**स्वर्ण**: हितेश (के-1), पल्लवी जगताप (सी-1), शिखा चौहान (के-1), ध्रुवराज (सी-1) में, मनीषा दागी-जिज्ञासा रेंगर, रुकमणी दांगी और संतोष ने (रोइंग डबल स्कल), डैली बिश्नोई ने (के1), निहारिका सिंह और चंद्रकला कुशवाह ने (के2), सुधीर कुमार और प्रिंस गोस्वामी (सी2), आदित्य सिंह और मनजीत (के2)।

**रजत पदक :** देवराज रावत-हर्ष प्रताप सिंह जाट (काक्सलेस पेयर), दीपिका दीमर-प्रगति शर्मा (सी-2), कृष्णा जाट (सी-1)

**कांस्य पदक :** वंशिका साहू और प्रियंका (डबल स्कल), डाली विश्नोई, नीलू वर्मा, माध्वी जाट, रुकमनी (के-4), धीरज वर्मा, बंटू सेंधाव, हर्ष तोमर और अक्षय यादव (के-4), मासूमा यादव (सी-1) और मयंक।



# विशाखापट्टनम में प्रशिक्षण शिविर से वर्ल्ड कप अभियान का आगाज करेगी टीम इंडिया

## 25 से शिविर, भारत के दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच इसी मैदान पर

**जेएनएन, नई दिल्ली**

भारतीय महिला टीम विश्व कप की तैयारियों के लिहाज से 25 अगस्त से विशाखापट्टनम में अपना प्रशिक्षण शिविर शुरू करेगी। शिविर का वेन्यू रणनीतिक तौर पर तय किया गया है, क्योंकि इससे पहले 2014 में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मांधना और स्नेह राणा के पास ही एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में खेलने का अनुभव है। भारत को विशाखापट्टनम में दक्षिण अफ्रीका (9 अक्टूबर) और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ (12 अक्टूबर) दो बड़े मैच खेलने हैं। विशाखापट्टनम, गुवाहाटी और इंदौर जैसे कुछ स्थानों पर भारतीय दल के अनुभव की कमी उनके अभियान की शुरुआत से ही चर्चा का विषय रही है। बेंगलुरु की जगह नवी मुंबई को वेन्यू चुने जाने को एक स्वागत योग्य कदम के तौर पर देखा जा रहा है, क्योंकि पिछले तीन-चार वर्षों से खिलाड़ियों को इस वेन्यू पर विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने का अनुभव है।

मूल रूप से यह प्रशिक्षण सत्र पूरी तरह से बेंगलुरु में आयोजित होने वाला था, लेकिन कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) द्वारा एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैचों की मेजबानी के लिए पुलिस की मंजूरी प्राप्त करने में विफल रहने के कारण इसे स्थानांतरित करना पड़ा।

### दो इंट्रा-स्क्वाड डे-नाइट अभ्यास मैच भी होंगे

विश्व कप टीम के सभी सदस्यों के साथ-साथ रिजर्व खिलाड़ियों और अभ्यास मैचों के लिए चुनी गई भारत ए टीम के सदस्यों के भी इसमें भाग लेने की उम्मीद है। शिविर का समापन दो इंट्रा-स्क्वाड डे-नाइट अभ्यास मैचों के साथ होगा, जिसके बाद टीम 16 सितंबर से शुरू होने वाले तीन वनडे मैचों में से दो के लिए ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए न्यू चंडीगढ़ रवाना होगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के बाद, भारतीय टीम विश्व कप के दो अभ्यास मैच खेलने के लिए बेंगलुरु पहुंचेगी, जहां वह इंग्लैंड (25 सितंबर) और न्यूजीलैंड (27 सितंबर) के खिलाफ मुकाबले खेलेगी। इसके बाद 30 सितंबर को श्रीलंका के खिलाफ अपने पहले मैच के लिए गुवाहाटी के लिए रवाना होगी।



हरमनप्रीत कौर, मांधना और स्नेह राणा के पास ही एसीए-वीडीसीए स्टेडियम में खेलने का अनुभव

# नवंबर में केरल आएंगे मेसी, अर्जेंटीना टीम के साथ दोस्ताना मैच भी खेलेंगे

**तिरूवनंतपुरम, जेएनएन।** केरल के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने शनिवार को पुष्टि की है कि फुटबॉल सुपरस्टार लियोनेल मेसी समेत अर्जेंटीना की टीम इस साल नवंबर में केरल में दोस्ताना मैच खेलने आएगी। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) ने सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि मैनेजर लियोनेल स्कालोनी की अर्जेंटीना टीम अंगोला के लुआंडा और केरल में दोस्ताना मैच खेलेगी। इसके बाद केरल के खेलमंत्री ने पत्रकारों को बताया कि केरल ने एएफए से मैच इस साल अक्टूबर या नवंबर में खेलने का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा कि पहले एएफए 2026 में ये मैच खेलना चाहता था। हमने उनसे अनुरोध किया कि केरल में मैच इसी साल खेले। अब एएफए ने इसकी पुष्टि कर दी है। हम 2022 विश्व कप विजेता अर्जेंटीना टीम को यहां लाना चाहते थे। अब्दुरहमान ने कहा कि अर्जेंटीना



फुटबॉल टीम को केरल लाने के लिए काफी मेहनत की गई है। हमने बाकी बंदोबस्त पर काम शुरू कर दिया है और जल्दी ही मुख्यमंत्री से इसके ब्यौरे पर बात करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लाखों फुटबॉलप्रेमियों को इस मैच का बेताबी से इंतजार है। उन्होंने कहा कि हमारा इरादा प्रशंसकों को मेसी को केरल में खेलते देखने का मौका देने का है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक ने इस कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है और सरकार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

# अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में भारतीय ग्रीको रोमन पहलवानों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी

**समोकोव (बुल्गारिया)।** भारत के ग्रीको रोमन पहलवानों का अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा, जहां शनिवार को प्रतियोगिता के शुरुआती दौर में ही चार और पहलवान बाहर हो गए। भारत के लिए अपने पदकों की संख्या में बढ़ोतरी करने का एकमात्र मौका अनिल मोर के पास है, जो कांस्य पदक मुकाबले के लिए जापान के डाइसुके मोरीशिता के खिलाफ खेलेंगे। इस टूर्नामेंट में अब तक पदक जीतने वाले एकमात्र ग्रीको रोमन पहलवान सूरज हैं, जिन्होंने 60 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। गौरव (63 किग्रा) का क्वालिफिकेशन राउंड में मोल्दोवा के डुमित्रु रैपेस्को से मुकाबला था और निर्धारित समय के अंत में स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद वे मानदंडों के आधार पर विजेता बने।

## खेल एक नजर

# प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप में लाग्रेव से, गुकेश ने डुडा से ड्रॉ खेला

**सेंट लुइस (अमेरिका), जेएनएन।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज के पांचवें दौर में फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ खेला, जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश हार से बाल-बाल बचे और पोलैंड के डुडा जान क्रिस्टोफ के साथ अंक बांटे। पांचवें दौर में सभी मुकाबले ड्रॉ रहे। अमेरिका के फेबियानो कारुआना ने 3.5 अंक के साथ एकल बढत बना ली है। उन्होंने हमवतन वेसली सो से ड्रॉ खेला। दूसरे मुकाबलों में अमेरिका के सैमुअल सेवियान ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से ड्रॉ खेला, जबकि लेवोन आरोनियन और फ्रांस के अलीरजा फिरोजा का मुकाबला भी बराबरी पर छूटा।

# शारापोवा और ब्रायन बंधु टेनिस हाफ ऑफ फेम में शामिल होंगे

**लंदन, जेएनएन।** रूस की पूर्व दिग्गज खिलाड़ी मारिया शारापोवा और अमेरिका के युगल विशेषज्ञ बॉब और माइक ब्रायन को टेनिस हाल ऑफ फेम में शामिल किया जाएगा। करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने वाली 10 महिला खिलाड़ियों में से एक शारापोवा ने 2004 में दो बार की गत चैंपियन सेरेना विलियम्स को हराकर विम्बलडन जीता था। उन्होंने 2006 में अमेरिकी ओपन, 2008 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन और 2012 तथा 2014 में फ्रेंच ओपन जीता था। वह डब्ल्यूटीए एकल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाली पहली रूसी खिलाड़ी भी रहीं। उन्होंने 2012 लंदन ओलंपिक में रजत पदक भी जीता, जिसमें फाइनल में वह सेरेना से हारी थी। उन्होंने 2020 में 32 वर्ष की उम्र में खेल को अलविदा कहा।



**अनौपचारिक टेस्टः भारत के दूसरी पारी में 260/8 रन, कुल बढ़त 253 रन की**

# शेफाली-बिष्ट के अर्धशतक, भारत ने ऑस्ट्रेलिया-ए पर शिकंजा कसा

**ब्रिसबेन, जेएनएन।** भारत-ए महिला टीम ने शनिवार को चार दिवसीय एकमात्र अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया-ए पर अच्छी पकड़ बना ली। मध्यक्रम बल्लेबाज राघवी बिष्ट (86 रन) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (52 रन) के अर्धशतक की बदौलत भारत-ए ने दिन का खेल समाप्त होने तक आठ विकेट पर 260 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 254 रन तक पहुंचा ली। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने सुबह पांच विकेट पर 158 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। पूरी टीम अपनी पहली पारी में 305 रन पर सिमट गई, जिससे उसने छह रन की मामूली बढ़त हासिल की। सियाना जिंजर ने 24 रन को शतक में तब्दील कर ऑस्ट्रेलिया को उबारने में मदद की। उन्होंने निचले क्रम की बल्लेबाजों के साथ भागीदारी बनाते हुए 138 गेंद में 103 रन की शतकीय पारी खेली। जिंजर और निकोल फाल्टम ने छठे विकेट के लिए 102 रन की साझेदारी की, जिससे ऑस्ट्रेलिया-ए की टीम भारत के स्कोर को पार करने में सफल रही। ऑफ स्पिनर एम एडगर ने फिर भारत के नियमित अंतराल पर विकेट झटके। उन्होंने 53 रन देकर चार विकेट हासिल किए। भारत के लिए सबसे अहम साझेदारी बिष्ट और तनुश्री सरकार के बीच पांचवें विकेट के लिए 68 रन की रही। बिष्ट दिन के अंत में एडगर का शिकार हुईं। तब



# अर्जुन-इलावेनिल को मिश्रित टीम में स्वर्ण शांभवी और प्रणव जूनियर वर्ग में चैंपियन

**शिमकेंट (कजाखस्तान), जेएनएन।** भारत के अर्जुन बाबूता और इलावेनिल वालारिवन ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता तथा जूनियर वर्ग का स्वर्ण पदक भी देश की झोली में आया। भारत की इस सीनियर जोड़ी ने चीन के डिंगके लू और शिनलु पेंग को 17-11 से हराया। भारत की शांभवी श्रवण और नारायण प्रणव की जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम जूनियर वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने चीन को 16-12 से हराया। इन दो स्वर्ण पदकों के बाद भारत की पदक संख्या 22 हो गई है। सीनियर 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में इलावेनिल (316.3) और बाबुता (317.7) ने 27 टीम के बीच क्वालिफिकेशन में 634.0 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि भारत की दूसरी जोड़ी मेहुली घोष (317.7) और रुद्रांक्ष पाटिल (314.9) ने भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए 632.6 अंक हासिल किए, जिससे वे दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार मेहुली और रुद्रांक्ष पदक जीतने का मौका हासिल करने से चूक गए, क्योंकि इलावेनिल और अर्जुन का स्वर्ण पदक मुकाबला पेंग शिनलू और लू डिंगके की युवा चीनी जोड़ी से तय हो गया था और एक देश से एक ही टीम भाग ले सकती है। चीन की जोड़ी 632.3 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। इलावेनिल इससे पहले महिला वर्ग में 10 मीटर एयर राइफल स्वर्ण जीत चुकी हैं।

**एशियाई निशानेबाजी चैम्पियनशिप**





# चानू वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारियां पुख्ता करने उरतेंगी

**अहमदाबाद, जेएनएन।** भारतीय खिलाड़ी मीराबाई चानू चोटों से उबरने के बाद वापसी की राह पर हैं और उनका पहला पड़ाव रविवार से शुरू होने वाली राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप है। मीराबाई इस आयोजन से अक्टूबर में नॉर्वे में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने की कोशिश करेंगी। चानू ने टूर्नामेंट शुरू होने की पूर्व संध्या पर कहा कि उनका अंतिम लक्ष्य अक्टूबर में नॉर्वे में होने वाली विश्व चैंपियनशिप और अगले साल जापान में होने वाले एशियाई खेलों में पदक हासिल करना है। उन्होंने कहा कि मैं अहमदाबाद में अपना पूरा जोर नहीं लगा रही हूं, क्योंकि मैं विश्व चैंपियनशिप की तैयारी कर रही हूं। मेरा सबसे बड़ा लक्ष्य एशियाई खेल है, जहां मेरा लक्ष्य विश्व रिकॉर्ड तोड़कर पदक जीतना है। मैंने अभी तक एशियाई खेलों का पदक नहीं जीता है। टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक विजेता 31 साल की मीराबाई को पिछले कुछ वर्षों में चोटों के कारण झटके लगे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

**64वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

# मध्य प्रदेश के शॉट पुट खिलाड़ी समरदीप सिंह गिल बने चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** मध्य प्रदेश अकादमी के खिलाड़ी समरदीप सिंह गिल ने 64वीं नेशनल इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 20 से 24 अगस्त तक चेन्नई स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेली जा रही प्रतियोगिता में शॉट पुट खिलाड़ी समर दीप सिंह गिल ने 19.82 मीटर दूर गोला फेंककर सोने का तमगा अपने नाम किया। भारतीय शॉटपुट खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर ने रजत पदक जीता। पंजाब के दो बार के ओलंपियन तजिंदर तूर ने 19.41 मीटर दूर गोला फेंका। उत्तराखंड के अनिकेत ने 18.09 मी गोला फेंक कर कांस्य पदक प्राप्त किया। शाटपुट खिलाड़ी समरदीप सिंह गिल खेल अकादमी के प्रशिक्षक के संदीप सिंह के मार्ग दर्शन में प्रशिक्षणरत है।



# राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 से 31 तक होंगी विभिन्न खेल स्पर्धाएं और फिटनेस कार्यक्रम

## शहर के टीटी नगर में होगा मुख्य कार्यक्रम, खेल मंत्री ने ली समीक्षा बैठक

**भोपाल, खेप्र।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की 120वीं जयंती के उपलक्ष्य में इस वर्ष तीन दिवसीय खेल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें नागरिकों को एक घंटा खेल के मैदान पर देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) से 31 अगस्त तक प्रदेश के सभी 313 ब्लॉक्स में आयोजित किए जाएंगे। शनिवार को खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने टीटी नगर स्टेडियम में विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा कर निर्देश दिए। मंत्री सारंग ने कहा कि मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस खेल महोत्सव से प्रदेशभर में खेल भावना और फिट इंडिया मुहिम को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश के सभी 313 ब्लॉक्स में खेल और फिटनेस गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। 29 अगस्त को टीटी नगर स्टेडियम से प्रदेश स्तरीय तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहेंगे। इस अवसर पर 'मिनी ब्राजील' के नाम से प्रसिद्ध विचारपुर



गांव और फुटबॉल प्रतिभा के धनी सरदारपुर गांव के बीच एक रोमांचक फुटबॉल मुकाबला खेल प्रेमियों को आकर्षित करेगा। मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो। इसे और अधिक जमीनी स्तर तक पहुंचाते हुए प्रदेश के सभी 313 ब्लॉक्स में खेल व फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया जाए। 30 को भोपाल के सभी 85 वार्डों में खेल एवं फिटनेस गतिविधियों का आयोजन आयोजन कर स्थानीय स्तर पर खेलों का उत्सव मनाया जाए।

### साइकिल रैली से समापन

30 अगस्त को भोपाल में खेल और फिटनेस पर केंद्रित एक वृहद सेमिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें विशेषज्ञ एंटी डोपिंग व स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर मार्गदर्शन देंगे। समापन दिवस 31 अगस्त को वन विहार से फिट इंडिया 'संडे ऑन साइकिल' के अंतर्गत लेक व्यू तक भव्य साइकिल रैली निकाली जाएगी। इस रैली का समापन बोट क्लब पर वॉटर स्पोर्ट्स के साथ होगा।

# थांगता : नक्ष, अंश, श्रेयश, पर्व और काव्य ने जीता स्वर्ण पदक



**भोपाल, खेप्र।** नक्ष जैसवाल, अंश ढोक, पर्व शर्मा, श्रेयश गुप्ता और काव्य कुरोलिया ने छठवीं राज्य स्तरीय थांगता प्रतियोगिता में अपने-अपने वर्ग में पहला स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। यह प्रतियोगिता जिला थांगता एसोसिएशन द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित की जा रही है। इस तीन दिनी प्रतियोगिता में प्रदेश के 20 जिलों के लगभग 300 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पहले दिन अंडर-25 किग्रा में नक्ष प्रथम और अमोल खेत्रपाल द्वितीय, अंडर-29 में अंश प्रथम और लक्षित अंजना द्वितीय रहे। अंडर-33 में पर्व, कार्तिक सोनी और पार्थ लारोकर क्रमश : पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। अंडर-37 में श्रेयश गुप्ता ने खिताब जीता। वहीं 41 किग्रा में काव्य, अभिमन्यु ठाकुर और परमवीर सिंह ने क्रमश : स्वर्ण, रजत व कांस्य प्राप्त किया। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफे एन के थापक, क्रीड़ा भारती प्रांत संयोजक मनीष बाजपेई और स्पोर्ट्स डायरेक्टर पंकज कुमार जैन ने किया।

## मैहर जिले में अब तक 800 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** मैहर जिले में इस वर्ष 1 जून से 23 अगस्त 2025 तक 800 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख मैहर से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की अमरपाटन तहसील में 845 मि.मी., मैहर में 697.3 मि.मी. एवं रामनगर में 857.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 919.7 मि.मी. है।

## नवागत जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सम्भाला पदभार

**सतना।** जिले की नवागत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गीता सोलंकी ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उनके पति दमोह के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुभाष सोलंकी व पुत्री उपस्थित रहे। सतना पहुंचने पर जिले के लोक अभियोजक, शासकीय अभिभाषक रमेश मिश्रा (जीपी), एजीपी राघवेंद्र सिंह अधिवक्ताओं ने भेंटकर स्वागत किया।

# 32 दुकानदारों पर स्वास्थ्य अधिकारी ने ठोका स्पॉट फाइन

### वसूला 10 हजार रूपये जुर्माना, पालिथीन भी किया जब्त

**जागरण, सतना**

शनिवार को नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में नगर निगम की टीम ने 32 दुकानदारो पर कार्यवाही करते हुये स्पॉट फाइन ठोका है। बताया जाता है कि यह कार्यवाही निगमायुक्त शेर सिंह मीना आईएएस के निर्देश पर की जा रही है। कार्यवाही के दौरान जहां गंदगी पाई गई ऐसे लोगो के विरूद्ध मौके पर ही स्पॉट फाइन किया गया साथ ही अमानक स्तर की पालिथीन भी जप्त की गई है।



### इन पर हुआ स्पॉट फाइन

जानकारी देते हुये स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद प्रताप सिंह ने बताया कि 32 लोगो पर स्पाट फाइन कर 10 हजार रूपये जुर्माना वूसला गया है। उन्होने बताया कि बब्बू टी स्टाल, सुमित बुट हाउस, कैलाश लाल, मनोज चौरसिया, दुर्गा चक्की, अर्जुन चना वाले, भाईलाल फलवाले, उसमान , किशोरी भंडार, डेटाराम फूर्ट, काका स्वीट्, अमर किराना, दीपचन्द्र किराना, आरएन तम्बाकू, अमर सिंह, पप्पू समोसा वाले, कूकू बीरियानी, कमल भैरवी, महेश गुप्ता, रोहित साहू, पवन, लक्ष्मी, गौरव कन्हैया, बब्बी गुप्ता, दशरथ, रवी डोसा, लक्ष्मी पान, ओम साई ग्रुप, शिवम होटल, चौरसिया स्वीट्स व शारदा स्वीट्स पर स्पाट फाइन की कार्यवाही की गई है।

### अभी से त्याग दो अमानक पालिथीन

सभी दुकानदारों को हिदायत दी गई कि आज और अभी से अमानक स्तर की पॉलीथीन को त्याग दें एवं कचरा को निर्धारित स्थान में रखते हुए कचरा गाड़ी को ही देना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। इस कार्यवाही में स्वच्छता अधिकारी अरविन्द प्रताप सिंह,स्वच्छता निरीक्षक रामकिशोर मिश्रा,दरोगा हरभजन,अनूप के साथ बड़ी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के कार्यक्रम में सांसद गणेश सिंह ने नवोदय विद्यालय के छात्रों को प्रेरित किया

**सतना।** रहिकवारा में आयोजित कार्यक्रम में सतना सांसद गणेश सिंह ने शनिवार को पीएमश्री स्कूलए जवाहर नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस अवसर पर सांसद ने विद्यार्थियों के साथ संवाद करते हुए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की उपलब्धियों और चंद्रयान.3 की ऐतिहासिक सफलता की जानकारी साझा की। नवोदय के विद्यार्थियों के अंदर जोश भरते हुए सांसद ने उनको खूब प्रेरित किया और कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान का भंडार इतना है कि जितना ले सको ले लो ये तो खतम ही नहीं होता है।

**नवाचार करने का साहस करो :** सांसद ने छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार और अनुसंधान के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने भारत की अंतरिक्ष विज्ञान में प्रगति पर गर्व व्यक्त करते हुए कहाए नवोदय विद्यालय के लिए गर्व की बात है कि 2023 में चंद्रयान मिशन में शामिल वैज्ञानिक निरलेस सिंह यहीं के छात्र रहे हैंए जिन्होंने देश में नवोदय के साथ सतना का नाम रोशन किया। छात्र.छात्राओं को संबोधित करते हुए सांसद ने कहाए आपमें प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

# कांग्रेस नेता के बयान पर भड़की भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष

### लाडली बहनों पर अपमानजनक टिप्पणी कांग्रेस के महिला विरोधी चरित्र का प्रमाण : सीमा यादव




**जागरण, सतना।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह यादव ने राजगढ़ में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खिंची के कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेता यशवंत गुर्जर द्वारा दिए गए बयान की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि गुर्जर का यह वक्तव्य प्रदेश सरकार की लाडली बहनों का घोर अपमान है जो कांग्रेस की महिलाओं के प्रति कुंठित मानसिकता को उजागर करता है। भाजपा महिला मोर्चा द्वारा सेमरिया चौक में कांग्रेस नेता द्वारा लाड़ली बहनों के खिलाफ की गई टिप्पणी पर भाजपा महिला मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन सीमा सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में नैना साहनी कांड और सरला मिश्रा तंदूर कांड जैसे जघन्य अपराध आज भी कांग्रेस की सोच और महिला विरोधी चरित्र को सामने लाते हैं। कांग्रेस नेताओं के बयान महिलाओं के आत्मसम्मान पर सीधा प्रहार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता दोहरे चरित्र के शिकार हैं। एक ओर उनके परिवारजन लाडली बहना योजना का लाभ लेते हैं वहीं दूसरी ओर उन्हीं बहनों को अपमानित करने वाले बयान देते हैं। यह न केवल राजनीतिक नैतिकता पर कलंक है बल्कि कांग्रेस की महिलाओं के प्रति दुर्भावनापूर्ण मानसिकता का परिचायक भी है। पूर्व महापौर ममता पांडेय ने कहा कि यशवंत गुर्जर का श्लाड़ली बहनों को बोरियों में भर देंगे वाला बयान निंदनीय और शर्मनाक है।

### मुख्यमंत्री ने बहनों को दी है मजबूती और सम्मान : सुष्मिता सिंह

जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार लाडली बहना योजना के माध्यम से बहनों को आर्थिक मजबूती और सामाजिक सम्मान प्रदान कर रही है। जबकि कांग्रेस नेता आए दिन बहनों को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। इस दौरान महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार पूर्व महापौर ममता पांडेय मनीषा सिंह प्रभा पांडेय आशा शुक्ला शिव दुबेदी अर्चना पटेल अनुराधा सिंह श्रद्धा सिंह प्रियंका मेहरा स्वाति सिंह बीना पटेल पूनम मिश्रा दीपा पटेल माया गुप्ता सिया सिंह पूजा गुप्ता वर्षा सिंह अनुराधा सिंह सहित उपस्थित रही।

# किसानों की आय बढ़ाने नवाचारों को बढ़ावा दें : दिलीप सिंह

### विधानसभा की कृषि विकास समिति ने ली कृषि एवं सम्बद्ध विभागों की समीक्षा बैठक




**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश विधानसभा की कृषि विकास समिति के सभापति दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार विभिन्न कृषि विकास तथा किसान कल्याण योजनाओं के माध्यम से किसानों की आय निरंतर बढाने का प्रयास कर रही है। प्राकृतिक खेती, जैविक खेती तथा फसल विविधीकरण के नवाचार करते हुए किसानों की आय बढाने के प्रयास किये जाये। सभापति श्री परिहार शनिवार को चित्रकूट के ग्रामोदय विश्वविद्यालय के सभागार में सतना जिले की कृषि विकास परियोजनाओं और गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। सतना जिले के दो दिवसीय भ्रमण पर पहुंची विधानसभा की कृषि विकास समिति में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, भैरव सिंह बापू, नरेन्द्र प्रजापति सदस्य, स्थानीय विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, समिति के सचिव अरविन्द शर्मा, सूचना अधिकारी महावीर सिंह, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, डीएफओ मयंक चांदीवाल, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम नागौद जीतेन्द्र वर्मा, संयुक्त संचालक कृषि जेएस नेताम, उप संचालक सतना आशीष पाण्डेय सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कृषि विकास समिति के सभापति दिलीप सिंह परिहार ने कहा कि देश की आजीविका का प्रमुख आधार खेती है। किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि के क्षेत्र में बिजली, पानी, खाद-बीज की सभी जरूरतें सरकार पूरी कर रही है। समर्थन मूल्य पर किसानों की उपज भी खरीदने का काम सरकार कर रही है। विधानसभा की कृषि विकास समिति किसानों के हित सहित सर्वहारा वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है।

उप संचालक कृषि आशीष पाण्डेय ने बताया कि सतना जिले में खरीफ में 2 लाख 9 हजार और रबी में 2 लाख 62 हजार हेक्टेयर में फसल ली जाती है। धान और गेहूं जिले की मुख्य फसलें है। जिले में नवाचारों के तहत कृषि विभाग के तकनीक हस्तांतरण से वर्ष 2024 में धान का औसत उत्पादन 43.65 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रहा जो म.प्र. राज्य के औसत 35.15 क्विंटल और राष्ट्रीय औसत 27.80 क्विंटल प्रति हेक्टेयर से कही अधिक रहा है। सतना जिले के किसान बाबूलाल दाहिया को जैव विविधता पुरूस्कार और पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। सहायक संचालक उद्यानिकी अनिल सिंह ने बताया कि राज्य पोषित योजना पीएम केएसवाय तथा पीएमएफएमई में वर्ष 2024-25 के सभी लक्ष्य पूरे किये गये हैं। सदस्यों ने कहा कि उद्यानिकी में मसालों की खेती के लिए किसानों को जोडने प्रचार-प्रसार किया जाये। उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. वंदना जैन ने बताया कि दुग्ध उत्पादन की योजनाओं में अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। सभापति ने कहा कि विभागीय कार्यक्रमों एवं प्रशिक्षण में क्षेत्रीय विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता ली जाये। वन मंडलाधिकारी मयंक चांदीवाल ने बताया कि गत तीन वर्षों में निजी भूमि में पौध रोपण करने पर 284 किसानों द्वारा 1 लाख 92 हजार 930 पौधे रोपित किये गये। जिन्हें 93 लाख 86 हजार रूपये का अनुदान योजना के तहत दिया गया। सतना जिले में चालू सत्र में 17 लाख पौधों का रोपण किया गया है। अधीक्षण यंत्री विद्युत पीके मिश्रा ने बताया कि कृषि कार्य हेतु जिले में 53 फीडरों पर 10 घंटे सिंचाई की बिजली प्रदाय की जा रही है।

# राजा बाबा झरने में नहाने गये दो दोस्तों की मौत, शव बरामद



**जागरण, उचेहरा।** परसमनियां चौकी के उचेहरा थाना क्षेत्र के अतर्गत आने वाले राजाबाबा झरना में शुक्रवार को पिपरीकला गांव के 8 लोग पिकनिक मनाने गये थे उसी दौरान दो लोग डूब गये जिनका शव शनिवार को बरामद हुआ है। उसी समय 18 वर्षीय आयुष कुशवाहा पिता शिवचरण पहले झरने से फिसला और गहरे पानी मे चला गया और जब दोस्तो को पता चला उसी समय उसका दोस्त 24 वर्षीय बालकृष्ण पिता रामगोपाल बचाने गया वह भी गहरे पानी मे चला गया जिससे दोनों दोस्तो की मौत हो गई ए हासिल जानकारी अनुसार सभी 6 दोस्त घटना से घबराये थाना उचेहरा आये तब तक रात्रि हो चुकी थी दूसरे दिन सुबह होते ही परसमनियाँ चौकी और उचेहरा थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में एक .एक कर दोनो मृतको का शव पुलिस ने खोज निकाला एशव का पी एम पश्चात परिजनों को सौप दिया एघटना के कारणो की पुलिस अपने ढंग से विवेचना कर रही है। अन्य 6 दोस्त कुसुमलाल कुशवाहा पुष्पराज कुशवाहा ,जीवनलाल विश्वकर्मा ,सतीश कुशवाहा,अजय कुशवाहा शिवम कुशवाहा के नाम इस प्रकार बताये जा रहे हैं।

# तीन बच्चों सहित मां ने खाया जहर, तीन की मौत



**जागरण, सतना।** एमपी सीमा से सटे यूपी के ईटवा डुडैला गांव में रहने वाली एक महिला ने अपने तीन बच्चो के साथ जहर खा लिया। इस घटना के बाद आनन फानन में उन्हे उपचार के लिए मझगवां अस्पताल लाया गया जहां एक बच्ची ने दम तोड दिया जबकि गंभीर अवस्था में दो बच्चो सहित माँ को जिला अस्पताल सतना में भर्ती कराया गया जहां पर माँ और एक बच्ची की मौत हो गई जबकि उसके पुत्र का उपचार जारी है। मृतका के पति के मुताबिक महिला गुटखा खाने की आदी थी जिसको लेकर पति ने गुटखा नही खाने डाट लगाई थी शायद इसी बात से गुस्साई महिला ने अपने तीन बच्चो सहित जहर का सेवन कर लिया।

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433 9981287311

निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जाँच व निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रीवा में
FREE रू. 4000/- की लीवर जांच बिल्कुल मुफ्त
24 अगसत 2025 रविवार समयः सुबह 11:00 से दोपहर 02:00 बजे तक
डॉ. सावेंद्र सिंह सिकरवार
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (जनरल मेडिसिन) कन्सलटेन्ट फिजीशियन, जिला चिकित्सालय, रीवा
हृदय रोग, ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, थायराइड, सांस, दमा बुखार आदि रोगों के मेडिकल विशेषज्ञ
बिना चीर-फाड़ के लीवर की सर्वोत्तम जांच
शिविर स्थान कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
फैटी लीवर परीक्षण व परामर्श
1. क्या आप मधुमेह या डायबिटीज के रोगी है?
2. क्या आपका वजन बहुत ज्यादा है ?
3. क्या आपका कोलेस्ट्रॉल या ट्राइग्लिसराइड अधिक रहता है?
"जानिए अपने लीवर की सेहत"
फैटी लीवर की जांच फाइब्रोस्कैन मशीन द्वारा, समय रहते बचिए लीवर से होने वाली बीमारी और उनके दुष्परिणाम से।
लीवर फाइब्रोस्कैन
फाइब्रोस्कैन एक अल्ट्रासाउंड टेस्ट के समान है, जो लिवर रोग का निदान करने के लिए लीवर की कठोरता को मापता है।
पंजीयन प्रारम्भ - निःशुल्क पंजीयन
मो.: 9399312433,9981287311,9755083555

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्शः- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेषः- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(निः संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रियो ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
निःसंतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

प्रवेश प्रारंभ 2025-26
SARDAR PATEL EDUCATION GROUP REWA • MP • INDIA
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी
रीवा (म.प्र.)
AICTE नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV भोपाल से संबद्ध
POLYTECHNIC Duration : 3 Years Eligibility : 10th
ME | CE | CSE | EEE | MINING
Cement Technology Engg.
Mining & Mine Surveying Engg. (MMS)
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
महाविद्यालय में निःशुल्क पंजीयन की सुविधा
संस्था स्तर की कांउसलिंग (CLC)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं संस्था में प्रवेश 19.08.2025 से 15.09.2025
सी.एस.यू. कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी
रीवा (म.प्र.)
PCI नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV भोपाल से संबद्ध
D. PHARMACY Duration : 2 Years | Eligibility : 12th (PCB/ PCM)
B. PHARMACY Duration : 2 Years | Eligibility : 12th (PCB/ PCM)
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 05.08.2025 से 04.09.2025
संस्था का चयन 20.08.2025 से 08.09.2025
संस्था में प्रवेश 13.09.2025 से 18.09.2025
लेटरल एंट्री के माध्यम से B. PHARMACY द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
Duration : 3 Years | Eligibility : D.Pharmacy
सुविधाएँ : • अत्याधुनिक लैब एवं लाइब्रेरी। • प्ले ग्राउण्ड एवं ए.सी. ऑडिटोरियम। • महाविद्यालय के विद्यार्थियों को औद्योगिक भ्रमण एवं प्रशिक्षण • Wi-Fi कैम्पस। • 15 एकड़ का भव्य ग्रीन कैम्पस।
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा (म.प्र.)
सिटी ऑफिस : ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902
7049399904

श्री रामकृष्ण कॉलेज ऑफ फार्मेसी
पीसीआई/9649 द्वारा अनुमोदित, आरजीपीवी भोपाल द्वारा संबद्ध
डी. फार्मा
DTE Counselling Code: 608
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-
पता- ग्राम देवरा, गुरुकुल स्कूल के पास, चोरहटा, रीवा (म.प्र.)
मो.: 9584324641,6262084843,7470944611

कठिन समस्याएं अब होंगी कम
सच्ची सहेली है बेहतर स्वास्थ्य के लिए सबसे भरोसेमंद औषधि एवं टॉनिक
पूर्ण स्वदेशी, पूर्ण आयुर्वेदिक
Clinically Tested*
67 जड़ी-बूटियों से बना 'सच्ची सहेली' आयुर्वेदिक टॉनिक
निम्न समस्याओं में विशेष सहायक है।
सच्ची सहेली
Helps with:
कठिन दर्द
कमजोरी
थकान
इम्यूनिटी
चिड़चिड़ापन
कमर कटना
SACHI SAHELI
UIN-A03-AY-PB-2025
24x7 Helpline: 77106 44444 | www.sachisaheli.in | Available at all leading medical & general stores.

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com